जबलपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025 ■ अगहन मास शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष : 20, अंक : 212 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 24 न्यून. 11 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




बाबा रामदेव बोले- डेस्टिनेशन नहीं डिवाइन वेडिंग, डेस्टिनेशन वेडिंग के चलन को बाहर करेगा ये आयोजन, डिवाइन वेडिंग बनेगी गर्व और प्रतिष्ठा का नया मानक

एक मंच पर मौजूद 22 नवदंपती को सीएम सहित दिग्गजों ने आशीर्वाद दिया

सांवरा खेड़ी, उज्जैन में सामूहिक विवाह सम्मेलन

## डॉ. अभिमन्यु ने इशिता संग लिए सात फेरे

### एक मंच पर विवाह बंधन में बंधे 22 जोड़े

- सामूहिक सम्मेलन में जोड़ों को आशीर्वाद देने बाबा रामदेव, पं धीरेंद्र शास्त्री भी पहुंचे, बाबा ने शास्त्री से कहा-आपका भी सामूहिक सम्मेलन में ही विवाह कराएंगे
- अखाड़ा परिषद सभी जोड़ों को सवा लाख रुपए और पतंजलि पीठ की ओर से बाबा रामदेव ने एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज की रही मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेटे-बहू के साथ रविवार को कुल 22 जोड़ों ने उज्जैन के सांवराखेड़ी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सात फेरे लिए। सभी विवाह स्थल पर घोड़े-बग्घियों पर सवार होकर निकले। सामूहिक सम्मेलन में 22 जोड़े के दूल्हा-दुल्हन दोनों और 44 परिवार के 25-25 लोगों को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री के मित्र एवं परिवार के सदस्य रवि सोलंकी ने बताया सभी मेहमानों से उपहार नहीं लाने का आग्रह किया गया था।

**रविंद्र पुरी महाराज बोले मुख्यमंत्री ने की है अच्छी पहल**

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने बहुत अच्छी पहल की है। हम भी प्रयास करेंगे कि कन्याओं का इसी तरह विवाह कराएं।









अब 4 नहीं, 11 दिसंबर तक जमा होंगे फॉर्म... 16 तारीख को जारी होगा ड्राफ्ट

## 12 राज्यों में एसआईआर अपडेट की समय-सीमा 7 दिन और बढ़ी

सर्वे में जुटे बीएलओ को मिली बड़ी राहत

मतदाताओं को आगामी चुनावों से पहले वोटर लिस्ट में अपने नाम की सही जानकारी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया की समय सीमा को एक हफ्ते के लिए बढ़ा दिया है। इससे मतदाताओं को आगामी चुनावों से पहले वोटर लिस्ट में अपने नाम की सही जानकारी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम 11 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसी तरह, वोटिंग सेंटर्स की री-अरेंजमेंट भी 11 दिसंबर 2025 तक पूरी करनी होगी।

निर्वाचन आयोग ने रविवार को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। आयोग ने कहा कि काउंटिंग प्रपत्र वितरण अब चार दिसंबर के बजाए 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची अब नौ दिसंबर के स्थान पर 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। फाइनल वोटर लिस्ट सात फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी, 2026 को जारी की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा 27 अक्टूबर को की थी। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विधानसभा के चुनाव हुए थे। अब देश के 12 राज्यों में चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया शुरू की।

वोटिंग सेंटर्स का री-अरेंजमेंट भी 11 दिसंबर 2025 तक पूरा करना होगा


फाइल फोटो

- *फाइनल वोटर लिस्ट 7 फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी, 2026 को जारी की जाएगी*
- *केरल में भी यही समय सीमा लागू की गई है, जिससे नागरिकों को अधिक समय मिल सके*

### संशोधनों का असर इन राज्यों पर

इस संशोधन का असर राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात में दिखेगा। इसके अलावा केरल, गोवा, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में भी इस फैसले का असर नजर आएगा। अब वोटर लिस्ट रिविजन से जुड़े सभी फेज नई तारीखों के अनुसार पूरे किए जाएंगे।

**यूपी में एक और बीएलओ ने जान दी अब तक 7 की मौत तीसरा सुसाइड**

**मुरादाबाद।** यूपी में मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान में लगे एक और बीएलओ ने जान दे दी है। रविवार की सुबह मुरादाबाद में बीएलओ का काम कर रहे 45 वर्षीय टीचर सर्वेश सिंह ने अपने घर के अंदर ही फांसी का फंदा लगाकर जान दी है। उनकी जेब से सुसाइड नोट भी मिला है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित इस सुसाइड लेटर में बीएलओ ने टारगेट के टेंशन और अधिकारियों के दबाव को कारण बताया है।

**मप्र में 93% गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा**

### 6 जिलों में एसआईआर का काम हुआ शत प्रतिशत

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्यप्रदेश के छह जिलों अशोक नगर,नीमच, बैतूल, गुना,मंडला और सीहोर जिले ने एस आई आर का काम शत प्रतिशत पूरा कर लिया है। झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों को कहा कि यह उपलब्धि सभी के समन्वित प्रयास और अथक परिश्रम से ही संभव हुई है। रविवार 30 नवंबर शाम तक 5 करोड़ 33 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका है।

- 39 अन्य जिलों ने पार किया 95% से अधिक का लक्ष्य

विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

## अब जनता सीधे चुनेगी निकाय अध्यक्ष... 'राइट टू रिकॉल' भी



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- दो अहम विधेयकों के साथ आएगा अनुपूरक
- 10 हजार करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार

विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र सोमवार 1 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। इसकी कुल 4 बैठकें होंगी। सत्र में सरकार दो महत्वपूर्ण विधेयक लाने के साथ 10 हजार करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। सरकार द्वारा लाए जा रहे दो विधेयकों से प्रदेश के नगरीय निकायों और व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित करने वाले लोगों पर असर दिखाई देगा। सरकार सत्र के दौरान मध्य प्रदेश नगर पालिका द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 लाने जा रही है।

**घर बैठे बना सकेंगे सर्टिफिकेट, लेकिन बढ़ेगी फीस**

राज्य सरकार दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1956 में भी संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन के बाद प्रदेश में दुकान, होटल, रेस्टोरेंट या कोई दूसरी व्यावसायिक इकाई खोलने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने श्रम विभाग के चक्कर नहीं काटने होंगे। रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और आवेदक खुद ही श्रम विभाग की वेबसाइट पर इसके लिए आवेदन कर सकेंगे।

### खबर संक्षेप

**डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 2 करोड़ रुपए की ठगी**



**नई दिल्ली।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने एक और डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी का खुलासा किया है। ठगों ने शहर के 71 साल के एक वरिष्ठ नागरिक से 1.92 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

**हीराकुंड-एक्स. में आतंकी की सूचना, 4 हिरासत में**



**दतिया।** हीराकुंड एक्सप्रेस के दतिया पहुंचने पर आतंकवादी होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रुम को मिली। जांच में कुछ भी नहीं मिला। लेकिन कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

**तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मारी, 3 की मौत**



**सागर।** ढाना पुलिस चौकी क्षेत्र में रहली रोड पर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार तीन मजदूर उछलकर सड़क पर जा गिरे। तीनों की मौत हो गई। वहीं बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई।

हेराल्ड केस में नई एफआईआर

## सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें, 6 अन्य पर भी केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- ईडी ने दिल्ली पुलिस को सौंपी थी जांच रिपोर्ट

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सोनिया और राहुल के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इसमें सोनिया और राहुल समेत 6 अन्य लोगों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। इसके अलावा एफआईआर में 3 अन्य कंपनियों के नाम भी किए गए हैं।

1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सुविधा

## 20 रुपए में चादर, बेडरोल की भी सुविधा देगा रेलवे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- सैनिटाइज्ड चादर और तकिये मिलेंगे

यात्रियों के लिए एक बड़ा फैसला किया है। रेल यात्रियों को अब स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को साफ-सुथरे सैनिटाइज्ड चादर और तकिये की सुविधा दी जाएगी।

तमिलनाडु में तिरुप्पत्तूर के पास हादसा

## दो बसों में टक्कर,11 की मौत, 40 घायल

एजेंसी ▶▶ शिवगंगा



- टूरिस्ट बसों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त

तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को दो टूरिस्ट बसों में आमने-सामने जोरदार टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक हादसा तिरुप्पत्तूर के पास कुम्मानगुडी रोड पर हुआ। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।

चक्रवाती तूफान में फंसा कारोबारी

## दंपती ने कार में ही 2 रातें गुजारीं, बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निवाड़ी



- ओरछा के गिरीश प्रेमानी ने बताई आपबीती

श्रीलंका में आए चक्रवाती तूफान दितवाह ने ऐसी तबाही मचाई कि हाहाकार मच गया। लगातार मूसलाधार बारिश, भीषण लैंडस्लाइड और बाढ़ ने बड़े पैमाने पर जनहानि हुई है। शनिवार तक 123 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 130 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

शीतकालीन सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, आएंगे 14 'बड़े' बिल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बैठक में विपक्ष ने दिल्ली धमाका, मतदाता सूची, और विदेश नीति जैसे मुद्दे उठाए
- सरकार ने सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग मांगा
- 19 दिसंबर तक होंगी 15 बैठकें

संसद के शीतकालीन सत्र से ठीक एक दिन पहले रविवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। संसद भवन में हुई इस बैठक में विपक्ष ने अपने एजेंडे के मुद्दे सरकार के सामने रखे, जिनमें दिल्ली धमाका, मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर), विदेशी नीति संबंधी चिंताएं और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय प्रमुख रहे। वहीं, सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया और सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा। इस बार सत्र केवल 15 बैठकों का होगा, जो सामान्य तौर पर होने वाले 20 बैठकों के मुकाबले काफी कम है।

**अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र**

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जानबूझकर सत्र को छोटा कर रही है। उन्होंने कहा कि कुल 19 दिन के सत्र में केवल 15 दिन चर्चा संभव है। शायद यह अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा। ऐसा लगता है कि सरकार खुद संसद को पटरी से उतारना चाहती है।

वन-डे क्रिकेट में यह उनका 52वां शतक

## विराट कोहली का रांची वन-डे में शतक, टूटा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाए थे

एजेंसी ▶▶ रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में खेले जा रहे सीरीज के पहले वनडे मुकाबले में विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा है। वनडे क्रिकेट में यह उनके करियर का 52वां शतक रहा।

वहीं ओवरऑल यह उनका 83वां इंटरनेशनल शतक है। इसी के साथ उन्होंने क्रिकेट के किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाए थे।

विराट कोहली ने 102 गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। इस पारी में वह शुरू से ही अटैकिंग अप्रोच के साथ खेले। दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा के साथ उन्होंने 136 रन की साझेदारी भी की थी। शतक तक पहुंचने के लिए विराट ने अपनी पारी में 7 चौके और पांच छक्के लगाए थे।



आज राजधानी के साथ इंदौर में भी शीतलहर का अलर्ट

## शाम होते ही सर्द हवाएं बढ़ा रही हैं ठंडक नौगाव सबसे सर्द, भोपाल में पारा 8.2 डिग्री

भोपाल में लगातार दूसरे दिन कोल्ड वेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में अब शाम होते ही ठंडी हवाएं असर दिखाने लगी हैं। इनके असर से रविवार को भोपाल प्रदेश में चौथा सबसे ठंडा शहर रहा, जबकि नौगांव सबसे सर्द दर्ज किया गया है। भोपाल में लगातार दूसरे दिन कोल्ड वेव का असर रहने से रात में सर्दी परेशान कर रही है।

मौसम केंद्र ने सोमवार को भोपाल के साथ इंदौर में भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अधिकांश जिलों में रात में सर्दी का असर तेज रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब हवाएं उत्तरी और उत्तर पश्चिमी होने से ठंडक जारी है।

छह शहरों में रात का पारा अभी 9 डिग्री से कम



राजधानी का केरवा डेम, शाम 5 बजे का दृश्य

**यहां आज भी तेज सर्दी**

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भोपाल के साथ इंदौर में शीतलहर का अलर्ट है। जबकि एक दर्जन से अधिक जिलों में तेज सर्दी का अहसास रहेगा। इनमें भोपाल के साथ बैतूल, राजगढ़, छिंदवाड़ा, रीवा के साथ मलाजखंड में तेज सर्दी का अहसास रह सकता है। पांच जिलों में रविवार को रात का पारा 9 डिग्री से कम रहा है।

**यहां तेजी से गिरा दिन-रात का पारा**

रविवार को कुछ जिलों में हल्के बादल और शाम से हवाएं उत्तरी होने से दिन के साथ रात के तापमान में भी कमी आई है। धार, खंडवा, बैतूल, छिंदवाड़ा और नरसिंहपुर आदि जिलों में दिन के साथ रात का पारा गिरा। दिन में औसतन एक से दो डिग्री तक कमी आई। भोपाल में दिन का तापमान आधा डिग्री बढ़कर 26 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.6 डिग्री कम है, जबकि रात का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर 8.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 5.1 डिग्री कम रहा।

संसद के शीतकालीन सत्र में हंगामे के आसार

# एसआईआर पर विपक्ष प्रदर्शन की तैयारी में, 'जिहाद' पर सरकार आक्रामक

## विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान संसद में जबरदस्त हंगामा देखने को मिल सकता है। विपक्ष विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बना रहा है। सत्र के दौरान संसद के अंदर से लेकर बाहर तक एसआईआर पर विपक्ष का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल सकता है। सरकार मदनी के जिहाद विवाद पर आक्रामक रुख अपना सकती है। एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद सबसे पहले हुए बिहार चुनाव में एनडीए को शानदार जीत मिली है राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने एसआईआर पर आक्रामक रुख बनाकर रखा है। बंगाल में टीएमसी भी एसआईआर को लेकर लगातार आक्रामक है और वह चुनाव आयोग को भी घेरने का काम कर रही है।

मदनी के जिहाद पर विपक्ष की भूमिका घेरे में


नया संसद भवन

### जिहाद विवाद पर हंगामा होना तय

संसद सत्र के ठीक पहले, जमीयत उलमा-ए-हिंद के नेता मौलाना महमूद मदनी ने एक बयान देकर पूरे देश का राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। उन्होंने 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' और 'वंदे मातरम के सामने नहीं झुकने' जैसी बातें कही हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाया है। ऐसे में सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर बहस कर विपक्ष को उसी के पाले में घेरने की कोशिश कर सकता है।

विपक्षी पार्टियों ने कहा

### एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई तो संसद नहीं चलने देंगेः यादव



सपा ने कहा कि अगर सत्र के दौरान एसआईआर)पर चर्चा नहीं हुई तो वे संसद नहीं चलने देगी। सत्र से एक दिन पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि सरकार एसआईआर पर चर्चा करने से पीछे नहीं हट सकती है, क्योंकि इसे चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा है।

**लोगों के वोट काटे जा रहे**

यादव ने कहा कि सपा ने यह मुद्दा इसलिए उठाया है क्योंकि बड़े पैमाने पर मैंने गड़बड़ियां देखी हैं। पहले हम सुनते थे लेकिन अब हम देख रहे हैं कि लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। बिहार में गड़बड़ियां हुई हैं। हमने इस पर चर्चा की मांग की है। वे चुनाव आयोग का हवाला देकर इससे पीछे नहीं हट सकते।

### कांग्रेस, और शिवसेना ने भी चर्चा को जरूरी बताया



कांग्रेस, सपा और शिवसेना (यूबीटी) समेत कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि एसआईआर ने वोटरों में असुरक्षा पैदा की है। सदन में विस्तृत चर्चा जरूरी है। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा अगर चर्चा नहीं हुई तो मतलब सरकार खुद सदन को डिरेल करना चाहती है।

### किसी ने नाम कटने की शिकायत नहीं कीः झा



जेडीयू के संजय झा ने बिहार का बचाव करते हुए कहा कि एसआईआर के बाद हुए चुनाव में एक भी व्यक्ति ने वोटर लिस्ट में नाम कटने की शिकायत नहीं की। एलजेपी (आरवी) के अरुण भारती ने एसआईआर के फायदे गिनाए और कोसी नदी की बाढ़ समस्या पर राष्ट्रीय टास्क फोर्स बनाने की मांग उठाई।

## खबर संक्षेप

### जया ने पपाराजी को कहा 'चूहा', कहां से आते हैं?

**लखनऊ।** जया बच्चन और पपाराजी का एकदम 'छत्तीस का आंकड़ा' है। वे पपाराजी पर



भड़कती और चिल्लाते हुए देखी गई हैं। उन्होंने फिर इस बारे में बात की है। उन्होंने पपाराजी की हरकतों पर उन सेलिब्रिटीज पर भी गुस्सा निकाला, जो पैसे देकर पपाराजी को एयरपोर्ट पर बुलाते हैं। जया ने तो पपाराजी को 'चूहे' और 'गंदे पैंट पहने' वाला भी कह दिया।

### शादी में फायरिंग, दूल्हे की मौसी, दोस्त की मौत

**लुधियाना।** यहां शादी समारोह के दौरान गोलियां चलने के दौरान 2 लोगों की मौत हो गई। पक्खोवाल




रोड स्थित बाथ कैस्टल पैलेस में शनिवार रात को शादी में उस समय भगदड़ मच गई। वहां 2 गैंगस्टर गुटों में रंजिशन ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गई। दोनों तरफ से 50 के करीब राउंड फायर किए गए। दूल्हे की मौसी और दोस्त की मौत हो गई। एक घायल हो गया।

### चमोली में भूकंप के झटकों से दहशत

**चमोली।** उत्तराखंड में रविवार को एक बार फिर धरली डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके



महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों भूकंप के झटके 10 बजकर 27मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। इस भूकंप में किसी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।

### सीनियर कन्नड़ एक्टर उमेश का निधन

**चेन्नई।** कन्नड़ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और कॉमेडियन एमएस उमेश का 80 साल की उम्र में निधन



हो गया है। वे लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और लीवर कैंसर से पीड़ित थे। उनका निधन रविवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में हुआ था। बताया जा रहा है कि उमेश ने 350 से अधिक फिल्मों में काम किया था और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई थी।

### 5 चोर पकड़े, 5 बाइक और स्कूटी बरामद

**पंचकूला।** अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पंचकूला पुलिस ने रविवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के



बीच शहर में सर्च अभियान चलाया। बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने का काम किया। चोरी की पांच बाइक और एक स्कूटी बरामद की। पांच चोरों को भी काबू किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में कई विषयों पर की चर्चा

# उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म तेजी से बन रहा पसंदीदा विकल्प, पर्यटक हो रहे आकर्षित

### कार्यक्रम के 128वें एपिसोड में लोगों से लेकर सेना- नौसेना का भी किया जिक्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड में उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा जैसी जगहें तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और देशभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। दुनिया के कई देशों ने विंटर टूरिज्म को अपनी अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बना लिया है, जहां स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग, आइस क्लाइंबिंग, स्नो ट्रेकिंग और फैमिली स्नो पार्क विशेष आकर्षण होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में भी विंटर टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने बताया कि ऊंचे पर्वत, प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और एडवेंचर गतिविधियां भारत को इस क्षेत्र में बड़ी पहचान दिला सकती हैं। उन्होंने विशेष उदाहरण देते हुए कहा कि पिथौरागढ़ जिले में 14 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई पर पहली बार हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन आयोजित की गई, जिसमें 18 राज्यों के 750 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।


मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी फाइल फोटो

लोकप्रिय जगहों का भी किया बखान

### देशभर के खिलाड़ी और एडवेंचर प्रेमी उत्साहित

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में उत्तराखंड में विंटर गेम्स का आयोजन होने वाला है, जिसके लिए देशभर के खिलाड़ी और एडवेंचर प्रेमी उत्साहित हैं। स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग और बर्फ से जुड़े अन्य खेलों की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और होमस्टे नीति को मजबूत कर रही है।

### 'वोकल फॉर लोकल' को देशवासियों ने अपनाया

पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने की देशवासियों से अपील की और बताया कि हाल ही में जी20 सम्मेलन में उन्होंने दुनियाभर के नेताओं को जो उपहार दिए, वे भारतीय कारीगरों ने तैयार किए थे। पीएम मोदी ने कहा कि 'मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देशवासियों ने अपना लिया है।

### आदि कैलाश परिक्रमा में लोगों का बढ़ा उत्साह

प्रधानमंत्री ने 60 किलोमीटर लंबी आदि कैलाश परिक्रमा रन का भी जिक्र किया, जो कड़कड़ाती ठंड में सुबह 5 बजे शुरू हुई। उन्होंने कहा कि इतनी ठंड के बावजूद लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों की संख्या पहले 2हजार थी, जो अब बढ़कर 30 हजार से अधिक हो गई है।

### 'वेड इन इंडिया' अभियान को मिला बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने सर्दियों में बढ़ती डेस्टिनेशन वेडिंग्स की लोकप्रियता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि 'वेड इन इंडिया' अभियान के साथ पहाड़ों पर होने वाली शादियों में तेजी आई है। गंगा किनारे होने वाली शादियां भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

### नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि 2 दिसंबर से काशी के नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम के चौथे संस्करण की शुरुआत हो रही है। यह उन सभी लोगों के एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से प्यार है। काशीवासीउत्साह से भाई-बहनों का स्वागत करने कॉ उत्सुक हैं।

### 'माहे' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया

मुंबई में आईएनएस 'माहे' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। कुछ लोगों के बीच इसके स्वदेशी डिजाइन को लेकर खूब चर्चा रही। वहीं, पुडुचेरी और मालाबार तटीय इलाकों के लोग इसके नाम से ही खुश हो गए। 4 को हम नौसेना दिवस मनाने जा रहे हैं।

### सहनशक्ति की परीक्षा वाले खेलों में तेजी

प्रधानमंत्री ने देश में एंड्युरेंस स्पोर्ट्स यानी सहनशक्ति की परीक्षा लेने वाले खेलों की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता पर बात की। उन्होंने कहा देश में एंड्युरेंस स्पोर्ट्स की संस्कृति तेजी से उभर रही है। इससे मतलब ऐसी गतिविधियों से है, जिनमें इंसानी क्षमता की परख होती है। देशभर में हर महीने 1500 से ज्यादा एंड्युरेंस स्पोर्ट्स का आयोजन होता है।

## बीएलओ को बढ़ा मानदेय नहीं दिया

# चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार को दिया भुगतान करने का आदेश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने बीते दिनों बीएलओ के मानदेय को बढ़ाने का आदेश जारी किया था। ईसी के आदेश के बावजूद बंगाल की टीएमसी सरकार ने बीएलओ और निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारियों को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया। इसे लेकर अब चुनाव आयोग ने आपत्ति जताई है। ईसी नेअगस्त में एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें लिखा 'शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र के आधार हैं। मतदाता सूची तैयार करने वाली मशीनरी में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल होते हैं। ईसी ने बीएलओ और अन्य अधिकारियों का सालाना मानदेय बढ़ाने का फैसला किया है।

### कर्मियों को जल्द भुगतान किया जाए

2015 से बीएलओ को सालाना मानदेय 6 हजार था, जिसे बढ़ाकर 12 हजार कर दिया गया है। वहीं मतदाता सूची के लिए पहले बीएलओ को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर 2 हजार कर दिया गया है। बीएलओ सुपरवाइजर को पहले 12 हजार का मानदेय मिलता था, जो अब बढ़ाकर 18 हजार कर दिया गया है। वहीं इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 30 हजार और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 25 हजार का सालाना मानदेय मिलेगा। पहले इन अधिकारियों को कोई मानदेय नहीं मिलता था। ईसी ने कहा है कि हमने टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बीएलओ के बढ़ाए गए मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

## लखनऊ में पकड़ी गई बांग्लादेशी महिला

# निर्मला नाम से फर्जी आधार बनवाया और यहां शादी भी कर ली

**लखनऊ।** लखनऊ की एटीएस ने नरगिस अख्तर उर्फ निर्मला देवी उर्फ जैस्मिन को ठाकुरगंज से गिरफ्तार किया है। अख्तर का निर्मला देवी के नाम से भारतीय दस्तावेज बनवाने वाला उसका पति हरिओम आनंद भी गिरफ्त में है। अख्तर जलीकोठी की रहने वाली है। वह 2010 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। उसने पहला फर्जी आधार कार्ड पश्चिम बंगाल में जेसिका विश्वास के नाम बनवाया था। 2022 में हरिओम ने लखनऊ से निर्मला के नाम से फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाए। इसी साल दोनों ने शादी की थी।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा

# लोकतांत्रिक ढांचे को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया, इसे 'चारपाई' के समान बताया

### इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन पर कहा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की तुलना एक चारपाई से करते हुए कहा कि हमारा लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत लकड़ी के फ्रेम और टिकाऊ रस्सियों की तरह है जो एक तरफ स्थिर है, तो दूसरी तरफ परिस्थितियों के अनुसार लचीला भी।

हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन


संबोधन के दौरान सीजेआई सूर्यकांत

### केशवानंद के फैसले पर भी की बात

केशवानंद के फैसले पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि जब यह ऐतिहासिक सुनवाई चल रही थी, उस समय भारत संवैधानिक जीवन के 23वें वर्ष में था। देश आदर्शवाद तथा शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया सीख रहा था।

### सुप्रीम कोर्ट के 13 जज भी रहे शामिल

इस सम्मेलन में एक विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 13 जजों ने मंच पर मौजूद रहते हुए केशवानंद भारती केस की ऐतिहासिक बहस को दोबारा रीक्रिएट किया। इस रिक्रिएशन में कई वरिष्ठ वकीलों ने भी हिस्सा लिया। अटॉर्नी जनरल की भूमिका वेंकटेश मणि ने निभाई, जबकि वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने भारत सरकार और केरल सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर यह फैसला दिया

# इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं, 34 साल पुरानी शादी तोड़ने से किया साफ इनकार

### पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ दायर की थी अपील

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक अनोखे और लंबे समय से चले आ रहे वैवाहिक विवाद पर ऐसा फैसला दिया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। अदालत ने साफ कहा कि इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं। और यही बात अदालत के फैसले का आधार भी बनी। 34 साल पुरानी शादी को टूटने से रोकते हुए कोर्ट ने माना कि अब रिश्ते को कानूनी रूप से खत्म करना व्यावहारिक समाधान नहीं है।

### 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई

इस केस में खास बात यह थी कि पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपील दायर की थी। 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई, कई



सुनवाई, पति की गुमशुदा स्थिति और बच्चों के वयस्क हो जाने के बाद अदालत ने महसूस किया कि तलाक का कोई ठोस उद्देश्य अब बचा ही नहीं है। इसलिए कोर्ट ने तलाक ही नहीं बल्कि पहले दिए गए ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश को भी रद्द कर दिया। यह मामला 2008 में शुरू हुआ था, जब पति ने 1991 में हुई अपनी शादी को खत्म करने के लिए याचिका दायर की। पति पेशे से सिविल इंजीनियर ह। उनका आरोप था कि पत्नी लगातार उन पर बेवजह शक करती थी।

## नई दिल्ली में आज से सरस आजीविका फूड फेस्टिवल का आगाज

# 25 राज्यों के 500 से अधिक व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

### केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी सोमवार से नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान भी मौजूद रहेंगे। यह फेस्टिवल भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता को एक ही स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

**62** स्टॉल लगाए गए

**300** से ज्यादा लखपति दीदीयां

11.30 से रात 9.30 बजे तक चलेगा



फूड फेस्टिव का नजारा

भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता

### विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक

सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें 25 राज्यों की 300 से ज्यादा लखपति दीदियां और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। यह फेस्टिवल 9 दिसंबर तक चलेगा और सुबह 11.30 बजे से रात 9.30 बजे तक सभी दर्शकों के लिए खुला रहेगा।

### महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर

यह फेस्टिवल महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल है। स्वसहायता समूहों की महिलाएं न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में माहिर हैं।इसका उद्देश्य महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना है।

### इसमें कई राज्यों की दिखेगी विशेषता

इसमें हिमाचली सीडडू, उत्तराखंड की तंदूर चाय, जम्मू-कश्मीर का मशहूर कलारी कुल्चा, हैदराबादी दम बिरयानी, नॉर्थ-ईस्टर्न मोमो, बंगाली फ्राइड फिश, राजस्थान की कैर सागरी, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी, बंगाल की हिलसा फिश करी, तेलंगाना का चिकन, केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी-चोखा और पंजाब का सरसों का साग-मक्के की रोटी दिखेगी।

## मुरादाबाद में बस ने ऑटो को रौंदा

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रोडवेज बस ने एक ऑटो को रौंद दिया। खौफनाक हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक माटी ऊर्फ संजू परिवार के साथ एक शादी समारोह में जा रहा था। हादसा दिल्ली-लखनऊ हाईवे से कुछ दूर जीरो प्वाइंट के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भेजवाया



गया है। बताया जा रहा है, टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य बुरी तरह घायल हो गए। सड़क के आस-पास मौजूद लोग बचाव के लिए दौड़े। वहीं पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों अस्पताल भेजा गया। कुछ घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
॥ गीता जयन्ती ॥
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
के आह्वान पर
प्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय एवं 10 संभाग
श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताप्रेमी श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ करेंगे
उज्जैन- प्रातः 9 बजे | इंदौर सहित सभी जिला मुख्यालय, विकासखण्ड- प्रातः 11 बजे | भोपाल- दोपहर 1 बजे
1 से 3 दिसंबर 2025
दशहरा मैदान, उज्जैन
1 दिसंबर 2025 | सायं : 7 बजे
जय श्रीकृष्णा - नृत्य नाट्य
निर्देशन - पुनीत इस्सर, मुम्बई
2 दिसंबर 2025 | सायं : 7 बजे
विराटजयी - काव्य प्रस्तुति
वैष्णवी शर्मा, नई दिल्ली
कृष्णायन
कथाकार : मोहित शेवानी, मुंबई
3 दिसंबर 2025 | सायं : 7 बजे
विश्ववंदनीय
संगीत एवं निर्देशन : उमेश तरकसवार
परिकल्पना एवं आलेखन - डॉ. वीनस तरकसवार
नृत्य संरचना - श्वेता देवेन्द्र, भरतनाट्यम
क्षमा मालवीय, कथक
कविता शाजी, मोहिनीअट्टम
गीता ऑन व्हील्स
निर्देशन : डॉ. सलाउद्दीन पाशा, बैंगलोर
प्रदर्शनी
माधव दर्शनम्
लघुचित्र शैली में प्रदर्शनी
1 दिसंबर 2025, इंदौर
सायं : 6 बजे
लोकार्पण
गीता भवन - गोपाल मंदिर
राजवाड़ा, इंदौर
मुख्य अतिथि
नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
कृष्णायन - नृत्य नाटिका
निर्देशन -संजीव मालवीय, उज्जैन
1 दिसंबर 2025
हंसध्वनि सभागार, भोपाल | सायं : 6 बजे
गीता ऑन व्हील्स
निर्देशन : डॉ. सलाउद्दीन पाशा, बैंगलोर
श्रीमद्भगवद्गीता- नृत्य नाटिका
विश्व गीता प्रतिष्ठानम्
कृष्णायन
कथाकार : मोहित शेवानी, मुंबई
24 नवंबर से 5 दिसंबर 2025
कुरुक्षेत्र, हरियाणा
जय श्रीकृष्णा - नृत्य नाट्य
निर्देशन - पुनीत इस्सर, मुम्बई
श्रीकृष्ण - नृत्य नाट्य
निर्देशन -रचना मिश्रा, भोपाल
श्रीकृष्ण लीला
निर्देशन -शिरीष राजपुरोहित, उज्जैन
कृष्णायन
कथाकार : मोहित शेवानी, मुंबई
चित्र प्रदर्शनी
श्रीमद्भागवतपुराण एवं मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण
शिल्प मेला
मध्यप्रदेश के पारंपरिक विविध माध्यमों के शिल्प
स्वाद
मध्यप्रदेश के जनजातीय और
लोकांचलों के देशज व्यंजन
D-11151/25
वीर भारत न्यास
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग का आयोजन
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश के खाली पड़े निगम मंडलों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की नियुक्तियों का मामला

# अब सत्र के बाद ही तय होगी नेताओं की किस्मत, 100 से अधिक नेताओं की जारी होगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निगम, मंडल, बोर्ड, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्ति की आस लगाए बैठे नेताओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार, सत्ता और संगठन ने फिलहाल राजनीतिक नियुक्तियों को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के कारण रोक दिया है। यानी प्रदेश में अब राजनीतिक नियुक्तियां 5 दिसंबर के बाद ही संभव है। इस बीच खबर है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी में एक और विस्तार करने की तैयारी कर रहे हैं।

भाजपा सूत्रों की माने तो भाजपा की प्रदेश इकाई में जल्द ही बड़ा विस्तार देखने को मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा टीम विस्तार की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं।

**बैठक का आयोजन कर सकती है भाजपा इसमें जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों तक से एसआईआर के काम को लेकर फीडबैक लिया जाएगा**


हेमंत खंडेलवाल (फाइल फोटो)

इस विस्तार के बाद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की नई सूची जारी होगी। काफी हद तक नामों का चयन भी कर लिया गया है। भाजपा की छोटी टोली की पिछले दिनों सीएम हाऊस में हुई बैठक में भी इस बात पर चर्चा हो चुकी है। विधानसभा सत्र के दौरान ही भाजपा एक बड़ी बैठक का आयोजन कर सकती है इसमें जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों तक से एसआईआर के काम को लेकर फीडबैक लिया जाएगा साथ ही अगले साल की कार्ययोजना को लेकर उन्हें विस्तार से बताया जाएगा।

### सौ के आसपास हो सकती है संख्या

दरअसल भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का गठन जरूरी होता है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक अमूमन हर तीन माह में होती है पर इस बार यह लंबे समय से नहीं हुई है। इसलिए खंडेलवाल अपनी शेष बची टीम का ऐलान कर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुला सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अपनी टीम में एक नया विस्तार जल्द कर सकते है। इस विस्तार में विशेष आमंत्रित और स्थाई आमंत्रित सदस्यों समेत प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्त किया जाएगा। इनकी संख्या करीब सौ के आसपास हो सकती है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र के केन्द्रीय मंत्रियों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को मौका मिलेगा तो प्रदेश कार्यकारिणी में कई पूर्व जिलाध्यक्ष समेत पूर्व पदाधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

### भाजपा का अभी एसआईआर पर है फोकस

भाजपा अभी केन्द्रीय नेतृत्व से मिली गाइडलाइन के अनुसार एसआईआर को लेकर प्रदेश में बैठकें कर रही है। एसआईआर अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी और महामंत्री तरुण चुग भी प्रदेश के दौरे पर हैं। वहीं खुद खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद समेत अन्य नेता भी एसआईआर की विशेषताएं लोगों को बताने के लिए दौरे कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अपने दौरे में स्थानीय सांसद, विधायक और अन्य नेताओं से भी मिलकर उनके विचार जान रहे हैं साथ ही नेताओं की सक्रियता का भी आंकलन कर रहे हैं। माना जा रहा है कि उनके दौरे निपटते ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों समेत सभी सदस्यों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा।

### नेताओं से मांगे नाम, एडजस्ट करने की ज्यादा चुनौती

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चलते निगम-मंडलों में होने वाली नियुक्तियों को टाल दिया गया है। राजनीतिक नियुक्तियों के लिए दावेदारों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। निगम-मंडलों में नियुक्तियों को लेकर बैठक तो सीएम हाऊस में हो चुकी है पर कांग्रेस से आए नेताओं में से किसे लिया जाए, इसे लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। इसके अलावा भाजपा को अपने मूल पिंड के नेताओं को भी एडजस्ट करना है।

---

उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 165 पर पहुंचे, राजनंदिनी परिसर पहुंच कर एसआईआर पर की चर्चा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा कर एसआईआर में सहभागिता के लिए जनता से किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 165 के मतदाताओं से राजनंदिनी परिसर पहुंच कर एसआईआर पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वहां एकत्रित मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरिक्षण (एसआईआर) कार्य की जानकारी देकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मतदाताओं को जानकारी दी कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची की जानकारी बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर गणना पत्रक भरकर बीएलओ को शीघ्र वापस दें जिससें एसआईआर का कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो सकें। उन्होंने नागरिकों को एसआईआर के कार्य में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। 2028 में बेहतर प्रबंधन के लिये 29 किलो मीटर में बन रहे नवीन घाटों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि नवीन घाटो के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्य समय सीमा में पूर्ण किये जाएं।


जनता से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बस स्टैंड पर चाय बनाई और चर्चा भी की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में नानाखेड़ा के पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बस स्टैंड से अंतरराज्यीय बसें संचालित की जाती हैं। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों में आवागमन के लिए भी यहां से बसें संचालित होती हैं। मुख्यमंत्री ने यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यात्रियों, ऑटो रिक्शा संचालकों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बस स्टेंड पर बस यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों से चर्चा की। उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही एक चाय की दुकान पर चाय भी बनाई और नागरिकों से चाय पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के सादगीपूर्ण व्यवहार की नानाखेड़ा बस स्टैंड के स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की । इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत**

## घर जाने के तीन बार के निर्देश, फिर भी अधिकांश बीएलओ एक बार ही मतदाता से कर रहे संपर्क

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भेंट कर निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग का ध्यान बीएलओ के कार्य-प्रणाली से जुड़े गंभीर मुद्दों की ओर आकर्षित किया और तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में एसआईआर के प्रदेश संयोजक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं सह संयोजकरजनीश अग्रवाल तथा सह संयोजक एसएस उप्पल शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ को मतदाताओं के घर तीन बार जाकर गणना-पत्रक वितरित एवं एकत्रित करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु व्यवहार में अधिकांश बीएलओ सिर्फ एक बार ही संपर्क कर रहे हैं। कई स्थानों पर अनुपस्थित मतदाताओं के लिए फार्म उपलब्ध कराने की विधिवत प्रक्रिया का भी पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे अनेक मतदाताओं को गणना-पत्रक प्राप्त ही नहीं हो पाए हैं।

**नरेला के पोलिंग स्टेशन पहुंचे पूर्व सीएम, एक संघ का बोर्ड लगा मिला**

## दिग्विजय सिंह ने वोटर लिस्ट में पकड़े 30 फर्जी नाम, बूथ लेवल अधिकारी नहीं दे पाए जवाब

**भोपाल।** केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण सर्वे कार्य में गड़बड़ियां मिलने की शिकायत की जांच करने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नरेला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पहुंचे। सिंह जिस केंद्र पर पहुंचे वहां संघ का बोर्ड भी टंगा था। स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने उन्हें मतदान केंद्र क्रमांक


सूची देखते सिंह और शुक्ला

189 पर मकान नंबर 70 पर ले जाकर मतदाता सूची दिखाई। मकान में जांच के लिए गए वहां पर ज्योतिबा फुले शाखा नवीन नगर संघ के मुख्य शिक्षक गौतम आर्य मिले।

मतदाता सूची में लिखित नामों की जब उनसे जानकारी मांगी गई तो उन्होंने सब नामों को जानने से इनकार कर दिया। सिंह ने इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

---

घायल को उत्तम इलाज दिलाने के निर्देश

## आईईडी ब्लास्ट में घायल महिला कांस्टेबल से अस्पताल मिलने पहुंचे उप मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती सुकमा आईईडी ब्लास्ट में घायल महिला कांस्टेबल मुचाकी दुर्गा से मिलने उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा शनिवार को पहुंचे। उन्होंने दुर्गा की स्थिति की जानकारी ली और डॉक्टरों को हरसंभव बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

चिकित्सकों के अनुसार दुर्गा की हालत खतरे से बाहर है, हालांकि गंभीर चोटों के कारण पूरी तरह स्वस्थ होने में समय लगेगा। गुरुवार को सुकमा जिले में डीआरजी और जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के लिए गोगुंडा की पहाड़ी की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाया गया प्रेशर आईईडी सक्रिय अवस्था में मिला। कांस्टेबल दुर्गा अनजाने में विस्फोटक पर चढ़ गईं, जिससे हुए धमाके में उनके पैर, हाथ, आंख और चेहरे पर गंभीर चोट आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया था। अस्पताल में मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने दुर्गा को हिम्मत बंधाई और परिवार के सदस्यों से भी बातचीत की। दुर्गा की बड़ी बहन मुचाकी करुणा से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

डिप्टी सीएम साव और शर्मा ने ली जानकारी




## बस्तर ओलंपिक-2025 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर ओलंपिक-2025 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर रायपुर में शनिवार को विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने आयोजन की सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रतियोगिताएं उच्च स्तर की हों।

आयोजन 11 से 13 दिसंबर के बीच जगदलपुर में होगा, जहां जिला स्तरीय विजेता लगभग 3500 खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। इन प्रतियोगिताओं की विशेषता यह है कि लगभग 500 नक्सल-पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी विभिन्न खेलों में शामिल होंगे, जिससे इस आयोजन का सामाजिक संदेश और मजबूत होगा। बैठक रायपुर के सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में हुई, जिसमें खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार के साथ बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, पुलिस अधिकारी और खेल अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान यह बताया गया कि बस्तर ओलंपिक के लिए इस वर्ष 3 लाख 91 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था। विकासखंड और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद लगभग 3 हजार खिलाड़ी संभाग स्तरीय मैचों के लिए चुने गए हैं।

---

कोर्ट निरीक्षण के लिए पहुंचे जस्टिस राजपूत



## न्यायालय से संबंधित कार्यों के लिए 5 एकड़ स्थान कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन सिंह राजपूत शुक्रवार को न्यायालय निरीक्षण के लिए कोंडागांव पहुंचे। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा के दौरान उन्होंने कोंडागांव कलेक्ट्रेट परिसर में बनाए जा रहे नवीन न्यायालय भवन के विवादित मामले पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की।

स्कूल ग्राउंड को बचाने की मांग को लेकर लगातार छात्रों के द्वारा हो रहे प्रदर्शनों को जस्टिस राजपूत ने संज्ञान में लिया और इस पर जिला अधिवक्ता संघ से विस्तृत जानकारी मांगी। इसके बाद, बार एसोसिएशन के आग्रह पर वे मंडी प्रांगण पहुंचे और वहां स्थित खाली सरकारी भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने स्पष्ट कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में न्यायालय भवन के लिए आवंटित भूमि 5 एकड़ से भी कम है, जहां भविष्य में न्यायालय से संबंधित सभी सुविधाओं—जैसे पार्किंग, रिकॉर्ड रूम, विधिक सेवा केंद्र, बार रूम, प्रतीक्षा कक्ष एवं अन्य न्यायिक व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से निर्माण संभव नहीं है। ऐसे में यह स्थल न्यायालय भवन के लिए उपयुक्त नहीं माना जा सकता। जस्टिस राजपूत ने निरीक्षण के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी को निर्देशित किया कि मंडी प्रांगण के पीछे स्थित खाली सरकारी भूमि को नवीन न्यायालय भवन के लिए आवंटित कराने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए।

### मंडी प्रांगण की भूमि अधिक उपयुक्त

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने बताया कि पीएम श्री महात्मा गांधी वार्ड स्कूल के प्रांगण में प्रस्तावित न्यायालय भवन सर्व-सुविधायुक्त परिसर बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। बच्चों के हित, स्थानीय जनभावनाओं और भविष्य की न्यायिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट जस्टिस ने मंडी प्रांगण की भूमि को अधिक उपयुक्त माना है। अधिवक्ता संघ ने इसे एक स्वागत योग्य निर्णय बताते हुए कहा कि इससे न केवल स्कूल के बच्चों का मैदान सुरक्षित रहेगा।

**बसामन मामा गो-अभयारण्य में 25 दिसंबर को होगा प्राकृतिक खेती सम्मेलन**

## प्राकृतिक खेती के लिए गोपालन आवश्यकः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गो-अभयारण्य का भ्रमण करते हुए कहा कि बसामन मामा गो-अभयारण्य के आसपास का क्षेत्र विन्ध्य में प्राकृतिक खेती का केन्द्र बनेगा। प्राकृतिक खेती के लिए गौपालन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी पशुपालन आवश्यक है। बसामन मामा गो-अभयारण्य में 25 दिसंबर को स्व. प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म-दिन मनाया जाएगा। इस दिन अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कृषि विशेषज्ञ तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान भाग लेंगे। सम्मेलन क्षेत्र में प्राकृतिक खेती के विकास के प्रयासों को गति देगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने

***बसामन मामा गो-अभयारण्य के आसपास का क्षेत्र बनेगा प्राकृतिक खेती का केन्द्र***

कहा कि बसामन मामा गो-अभयारण्य में 8 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को आश्रय दिया गया है। इनके गोबर और गोमूत्र का उपयोग करके आसपास के क्षेत्र को रासायनिक खाद के उपयोग से मुक्त किया जा सकता है। गो-अभयारण्य में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ दुधारु पशुओं के नस्ल सुधार, महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी बल दिया जा रहा है।

### 25 दिसंबर को विशाल कार्यक्रम

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि 25 दिसंबर को अटलजी के जन्म-दिन पर एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी सभी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। निर्माणाधीन भोजन शाला का निर्माण अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। गो-अभयारण्य में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। गौशाला का भ्रमण कर निर्माण

---

**राष्ट्रीय मंच पर प्रोजेक्टर की प्रस्तुति देवास और मप्र पुलिस के लिए उपलब्धि**

लगभग 500 पुलिस अधिकारी कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

## डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस: रॉ समेत देश के आला अफसरों के सामने डीजीपी मकवाना ने पेश की डिजिटल इन्वेस्टिगेशन मॉडल की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित आईआईएम कैंपस में डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस हो गई। देशभर से लगभग 500 पुलिस अधिकारी इस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुई। इनमें रॉ और आईबी के अधिकारी भी शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस में देवास जिला पुलिस द्वारा लागू किया गया डिजिटल इन्वेस्टिगेशन मॉडल प्रस्तुत किया जाएगा। देवास में इस प्रणाली को लागू कराने वाले पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने जिला पुलिस की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किया है।

नए माडल को मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने पेश किया है। राष्ट्रीय मंच पर इस प्रोजेक्ट की प्रस्तुति देवास पुलिस और मध्यप्रदेश पुलिस दोनों के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। संभावना यह भी है कि यह मॉडल इस कॉफ्रेंस के बाद अन्य राज्यों में भी लागू करने पर विचार किया जाए। यह पहल आधुनिक, पारदर्शी और त्वरित पुलिसिंग की दिशा में मध्यप्रदेश का एक मजबूत कदम साबित हो सकती है।


डीजीपी कैलाश मकवाना (फाइल फोटो)

### 85% से अधिक मामलों की जांच समय पर पूरी

.नई व्यवस्था से देवास पुलिस ने सभी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे एमएलसी रिपोर्ट, फोरेंसिक परीक्षण की रिपोर्ट, विधि अधिकारी की राय या अन्य अनुमतियां ऑनलाइन ही भेजी और प्राप्त की जाती हैं। इससे पुलिसकर्मियों का वह समय बचा जो वे दस्तावेज एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में लगाते थे। डिजिटल ट्रैकिंग और रियल-टाइम अपडेट से जांच की पारदर्शिता भी बढ़ी है। किसी दस्तावेज में विलंब या कमी होने पर तुरंत सूचना मिल जाती है, जिससे प्रक्रिया तेज होती है। इस नवाचार का सबसे बड़ा परिणाम यह निकला कि देवास जिले ने इस वर्ष दर्ज प्रकरणों में से 85 प्रतिशत से अधिक मामलों की जांच समय पर पूरी कर ली, और अधिकांश प्रकरणों में चालान भी अदालत में समय पर पेश कर दिए गए। प्रदेश के कई जिलों में जहां फाइलों की आवाजाही और रिपोर्ट की प्रतीक्षा जांच को धीमा करती है, वहीं डिजिटल मॉडल से स्पष्ट कर दिया है कि तकनीक अपनाकर पुलिसिंग को कितनी गति दी जा सकती है।

**इसलिए विशेष है देवास पुलिस का नवाचार**

देवास पुलिस का प्रोजेक्ट पारंपरिक पुलिसिंग के उस लंबे और समय लेने वाले चरण को खत्म करता है, जिसमें पुलिसकर्मी अक्सर डाकिया की भूमिका में नजर आते थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद एमएलसी के अलावा भोपाल भेजी जाने वाली फोरेंसिक जांच से जुड़े दस्तावेज ले जाना, फिर जांच की रिपोर्ट लेने जाना। अदालत में चालान प्रस्तुत करने से पहले विधि अधिकारी की राय प्राप्त करना और ऐसे ही कई आवश्यक दस्तावेजों को शारीरिक रूप से लेकर जाना पुलिसकर्मियों के कीमती समय को डाकिया के रूप में ही निकल जाता था।

### आचार्य श्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में शुरु हुआ गजरथ

# जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ





**जबलपुर।** आचार्य श्री समय सागर ससंघ सानिध्य में गजरथ महोत्सव का ध्वजारोहण, शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ दयोदय तीर्थ (गौशाला) में नवनिर्मित जिनालय का बड्डा दद्दा ग्राउंड में आयोजित श्री पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ आचार्य श्री समयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में दोपहर में 2 बजे पिसनहारी तीर्थ से भव्य शोत्रा यात्रा एवं घट यात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा में आचार्य श्री का सानिध्य पाकर श्रद्धालु उत्साहित थे और वे जय-जय गुरुदेव के गगन भेदी जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। भक्ति के इस अद्भु त क्षण में हर भक्त अपनी सहभागिता प्रदर्शित करने आतुर था और हर तरफ जनसैलाब उमड़ रहा था। घट यात्रा में तहलका धमाल एवं प्रगति महिला मंडल शिवनगर की महिलायें चल रही थी। उनके पीछे आचार्यश्री समय सागर महाराज ससंघ चल रहे थे। उनके पीछे रजत रथ पर श्री जी विराजमान थे। हजारों महिलायें केशरिया वस्त्र पहने सिर पर कलश लेकर चल रही थी उनके पीछे गजरथ महोत्सव के प्रमुख पात्र भगवान के माता पिता,सौधर्म इंद्र, कुबेर,महायज्ञ नायक, राजा श्रेयांस, भरत चक्रवर्ती, बाहुबली, माहेन्द्र, सौधर्म इशान, सनत कुमार, शुक्र महाशुक्र एवं अन्य पात्र बग्घी में सवार थे। घट यात्रा त्रिपुरी चौक तक जाकर वापिस गजरथ स्थल पहुँची उसके पश्चात पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, सौरभ अनिल बड्कुल, अशोक अनिल ने गजरथ स्थल पर ध्वजारोहण किया। मंत्रोच्चार का वाचन प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया (बंडा) ने किया। मंडप का उद्घाटन अशोक कुमार अनिलकुमार ने किया। उसके पश्चात मण्डप शुध्दि, वेदी संस्कार शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा एवं श्री जी स्थापना पूजन किया गया।प्रातःकाल आचार्य श्री ने पिसनहारी तीथ में आयोजित धर्म सभा में उपदेश देते हुआ कहा निराकुल भाव के साथ ही आप शांति का अनुभव कर सकते हैं। लेकिन ये जीव सदा आकुलित होता रहता है। साता के उदय की भी भयंकर आकुलता होती है। इच्छा के रोकने को अनशन कहा है । पदार्थ अच्छा या बुरा नहीं, मन में जो अच्छे बुरे की भावना पल रही है उससे अपने को दूर रखना है। विकास और विनाश ये दोनों ही आत्मा के परिणाम है। जीव स्वतंत्र होने पर भी कर्म के अधीन होने के कारण परतंत्रता का अनुभव करता है। जो स्वतंत्र होना चाहता है उसको बंधन इष्ट नहीं होता है। कर्म जन्य जो सुख है वह तात्कालिक सुख देने में समर्थ है। किंतु उसमें स्वाधीनता नहीं है कोई भी इंद्रीय जन्य सुख हो वह पराधीन है इसलिए श्रमण हमेशा पराधीन सुख की इच्छा नहीं रखते हैं उनकी कोई प्रशंसा ना करे तो ठीक आलोचना करे तो ठीक सभी परिणामों में समता भाव रखते हैं। जहाँ पर चिकनाहट है वहाँ पर बंध है। इंद्रीय जन्य कर्म ही बंध का कारण हैं। विषयजन्य राग की मात्रा यदि घट रही है तो वह धर्म के प्रति श्रध्दा हो तभी राग कम हो सकता है। सुनकर जो जीव धर्म को आत्मसात करता है उसके लिए संसार शून्य के समान है। गजरथ महोत्सव में अध्यक्ष अरविंद चॉवल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चौधरी, सुनील मंगलाहाट, महामंत्री संजय अरिहंत, कोषाध्यक्ष संदेश जैन (एडवोकेट), अध्यक्ष नीलेश जैन,जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बेंटिया प्रधानमंत्री शुभम जैन उपस्थित थे।

### 55 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों से खरीदी जायेगी धान

## किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन आज से

**जबलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जबलपुर जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सोमवार एक दिसम्बसर से शुरू किया जायेगा। धान उपार्जन के लिए जिले में 55 खरीदी केन्द्रज स्थाापित किये गये हैं। खरीदी केन्द्रों पर सभी जरूरी व्यंवस्थानएं सुनिश्चित कर ली गई है। किसानों से धान कॉमन 2 हजार 369 रूपये प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए 2 हजार 389 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदी जायेगी। किसानों से उपार्जन केन्द्रों पर धान की खरीदी सप्तायह में पांच दिन सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक की जायेगी।

कलेक्ट्र राघवेन्द्र सिंह ने उपार्जन व्योवस्थाग से जुड़े सभी अधिकारियों को वास्तरविक किसानों से और एफएक्यूर क्वोलिटी का धान का उपार्जन करने की सख्तक हिदायत दी है। उन्होंने खरीदी व्यकवस्थाय का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करने वाले बिचौलियों अथवा व्याीपारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा है कि खरीदी केन्द्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्याधन रखा जाये। प्रत्येदक खरीदी केन्द्रोंा पर एफएक्यू मापदंड के नमूने प्रदर्शित करने के निर्देश भी उन्होंाने अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टूर ने किसानों से भी अपील की है कि किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए साफ-सफाई कर एवं सुखाकर ही अपनी उपज विक्रय हेतु उपार्जन केन्द्रों पर लेकर आयें। उन्हौंने किसानों से अपना बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर आधार से लिंक कराने के बाद ही स्लॉॉट की बुकिंग करने तथा उपज की तुलाई के बाद उपार्जन केन्द्रस से तौल पर्ची और उपार्जन पोर्टल की पावती प्राप्ते करने का आग्रह भी किया है। कलेक्टरर कार्यालय की खाद्य शाखा से प्राप्तस जानकारी के अनुसार किसानों से धान का उपार्जन स्लॉ्ट बुकिंग के आधार पर किया जायेगा। किसान स्लॉनट की बुकिंग www.mpeuparjan.nic.in पर कर सकेंगे। किसान उपार्जन अवधि के आखिरी दस दिन को छोड़कर स्लॉ्ट बुक कर सकेंगे। स्लॉधट बुकिंग की अवधि सात दिन की होगी। संबंधित उपार्जन केन्द्र की तौल क्षमता अनुसार स्लॉाट की बुकिंग की जायेगी। किसानों को स्लॉाट की बुकिंग विक्रय की जाने वाली पूरी मात्रा के लिए करनी होगी। आंशिक स्लॉगट बुकिंग अथवा उपज का आंशिक विक्रय नहीं किया जा सकेगा। किसानों द्वारा स्लॉटि बुक करनें के समय पोर्टल पर उनके उस आधार लिंक बैंक खाता नंबर एवं बैंक का नाम प्रदर्शित होगा, जिस पर समर्थन मूल्य पर उपार्जितत धान का भुगतान किया जाना है। पोर्टल पर प्रदर्शित बैंक खाते को किसानों को अपने बैंक खाते की पासबुक से मिलान करना होगा और उनके द्वारा इसका सत्याखपन करने के बाद ही स्लॉटट की बुकिंग हो सकेगी। यदि किसान किसी अन्यन बैंक खाते में उपज का भुगतान चाहता है तो उसे अपना नवीन बैंक खाता आधार से लिंक कराना होगा, उसके बाद ही स्लॉ़ट बुकिंग हो सकेगी।

### अब हर रविवार लोगों को मिलेंगे जैविक उत्पाद

## कृषि मंडी में साप्ताहिक जैविक हाट की शुरुआत

**जबलपुर।** जैविक उत्पादों के प्रति लोगों में बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए एक अनूठी पहल के तहत जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के सहयोग से कृषि उपज मंडी जबलपुर के प्रांगण में साप्ताहिक जैविक हाट का शुभारंभ रविवार को जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सिंह गहलोत ने किया। जैविक हाट में आम लोगों ने खासी रुचि दिखाई एवं सैकड़ो की संख्या में आकर साग-भाजी, फल-फूल और अनाज खरीदें। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जैविक हाट प्रत्येक रविवार को मंडी प्रांगण में लगेगा। जैविक हाट के शुभारंभ के अवसर पर श्री गहलोत ने किसानों से बातचीत कर यह जाना कि बिना रासायनिक आदान सामग्री के सब्जी को कैसे उगाते हैं। उन्होंने हाट में लगे जैविक उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन भी किया। किसानों ने श्री गहलोत को जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, पंचपरनी काढ़ा एवं अन्य जैविक आदान सामग्री के उपयोग के तरीके बताये। इस अवसर पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, कीर्ति वर्मा एवं इंदिरा त्रिपाठी भी जिला पंचायत के सीईओ के साथ थे। जैविक हाट में शहपुरा के फल उत्पादक कृषक केपी सिंह के बाग के अमरुद अपने स्वाद एवं मिठास के कारण चर्चा का विषय रहे। अर्चना प्राकृतिक खेती केन्द्र ने खाद्य सामग्री प्रस्तुत की। टमाटर, लौकी, मूली एवं गाजर, विभिन्न प्रकार की पत्तेदार भाजी व अनाज भी जैविक हाट पर उपलब्ध रहे। जैविक हाट आयोजन में आत्मा परियोजना की नमिता उरकुड़े, मंडी सचिव राजेश सैयाम, रजनीश दुबे, रोहित गुप्ता, रश्मि परसाई, एवं विभागीय अधिकारियों की सहभागिता भी रही। जैविक हाट के आयोजन से जबलपुर जिले में प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों के लिए एक बड़ा मंच मिल रहा है। साथ ही आम नागरिकों को उत्तम गुणवत्ता की साग-सब्जी, फल-फूल और अनाज मिलने की भी सुनिश्चितता रहेगी।

## कैट की स्थानीय कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** कॉन्फिड़शन का ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जबलपुर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, प्रदेश संरक्षक संदेश जैन, एवं जबलपुर संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी एवं प्रदेश मंत्री रोहित खटवानी की अनुशंसा में जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया की अध्यक्षता में कैट जबलपुर कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया। जिसमें कैट की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में विशेष रूप से अलग अलग ट्रेड के व्यापारियों कार्यकारिणी में चुना गया है, जबलपुर जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, उपाध्यक्ष निखिल पावा, भीमलाल गुप्ता, अरुण निखरा, विनय असाटी, अनिल नंदवानी, नवनीत माहेश्वरी, संदीप विजन, नितिन चंडोक, नीटू भाटिया, पिंकी जैन, राजा नागदेव, विवेक गोस्वामी, प्रवीण गुलाटी, मुकेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मनु शरद तिवारी, राजेश जैन, पुनीत हांडा, दीपक कोहली, महामंत्री पद पर संजय चड्ढा, मंत्री तारु खत्री, मेवालाल घिरोलिया, राजेंद्र ओसवाल, योगेंद्र सोनी, सुनील सबलोक , विशांत कौशल(विक्की), दीपक जैन, नितिन जैन, निशांत खंडेलवाल, पुनीत सेठी, अनुज गुलाटी, कोषाध्यक्ष राजीव नेमा, सह कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, मनीष दिवाकर, प्रचार मंत्री दीपक जैन, सह प्रचार मंत्री आशु अग्रवाल, आलोक दिवाकर, संघटन मंत्री मनोज जसाठी, सह संगठन मंत्री आशीष इंदुरखिया को बनाया गया।

### बिना हेलमेट वाहन चालकों, अनफिट लोडिंग वाहनों पर प्रशासन की सख्ती

## 200 वाहन चालकों से वसूला 79 हजार जुर्माना

**जबलपुर।** यातायात पुलिस ने सड़क हादसों में कमी लाने चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत 200वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 79 हजार रुपये समान शुल्क वसूला है। इस दौरान शहर की सांसों में जहर घोल रहे डेढ़ दशक पुराने व्यवसायिक वाहनों की जांच कर 11 आटो, आपे जब्त किए गए। ज्ञात हो कि जिले में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर यातायात पुलिस विशेष अभियान चला रही है। जिसके तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों, बिना फिटनेस के दौड़ रहे परिवहन वाहनों व तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत बिना एचएसआरपी प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ भी शिकंजा कसा जा रहा है। शनिवार को अभियान के तहत कैरब्ज तिराहा, वेस्टलेण्ड, मालागोदाम, पुराना बस स्टेंड, तीन पत्ती के समीप, कटंगी बायपास एसपी आफिस गेट के सामने यातायात पुलिस ने चेकिंग लगाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान काटे। कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 29 हजार रुपये समन शुल्क वसूला गया। इसी हेलमेट लगाये बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 150 वाहन चालकों व तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर इंटरसेप्टर व्हीकल के माध्यम से 12 चालान बनाये गये।

### शराबी पर 10 हजार की पेनाल्टी

वाहन चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 एमपी 0005 के चालक को शराब पीकर वाहन चलाता पाये जाने पर चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर 10 हजार की पेनाल्टी लगाई गई।

### एचएसआर पी प्लेट लगाने अपील

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने शहरवासियों से एचएसआरपी प्लेट जहां वाहनों में लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्लेट नहीं लगाने पर संशोधित मोटर वाहन अधिनियम 1989 के तहत जुर्माना देना होगा।

## सिकमी, बटाईदार और वन पट्टाधारी किसानों का सत्यापन 12 दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज बेचने के लिए पंजीकृत सिकमी, बटाईदार और वन पट्टाधारी किसानों के सत्यापन के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के कुछ जिलों में ई-उपार्जन पोर्टल पर सिकमी, बटाईदार और वन पट्टाधारी किसानों के अनुबंध दस्तावेज अपलोड नहीं पाए जाने पर फर्जी पंजीयन की आशंका को देखते हुए शासन ने ऐसे पंजीकृत किसानों का सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं तथा सत्यापन की यह प्रक्रिया 12 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश जारी किये है। सिकमी, बटाईदार और वन पट्टाधारी किसानों का सत्यापन पंजीयन केंद्रवार खाद्य, सहकारिता और राजस्व विभाग के अधिकारियों का संयुक्त दल करेगा। यह दल सहकारी समितियों और विपणन संस्थाओं के पंजीयन केंद्रों पर जाकर सिकमी और बटाईदार किसानों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुबंध दस्तावेजों की भौतिक सत्यता की गहनता से जाँच करेगा। संयुक्त दल न केवल पोर्टल पर दर्ज रकबे और फसल का मिलान अपलोड किए गए अनुबंध से करेगा, बल्कि मूल भूमि स्वामी से भी संपर्क कर यह पुष्टि करेगा कि उन्होंने वास्तव में अपनी भूमि सिकमी या बटाई पर दी है या नहीं। इसी प्रकार, वन पट्टाधारी किसानों के दावों की पुष्टि वन विभाग के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। संयुक्त दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और कलेक्टर के अनुमोदन के बाद ही ई-उपार्जन पोर्टल पर डीएसओ लॉगिन से इसे अपडेट किया जाएगा। केवल वे ही किसान अपनी फसल बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग कर पाएंगे जिनका सत्यापन सफल रहेगा। राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि 12 दिसंबर तक यह कार्यवाही हर हाल में पूर्ण कर ली जाए ताकि वास्तविक किसानों को उपज बेचने में कोई असुविधा न हो और संदिग्ध पंजीयनों को प्रणाली से बाहर किया जा सके।

### संस्कार सिटी की जल- मल निकासी को लेकर निवासी विधायक से मिलेंगे

**जबलपुर।** पिछले 10 वर्षों से जल-मल निकासी की समस्या से जूझ रहे संस्कार सिटी टाउनशिप के सैकड़ों रहवासी पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में आज सोमवार 1 दिसंबर 2025 को दोपहर 1 बजे क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी 'इंदू' से मुलाकात करेंगे। सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में विधायक कार्यालय पहुंचने की अपील की गई है।

### भानतलैया स्थित कार्यालय का किया निरीक्षण

## एसआईआर कार्यों पर निगमायुक्त की सतत निगरानी

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर में चल रहे महत्वपूर्ण एस.आई.आर. कार्यों की प्रगति को लेकर अपनी सतत निगरानी बनाए रखी है। इसी क्रम में उन्होंने आज भानतलैया स्थित कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जहाँ एस.आई.आर. से संबंधित डाटा संग्रहण और पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। निगमायुक्त अहिरवार ने कार्यालय में पहुंचकर एस.आई.आर. से जुड़े सभी दस्तावेजों, फार्मों और डाटा अपडेशन की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने टीम के सदस्यों से उनके दैनिक लक्ष्य, अब तक की उपलब्धि और कार्य को पूरा करने में आ रही संभावित चुनौतियों की विस्तृत जानकारी ली। यह कार्य, जो कि प्रशासनिक सटीकता और शहरी योजना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, उसे निर्धारित समय सीमा के भीतर त्रुटिरहित तरीके से पूरा करने पर निगमायुक्त ने विशेष जोर दिया।


**शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने उपस्थित टीम के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि "कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए गति को बढ़ाया जाए।" उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में कार्य कर रहे ऑपरेटर्स और कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और खुद भी कार्यस्थल पर लगातार निगरानी बनाए रखें, ताकि पुनरीक्षण कार्य समय पर और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। निगमायुक्त की इस पहल से उम्मीद है कि महत्वपूर्ण एस.आई.आर. कार्य निर्धारित समय से पहले ही संपन्न कर लिया जाएगा।

### मुख्य मंडी में आज से मटर भरे वाहनों के प्रवेश पर रोक

## आज से औरिया मंडी में होगा मटर कारोबार

***जबलपुर।** टंड के सीजन में मटर का कारोबार तेज हो जाता है, मुख्य कृषि उपज मंडी में मटर के व्यापार होने से किसानों और व्यापारियों को जरूर सहूलियत होती है, लेकिन वाहनों की आवाजाही बढ़ जाने से ट्रेफिक बाधित होता है. लिहाजा पिछले साल से प्रशासन ने औरिया के पास एक अस्थाई मटर मंडी खोल दी. लेकिन एक साल के बाद भी यहां मूलभूत व्यवस्थाएं नहीं हो सकी. आज से मुख्य मंडी में मटर के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू हो गया है. एक दिसम्बर से मटर का कारोबार औरिया मंडी में होगा।*



औरिया मंडी में मटर के कारोबार की तैयारियां कर ली गई हैं. 39 व्यापारियों को अस्थाई रूप से दुकानों के लिये जगह दी गई हैं. व्यापारियों ने यहां अपने अपने टेंट लगा लिये हैं. लेकिन किसानों के बैठने माल की तुलाई और भराई के लिये अभी भी मंडी में समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं. गत वर्ष मटर कारोबार के सीजन के दौरान मावठे के बारिश होने से यहां जमकर कीचड़ मच गया था और मटर लेकर आने वाले ट्रक मिनी ट्रक कीचड़ में धंस गये थे. जिससे किसानों को काफी तकलीफ हुई थी. इस साल भी यदि मावठे की बारिश हुई तो फिर वही हालात बनेंगे.

मंडी सचिव आर के सैय्याम ने बताया की रविवार को 39 व्यापारियों को जगह आवंटित कर दी गई है. शेष बचे व्यापारियों को व्यापार करने के लिए तीन माह के लिए अस्थाई रूप से जगह आवंटित की जा रही है। इसमें ये व्यापारी उस जगह से मटर की खरीदी बिक्री कर सकेंगे। यह आवंटन पूरी तरह निःशुल्क है। इन जगहों पर व्यापारी अस्थाई रूप से शेड बना सकते है।

जानकार कहते हैं कि गत वर्ष भी मंडी की जगह तय होने के बाद मटर का व्यवसाय औरिया से किया गया था। इसमें अस्थाई रूप से व्यापारियों को जगह आवंटित की गई थी। इसमे व्यापारियों ने टेंट हाउस के पर्दे की आड़ बनाई थी, जिसमें मटर का व्यवसाय किया था। गौरतलब है कृषि उपज मंडी में मटर के सीजन में बढ़ते यातायात के दबाव को लेकर प्रशासन ने औरिया मंडी विकल्प बतौर शुरू की है। इसमें मंडी की दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## ग्वारीघाट मार्ग पर ट्रेफिक जाम से जल्द मिलेगी निजात

# ग्वारीघाट से तिलहरी तक बनेगी 2 लेन सड़क

**माँ नर्मदा तट ग्वारीघाट में होने वाले ट्रैफिक जाम से अब जल्दी ही निजात मिलेगी, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक बनने वाली 2 लेन सड़क को स्वीकृति दी है।**



जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया माँ नर्मदा का गौरीघाट तट न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और अध्यात्मिक पर्यटन का भी गौरव है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्वारीघाट जाते है परन्तु पर्वों एवं माँ नर्मदा प्रकाट्योत्सव के अवसर पर ग्वारीघाट जाने में एक ही मार्ग होने के कारण कठिनाई और ट्रैफ़कि जाम की समस्या का सामना करना होता है इसके लिए तय किया था कि तिलहरी से ग्वारीघाट तक के मार्ग को चौड़ा एवं व्यवस्थित बनाया जाये और इसके लिए ग्वारीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी तक 2 लेन सड़क को स्वीकृति दी गई है, लगभग 64 करोड़ की लागत से बनने वाली यह 2 लेन सड़क लगभग 5.5 किमी लम्बी होंगी जिसके बीच में रेलवे ओवर ब्रिज भी बनाया जायेगा, यह बेहतर वैकल्पिक मार्ग होगा। श्री सिंह ने बताया झंडा चौक से ग्वारीघाट मुक्तिधाम तक की सड़क पहले ही स्वीकृत हो चुकी है और इसका निर्माण भी चल रहा है, इस मार्ग को आगे बढ़ाते हुये तिलहरी तक की 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य आगे किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया तिलहरी से ग्वारीघाट का मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है यह मार्ग ग्वारीघाट मुक्तिधाम से प्रारम्भ होकर भटोली से होता हुआ तिलहरी में एनएच 12 जबलपुर मंडला मार्ग को जोड़ेगा, जबलपुर के पेंटीनाका, बिलहरी, तिलहरी, गौर एवं बरेला जो विकसित क्षेत्र है यहाँ से ग्वारीघाट आने वाले श्रद्धांलुओं को एक पूर्ण विकसित मार्ग इस सड़क बनने के बाद उपलब्ध होगा, इस सड़क के बनने के बाद ग्वारीघाट में मिलने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और यह मार्ग जबलपुर में बन रही देश की दूसरी सबसे बड़ी रिंग रोड से जोड़ने का कार्य भी करेगा। श्री सिंह ने बताया जबलपुर में घाटों का विकास सरयू की तर्ज पर करने का कार्य प्रारम्भ होने वाला है, जिलहरी घाट से खारीघाट तक के घाट विकसित होने वाले माँ नर्मदा के इन सुंदर और व्यवस्थित घाटों पर पहुंचने के लिए यह सड़क जबलपुर वासियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए एक सुलभ मार्ग के रूप में मिलेगी।

## भगवान दत्तात्रेय के बाल विग्रह शोभा यात्रा में "दिगंबरा दिगंबरा की गूंज"

**जबलपुर।** श्री दत्त भजन मंडल में दत्त जन्मोत्सव के अवसर चाँदी की दिव्य बालरूपी श्री दत्त मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का पावन और मंगल अवसर संपन्न हो रहा है। श्री दत्त भजन मंडळ एवं सद्गुरू सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष भर में 111 दत्त भक्तों के द्वारा गुरुचरित्र का पाठ किया गया। श्री दत्त मंदिर में दत्त भजन मंडल द्वारा किया। इस आध्यात्मिक महापर्व के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री दत्त मंदिर से प्रारंभ होकर श्याम टॉकीज, सुपर मार्केट, लार्डगंज, घमंडी चौक, चरहाई, शंकर घी भंडार, केसरवानी कॉलेज, नूतन मराठी, महाकौशल होते हुए श्री दत्त मंदिर गोलबाजार में विश्राम किया गया। शोभायात्रा में बैंड, ढोल धमाल, भगवान दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं की झांकी, रथ पर संत महात्माओं के साथ ही "दिगंबरा दिगंबरा श्रीपाद वल्लभ दिगंबरा" का गुणगान करती भजन मंडली और भक्तों के कंधों पर भगवान दत्तात्रेय के बाल स्वरूप का रजत विग्रह चल रहा था। भगवान की सौ से अधिक स्थानों पर आरती उतारकर पुष्प वर्षा कर स्वागत वंदन किया गया।

**जगह-जगह हुआ स्वागत** - नेशनल हॉस्पिटल परिवार, सत्यानंद योग केंद्र, समरसता सेवा संगठन, महाराष्ट्र स्कूल माजी विद्यार्थी संगठन, मराठा समाज, राधाकृष्ण मंदिर लार्डगंज, आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल, नाजवाले परिवार, लार्डगंज व्यापारी संघ, प्रमोद पटेल पिछड़ा वर्ग संगठन, भाजपा जवाहरगंज, बड़ी महाकाली गढ़ाफाटक, जन ज्योति हॉस्पिटल, स्मिता गृह उद्योग, नूतन मराठी स्कूल, सदगुरु संघ, महाकौशल स्कूल, पोहनकर परिवार ने स्वागत वंदन किया। शोभायात्रा के समापन पर विशाल महाप्रसाद बांटा गया। श्रीमद् जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज, साध्वी ज्ञानेश्वरी साध्वी मैत्रयी, विधायक अभिलाष पांडे, अश्विनी परांजपे, रत्नेश सोनकर, संदीप जैन गुड्डा, विनय सक्सेना, पार्षद प्रतिभा भापकर, पार्षद रजनी कैलाश साहू, पार्षद अयोध्या तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में निकली। शोभायात्रा में विजय भावे, शरद आठले, डॉ. जितेन्द्र जामदार, प्रशांत पोल, सदानंद गोडबोले, डॉ. शिरीष नाईक, पं. नीलेश दाभोलकर, संतोष गोडबोले, अजय फाटक, डॉ. गिरीश मैराल, सारंग भिड़े, विलास ताम्हनकर, किशोर कलमकर, प्रवीण विप्रदास, विजय तेलंग, विध्येश भापकर, महिला मंडल की जया पागे, क्षमा मांडवी कर,चित्रा ताम्हनकर, मनीषा भावे, स्नेहा आठले, विद्या वैध, रंजना वर्तक, श्वेता गोडबोले, स्वाति चौहान सहित संरक्षक मंडल एवं समस्त कार्यकारिणी श्री दत्त भजन मंडल, गोलबाजार, जबलपुर ने किया है।




## जैविक खेती मिशन के अंतर्गत किसानों को दी जानकारी, ग्रामीण रहे मौजूद

पाटन।

राज्य केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जैविक खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। ग्राम सकरा तहसील पाटन जिला जबलपुर किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी एवं रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव को अवगत कराया गया। बताया कि रासायनिक खेती से विभिन्न प्रकार के असाध्य रोग होते हैं जमीन की उर्वरा शक्ति धीरे-धीरे कम होती जा रही है और जमीन कठोर होती जा रही है जिसका परिणाम एवं प्रभाव मानव जीवन को अत्यधिक नुकसान दायक है संस्था शिव शक्ति के द्वारा किसानों को ऑर्गेनिक खेती के बारे में होने वाले फायदे को बताया तथा ऑर्गेनिक दवाइयां के बारे में जानकारी दी एवं इसकी विशेषता को अवगत कराया जो की मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा एवं वातावरण पर इसका कोई दूषित प्रभाव नहीं होगा। मानव जीवन स्वास्थ्य एवं समृद्धि बनेगा जैविक खाद एवं दवाइयां का उपयोग करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रेरित किया गया ताकि आने वाली पीढ़ी भी अत्यधिक खेती कर सके। संस्था के वरिष्ठ कृषि अधिकारी विनोद द्विवेदी के द्वारा जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान गांव के पूर्व सरपंच रोहित पटेल रामस्वरूप पटेल आदि लोग उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## ज्ञानी व्यक्ति के आचरण अच्छे नहीं हैं तो वह ज्ञान किसी काम का नहीं





मझौली।

तहसील के ग्राम पोला चल रहा 36 वां श्री सीताराम मानस महायज्ञ की कथा में कथा वाचक साहित्य रत्न पंडित व्यास श्री नीरज महाराज के द्वारा भगवान राम एवं लंका पति रावण के बीच हुआ संवाद पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि ज्ञानी व्यक्ति भी है यदि उसके आचरण अच्छे नहीं हैं तो वह ज्ञान किसी काम का नहीं है एवं आज कलयुग के समय भगवान राम का नाम जब करने वाला परमधाम को प्राप्त होता है।

## अतिक्रमण से घिरा हाट बाजार प्रशासनिक अधिकारी नहीं ले रहे सुध

# बिल्हा पंचायत हॉट बाजार दुर्दशा पर आंसू बहा रहा, जिम्मेदार मौन

भेड़ाघाट।

बिल्हा ग्राम पंचायत जनपद पंचायत शहपुरा जबलपुर में कई लाखों की लागत से बना हाट बाजार की बाट लगाईं जा रही हैं यहां भेड़ाघाट चौराहा पर साप्ताहिक बाजार भरने की परिकल्पना के उद्देश्य से हाट बाजार का निर्माण कार्य किया गया था और यहां पर सांसद निधि से रंग मंच का निर्माण भी किया गया था कि कोई भी धार्मिक कार्यक्रम या प्रशासनिक कार्यक्रम आयोजित हो सकें इस उद्देश्य से बिल्हा ग्राम पंचायत ने हाट बाजार का निर्माण कार्य किया गया था लेकिन अतिक्रमण किसकी शह पर हुए हैं परंतु ग्राम पंचायत बिल्हा द्वारा ना तो इसका संचालन शुरू किया और ना कोई सार्थक कदम नहीं उठाए 10- 15 साल बीतने के बाद भी इसे भेड़ाघाट का साप्ताहिक बाजार का दुर्भाग्य कहें या प्रशासनिक में बैठे तमाम जिम्मेदारों जनप्रतिनिधियों की लापरवाही या विकास में



दिलचस्पी न होकर सिर्फ विकास की हवा हवाई बातें करते हैं तभी तो ग्राम पंचायत बिल्हा का हॉट बाजार अपनी बर्बादी पर आंसू आ रहा हैं। जिम्मेदार इस हॉट बाजार का जनप्रतिनिधि अधिकारियों ने इस बेहाल होते हाट बाजार की और नजर नहीं डाली। हॉट बाजार की किस्मत का फैसला ग्राम पंचायत जनपद पंचायत जिला पंचायत के जिम्मेदारों को चलाने की थी इस हॉट बाजार को दोबारा अपने नए रूप में लाने के लिए फिर सरकारी धन की होली खेली जाएगी ।या हाट बाजार को अपनी दुर्दशा पर छोड़ दिया जायेगा। आखिरकार सवाल यह उठता है कि प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से साप्ताहिक हॉट बाजार का भगवान ही मालिक है खण्डहर हो गये हॉट बाजार की सुध लेने वाला कोई नहीं हैं अधिकारियों ने भी इस और ध्यान नहीं दिया कि लाखों की लागत से बना हाट बाजार को बर्बादी पर छोड़ दिया है इस हॉट बाजार के दिन कब फिरेंगे। ये कहे कि हाट बाजार का नामोनिशान ही मिट जायेगा। शासन प्रशासन में बैठे अधिकारियों की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है ग्राम पंचायतों में विकास का ढीढोरा पीटने वाले जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं तभी तो ग्राम पंचायतों में चहुंमुखी विकास में पिछड़ रहा है।

# ग्राम छतरपुर में बिना आग लगाए बुआई का सफल प्रदर्शन





पनागर, छतरपुर।

नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम छतरपुर में सोमवार को कृषक संतोष साहू एवं रत्नेश के खेतों में बिना आग लगाए नरवाई में बुआई का सफल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी सुजाता सिंह तथा अनुश्री कोल उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने कृषकों को समझाया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता पर सीधा असर पड़ता है तथा जमीन के उपयोगी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इससे वायु प्रदूषण भी गंभीर रूप से बढ़ता है। उन्होंने बताया कि बिना आग लगाए नरवाई में बुआई करने से मिट्टी में नमी संरक्षित रहती है, जैविक तत्व सुरक्षित रहते हैं तथा खेती की लागत घटती है। इससे फसल उत्पादन में भी बढ़ोतरी होती है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई जलाने की प्रथा को पूरी तरह बंद करें और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और उन्होंने इस तकनीक को अपनाने का संकल्प लिया।



## मिशन हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने जीते तीन टाइटिल

जबलपुर

मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अभी हाल ही में उज्जैन में क्लासिक बैंच प्रेस प्रतियोगिता दिनांक 22/11/25 से 23/11/25 तक संपन्न हुई जिसमें जबलपुर मिशन हेल्थ क्लब के पॉवर लिफ्टरों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः तीन टाइटिल लेकर स्ट्राँग वुमेन का खिताब अपने नाम किया। स्ट्राँग वुमेन बनने वाली खिलाड़ियों में पूजा कुमारी (मास्टर वन), अंजलि पांडे (मास्टर थ्री) और धनश्री (सब जूनियर) ने टाइटिल अपने नाम किया। साथ ही सीमा मिश्रा ने मास्टर टू में स्वर्ण पदक जीता। ये सभी खिलाड़ी मिशन हेल्थ क्लब में कोच लॉरेंस मार्टिन और दीनू स्वामी के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर आलोक मिश्रा, रॉबर्ट मार्टिन, दिनेश राव, अनूप शर्मा, गुरुचरन श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, तेजभान, शशिरमन स्वामी, कुलदीप आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा मनाया



जबलपुर।

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा अंतर्गत बायपास संस्थान एवं रानी दुर्गावती महिला संघ द्वारा महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा और हिंसा को रोकने के मुद्दों पर शासकीय हाईस्कूल भेड़ाघाट में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिथि भेड़ाघाट प्रभारी कमलेश चौरिया, नगर परिषद सभापति चतुर सिंह लोधी, हाईस्कूल प्राचार्य सुश्री अनीता गुप्ता मेडम, एडवोकेट अनमोल ठाकुर, राठौर मेडम एवं नायक मेडम के आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन रानी दुर्गावती महिला संघ कोषाध्यक्ष ज्योति विश्वकर्मा जी द्वारा किया गया। टी. आई. द्वारा महिला हिंसा, घरेलू हिंसा, सायबर हिंसा एवं जन समुदाय के लिए शासन द्वारा घोषित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस द्वारा हर परिस्थिति में सहयोग का आश्वासन दिया गया। नगर परिषद सभापति द्वारा अपने साथ हुए सायबर फ्राड का उदाहरण देकर समझाया गया कि कैसे सायबर फ्राड से बचें साथ AI तकनीक का सदुपयोग कैसे करें। नायक मेडम द्वारा बच्चों के माता-पिता को साथ दोस्ताना व्यवहार करने के साथ ही प्रतिदिन की गतिविधियों पर बात करने को कहा गया। कार्यशाला में परियोजना अंतर्गत प्रशिक्षित महिलाओं, स्कूली छात्र छात्राओं शाला परिवार शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का समापन फेडरेशन सदस्य रानी ठाकुर द्वारा सभी का धन्यवाद कर कार्यशाला का समापन किया गया।

# 13वीं राष्ट्रीय गदा प्रतियोगिता को लेकर हुई महत्त्वपूर्ण बैठक

जबलपुर।



आगामी 13वीं राष्ट्रीय गदा प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर कछपुरा गढ़ा रोड स्थित इंडियन कॉफी हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक गदा स्पोर्ट्स मध्यप्रदेश एवं जबलपुर गदा एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई, गदा स्पोर्ट्स का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय गदा-कला को आधुनिक खेल स्वरूप प्रदान करना, युवाओं में शारीरिक क्षमता, संतुलन और मानसिक एकाग्रता जैसे गुणों का विकास करना तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा का सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव राम किशोर सोनी ने प्रतियोगिता की सभी तैयारियों, संचालन प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों और लॉजिस्टिक व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देशभर के कई राज्यों से खिलाड़ियों की सहभागिता निश्चित हो चुकी है, जिसके अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ राष्ट्रीय मानकों के तहत सुदृढ़ रूप से तैयार की जा रही हैं, इस वर्ष की 13वीं राष्ट्रीय गदा प्रतियोगिता का आयोजन बल्देवबाग स्थित "स्मॉल वंडर स्कूल" जबलपुर गदा रिंग में किया जाएगा, जहाँ मुख्य खेल कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश गदा एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योत्सना सिंह ठाकुर एवं जिला जबलपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश यादव ने की। दोनों ने आयोजन की गुणवत्ता, खिलाड़ियों की सुरक्षा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में सयोजक उत्तम पांडे, लक्ष्मी क्षेत्रीय तथा प्रशिक्षक मोहम्मद नूर उद्दीन, अमर कदम, प्रकृति क्षेत्रीय और श्री मकीजा उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता की तकनीकी तैयारियों, प्रशिक्षण प्रक्रिया और आयोजन संरचना पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। गदा खेल से जुड़ा प्रेरक संदेश गदा-कला भारत की प्राचीनतम युद्धक और व्यायाम परंपराओं में से एक है। यह केवल शारीरिक शक्ति का नहीं, बल्कि संयम, परिश्रम, अनुशासन और मानसिक धैर्य का प्रतीक है, आज जब युवा शक्ति देश की प्रगति में योगदान दे रही है, ऐसे में गदा खेल न केवल उनकी शारीरिक फिटनेस को मजबूत बनाता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय गौरव की भावना भी विकसित करता है। यह प्रतियोगिता उस गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। बैठक में खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा, तथा प्रतियोगिता स्थल की सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। आयोजन समिति ने आश्वासन दिया कि प्रतियोगिता को सफल, सुरक्षित एवं उत्कृष्ट स्तर पर संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ समय रहते कर ली गई हैं।

**श्रीमती पुष्पा मिश्रा**- राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री बीएन मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा मिश्रा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंदर मोहन कौर**- गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री मोहन इंदर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती इंदर मोहन कौर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजय श्रीवास्तव**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री मानिक लाल श्रीवास्तव के पुत्र श्री अजय श्रीवास्तव (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली चौधरी**- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री जंगाली प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती बाई गौंड़**- ग्राम कुकरीखेड़ा बरेला निवासी श्री कोमल सिंह गौड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई गौंड़ (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ज्ञान सिंह राजपूत**- छोटी ओमती निवासी श्री ज्ञान सिंह राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधिका बाई गुप्ता**- अंधेरदेव निवासी श्री भगवती प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती राधिका बाई गुप्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल चौधरी**- मदार टेकरी ठक्कर ग्राम निवासी श्री छोटे लाल चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेंद्र कुमार केसरवानी**- गोरखपुर मेन रोड निवासी श्री महेंद्र कुमार केसरवानी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीदास केसवानी**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री तुलसीदास केसवानी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम लखन विश्वकर्मा**- सर्रापीपल रांझी निवासी श्री राम




लखन विश्वकर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला बाई जायसवाल**- सदर काली मंदिर के पास निवासी श्री नारायण जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई जायसवाल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शिवशरण सिंह ठाकुर**- संत नगर पोलपाथर निवासी श्री शिवशरण सिंह ठाकुर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रुक्मणी स्वामी**- बापू नगर रांझी निवासी श्री चंद्र प्रकाश स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी स्वामी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विजय चौधरी**- रविनास नगर गली नं. 4, पोलीपाथर निवासी श्री विजय चौधरी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील पटेल**- महाराजपुर बावली के पास निवासी श्री गोपाल पटेल के पुत्र श्री सुनील पटेल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्गसेमी
फिक्स साइज़:- सेमी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज़:- सेमी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज़ सेमी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

# सोना फिर रिकॉर्ड ऊंचाई को छू सकता है, नजर फेड के चेयरमैन पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्लेषकों के अनुसार सोने की कीमतें अगले सप्ताह मजबूती के साथ रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच सकती हैं। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों का पूरा ध्यान अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर टिका है। जे एम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /"सोना अब उस सीमित दायरे से बाहर निकल आया है जिसमें वह काफी दिनों से फंसा हुआ था।

- सोना अब सीमित दायरे से बाहर निकल आया है

## निवेशकों के पूरा ध्यान पॉवेल व आरबीआई के मौद्रिक नीति पर

### सोने-चांदी को लेकर रूझान सकारात्मक

क्वांटेस रिसर्च के संस्थापक कार्तिक जोनागडला ने कहा, /"निवेशकों के लिए सोना सबसे सीधा और स्पष्ट तरीका है यह बताने का कि वे अमेरिका में वास्तविक ब्याज दरों के भविष्य को लेकर क्या सोचते हैं।/" उन्होंने आगे कहा, /"जब तक दिसंबर में ब्याज दर कटौती की मजबूत संभावना बनी हुई है, सोने-चांदी को लेकर रुझान हल्का सकारात्मक रहेगा।



### कमजोर रुपए ने सोने की मांग बढ़ाई

एंजल वन के वरिष्ठ शोध अधिकारी प्रथमेश माल्या ने कहा, /"भारत में रुपये की कमजोरी और स्थानीय मांग ने सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव को बहुत बढ़ाया है। त्योहार, शादियां और लगातार जारी आभूषणों की खरीदारी भारतीय बाजार में सोने-चांदी की कीमतों को मजबूत सहारा दे रही है।/"

*केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहें : माल्या ने आगे कहा कि दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार सोना खरीद रहे हैं, जिससे लंबी अवधि में सोने का परिदृश्य सकारात्मक बना रहेगा। उन्होंने कहा,/"पिछले कई सालों से केंद्रीय बैंक सोना जमा करते आ रहे हैं और यह सिलसिला 2026 में भी जारी रहेगा।/"*

निवेशक दुनिया भर के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों, अमेरिका के रोजगार आंकड़ों और उपभोक्ताओं की मनोदशा पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।/"

### निवेशकों की सभी घटनाओं पर बारीक नजर

मेर ने आगे कहा, /"इन सबके अलावा सोमवार को फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल का भाषण, रूस-यूक्रेन शांति वार्ता में होने वाली प्रगति और शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की नीति बैठक भी होगी। निवेशक इन सभी घटनाओं पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।/" मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फरवरी 2026 सोना वायदा भाव पिछले सप्ताह 3,654 रुपये यानी 2.9 प्रतिशत चढ़ा और शुक्रवार को 1,29,504 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे अधिक फायदा में रिलायंस रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 96,200.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 474.75 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़ा।

### लोढ़ा डेवलपर्स 14 हजार करोड़ की परियोजना करेगी शुरू



**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 14,000 करोड़ रुपये की 15 आवासीय परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है। मुंबई स्थित लोढ़ा डेवलपर्स देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। यह लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचती है।

### बीते सप्ताह मूंगफल्ली और सोयाबीन में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। वहीं सोयाबीन डी-आयल्ड केक की कमजोर स्थानीय मांग के कारण मिल वालों की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

### वेकफिट आठ दिसंबर को आईपीओ लाएगी




**नई दिल्ली।** घरेलू सामान और फर्नीचर बनाने वाली कं पनी वेकफिट इनोवेशंस आठ दिसंबर को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम लाएगी, जिसमें 377 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी का आईपीओ 10 दिसंबर को बंद होगा तथा एंकर निवेशकों को पांच दिसंबर को शेयर आवंटित किए जाएंगे।

### एफपीआई ने नवंबर में बाजार से निकाले 3,765 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में फिर बिकवाल बन गए है। अक्टूबर में थोड़े ठहराव के बाद विदेशी निवेशकों ने नवंबर में भारतीय शेयरों से शुरू रूप से 3,765 करोड़ रुपये निकाले हैं। ऐसा वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता में कमी, वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों में उतार-चढ़ाव और प्राथमिक बाजार को प्राथमिकता देने की वजह से हुआ है।

### जम्मू-कश्मीर में 10.07 लाख लोगों को मिला ऋण



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 10.07 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण सहायता प्रदान की गई तथा बैंकों ने 43,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए। जम्मू में मुख्य सचिव अटल डुल्लू की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय बैंकर समिति की 17वीं बैठक में दी गई। बैठक में 2025-26 की पहली तिमाही तथा पहली छमाही में बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण तथा अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

## श्रम मामलों के विशेषज्ञ व अर्थशास्त्री ने कहा

# श्रम कानून नियोक्ताओं के हित में, केवल संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को होगा लाभ: विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रम मामलों के विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री प्रोफेसर संतोष मेहरोत्रा ने कहा है कि नई श्रम संहिता में 'फिक्स्ड टर्म' कर्मचारियों की श्रेणी में समयसीमा का जिक्र नहीं होना और श्रम निरीक्षकों की कमी जैसे खामियां नये श्रम कानून को श्रमिकों के बजाय नियोक्ताओं के हित में बनाती हैं। साथ ही इस कानून से देश में काम कर रहे लगभग 61 करोड़ कामगारों में से केवल संगठित क्षेत्र में कार्यरत केवल 15 प्रतिशत कर्मचारियों को ही लाभ होगा।

मेहरोत्रा ने यह भी कहा कि अब कंपनियां अपने कई कार्यों के लिए 'कान्ट्रैक्टर' के जरिये कर्मचारी लेती हैं। हालांकि, ऐसे मामलों में इन कर्मचारियों का मूल नियोक्ता वह है जहां वह काम करता है। लेकिन असल में वह कानून के तहत कांट्रैक्टर या ठेकेदार का ही कर्मचारी है और सीधे नियुक्त न होने वाले इस कर्मचारी के बारे में नई श्रम संहिता कुछ नहीं कहती है।

### श्रमिकों को सार्थक लाभ मिलता है

मानव संसाधन सेवाएं देने वाली कंपनी रैंडस्टैड इंडिया के जनरल काउंसल डॉ. सचिन बिराज ने कहा, "नई श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन भारत के प्रतिभा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक कदम है। श्रम संहिताएं सभी प्रकार के अनुबंधित और निश्चित अवधि के श्रमिकों को सार्थक लाभ प्रदान करती हैं और यह भारत के श्रम ढांचे में सबसे प्रगतिशील बदलावों में से एक है।"

### कर्मचारियों को बहुत ज्यादा फायदा होता नहीं दिख रहा

*पूर्ववर्ती योजना आयोग के अंतर्गत आने वाला इंस्टिट्यूट ऑफ एप्लॉयड मैनपावर रिसर्च (वर्तमान में नीति आयोग के अंतर्गत नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ लेबर इकॉनमिक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट) के महानिदेशक रह चुके मेहरोत्रा ने कहा, "नई श्रम संहिता में कर्मचारियों को बहुत फायदा होता हुआ नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि सभी श्रमिक संगठन (भारतीय मजदूर संगठन) इसका विरोध कर रहे हैं।'*




### अधिक पीएफ बचत कर सकेंगे

बिराज ने कहा, नए ढांचे के तहत, संगठित क्षेत्र के अनुबंध पर काम करने वाले कामगारों के लिए अधिक मानकीकृत और पारदर्शी रोजगार शर्तें होने की संभावना है। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि संबंधित राज्य सरकारें लागू प्रावधानों को अधिसूचित और कार्यान्वित करें। वेतन की एक समान परिभाषा यह सुनिश्चित करती है कि अनुबंधित श्रमिक अब अधिक पीएफ बचत कर सकेंगे।

- श्रम संहिता में फिक्स्ड कर्मियों की श्रेणी में समयसीमा का जिक्र नहीं
- श्रम निरीक्षकों की कमी जैसी खामियां नए श्रम कानून में
- देश में काम कर रहे लगभग 61 करोड़ कामगारों संगठित क्षेत्र में

### 29 मौजूदा श्रम कानूनों को तर्कसंगत बनाने की कोशिश

*सरकार ने सभी चार श्रम संहिताओं... वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशा संहिता, 2020 को हाल ही में अधिसूचित किया है। इस प्रमुख श्रम सुधार के जरिये 29 मौजूदा श्रम कानूनों को तर्कसंगत बनाने की कोशिश की गई है।*

### सीधी नियुक्ति पर सुविधाएं व लाभ देना होगा

*वर्तमान में मॉस्को स्थित हायर स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स के इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में 'लीड रिसर्च फेलो' और ब्रिटेन के बाथ विश्व-विद्यालय के सेंटर फॉर डेवलपमेंट स्टडीज में 'विजिटिंग' प्रोफेसर मेहरोत्रा ने कहा, "दूसरी समस्या यह है कि नए कानून के तहत अगर किसी कर्मचारी को आपने सीधे नियुक्त किया है, तो उसको उतनी ही सुविधाएं एवं लाभ देने होंगे, जो आप स्थायी कर्मचारी को देते हैं। यानी आपको समान वेतन देना होगा।*

### वेतन एक समान होगा

*मेहरोत्रा ने कहा, "कानून कहता है कि चाहे अनुबंध पर हो या फिर स्थायी कर्मचारी हो, उन पर वेतन और गैर-वेतन नीति एक समान लागू हों। संहिता में पेचीदगी यह है कि ...इस कानून में एक नये किस्म की श्रेणी 'फिक्स्ड टर्म' यानी निश्चित अवधि के लिए नियुक्त कर्मचारी' सृजित की गयी है, जिसकी चर्चा बहुत साल से हो रही है। लेकिन फिक्स्ड टर्म में उन्होंने समयसीमा नहीं लिखी है।*

# नेपाल ने चीनी कंपनी को दिया नेपाली बैंक नोट छापने का ठेका

- चीनी सिक्योरिटी प्रेस 50 और 500 रुपए का नोट भी छापेगा

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के विभिन्न मूल्यवर्ग के बैंक नोट छापने का ठेका एक चीनी सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस को मिला है, जिसमें सबसे नया 1,000 रुपये का नोट भी शामिल है।

नेपाल के केंद्रीय बैंक नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन को 50 रुपये, 500 रुपये और 1,000 रुपये के नेपाली बैंक नोट छापने का ठेका दिया है। एनआरबी के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने रविवार को पीटीआई-भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में दिए गए ठेके के अनुसार चीनी सिक्योरिटी प्रेस को नौ महीने के अंदर बैंक नोटों का डिजाइन, छपाई और आपूर्ति करनी है। अधिकारी ने कहा कि एनआरबी के निर्देश के अनुसार चीनी कंपनी नोट डिजाइन करती है और फिर उसकी बैंक से मंजूरी मिलने के बाद ही छपाई होती है। इस महीने की शुरुआत में इसी चीनी कंपनी को नेपाल के 1,000 रुपये के 43 करोड़ बैंक नोट डिजाइन करने और छापने के लिए आशय पत्र जारी किया गया था।



**इसमें सबसे नया 1,000 रुपए का नोट शामिल**

### चीनी कंपनी ने सबसे कम बोली लगाई थी

चीनी कंपनी सबसे कम बोली लगाने के आधार पर चुनी गई थी और उसने पहले भी नेपाल के पांच रुपये, 10 रुपये, 100 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट छापे हैं। नेपाल के केंद्रीय बैंक बृहस्पतिवार को 100 रुपये का नया नोट जारी किया था। इसमें देश का बदला हुआ नक्शा है, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्र को नेपाल में दिखाया गया है।

# एनसीएलएटी ने वोल्टास के खिलाफ दिवाला याचिका खारिज की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- एनसीएलटी के आदेश को सही ठहराया

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने वोल्टास के खिलाफ एक अर्जी खारिज कर दी है। इसमें टाटा समूह की कंपनी के खिलाफ उसके एक परिचालन ऋणदाता द्वारा दिवाला कार्यवाही शुरू करने की अपील की गई थी। एनसीएलएटी की दो सदस्यों वाली पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पहले के आदेशों को बरकरार रखा है, जिसने 27 मई, 2025 को पहले से मौजूद विवाद के आधार पर अर्जी खारिज कर दी थी। उसने अपील करने वाली एयर वेव टेक्नोक्राफ्ट्स और वोल्टास के बीच ई-मेल के आदान-प्रदान के आधार पर इस मौजूदा जारी विवाद मानने में कोई गलती नहीं की है। यह कार्य प्रमाणन, राशि और उससे जुड़े दस्तावेजों से संबंधित है। "हमें इस मामले में एनसीएलटी के नजरिये से अलग रुख अपनाने का कोई कारण नहीं दिखता, जिसने पहले से मौजूद विवादों के सही आधार पर धारा-9 आवेदन को खारिज कर दिया था। नतीजतन, हमें अपील में कोई दम नहीं मिला। हमें विवादित आदेश में दखल देने का कोई कारण नहीं मिला। अपील खारिज की जाती है।'' एनसीएलएटी का यह आदेश एयर वेव टेक्नोक्राफ्ट्स की एक याचिका पर आया है, जिसे वोल्टास ने अपने ग्राहकों को अलग-अलग वर्क साइट पर मौजूद 'सी' (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर-कंडीशनिंग) प्रणाली के परिचालन और रखरखाव के लिए सेवा देने के लिए नियुक्त किया था।

### वोल्टास भुगतान प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं कर पाया

एक बार जब ग्राहक स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) काटने के बाद वोल्टास को भुगतान जारी कर देता था तो टाटा समूह की कंपनी बदले में, कुछ रकम 'रिटेंशन मनी' के तौर पर रोककर शेष राशि अपीलकर्ता कंपनी को जारी कर देती थी। याचिका में कहा गया था कि वोल्टास बाद में अपनी भुगतान प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रही।

## एमटीएनएल पर लगा 5.42 लाख का जुर्माना ...




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने निदेशक मंडल में नियुक्ति से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने के लिए कर्ज में डूबी सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल पर 5.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एमटीएनएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसे नियमों के अनुसार चार और स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने हैं, लेकिन वह ऐसा करने में असमर्थ रही है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, एनएसई और बीएसई दोनों ने सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 की धारा 17(1) के उल्लंघन के लिए कंपनी पर 5,42,800 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें 4.6 लाख रुपये मूल जुर्माना तथा 82,800 रुपये 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

# मौद्रिक नीति व वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों की होगी घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख, ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अक्टूबर, 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े एक दिसंबर को जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, सोमवार को नवंबर के वाहन बिक्री के आंकड़े भी आएंगे, जो बाजार को दिशा देंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष- शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बहुत सारे आंकड़े आएंगे, जो बाजार में उतार-चढ़ाव का कारण बनेंगे। घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के आंकड़े आएंगे। इसके बाद एचएसबीसी विनिर्माण और पीएमआई के आंकड़े आने हैं। सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम पांच दिसंबर को आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे होंगे।

# महिंद्रा का अभी एसयूवी, इलेक्ट्रिक वाहन पर ध्यान देने का इरादा

- कंपनी प्रीमियम व अलग तरह की गाड़ियां लाने की योजना बना रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा घरेलू यात्री वाहन बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए प्रीमियम और अलग तरह की गाड़ियां पेश करने की अपनी रणनीति पर टिके रहने की योजना बना रही है।

इनमें आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाली एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं यह बात कंपनी के एक शीर्ष कार्यकारी ने कही है। मुंबई की इस बड़ी वाहन कंपनी की अपने उत्पाद श्रृंखला में सीएनजी और दूसरी वैकल्पिक ईंधन प्रौद्योगिकी लाने की अभी कोई योजना नहीं है, क्योंकि वह अपनी मुख्य ब्रांड पहचान पर टिके रहना चाहती है और ऐसे ग्राहकों को लक्षित करना चाहती है, जो अलग तरह के उत्पाद चाहते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष - वाहन कारोबार आर वेलुसामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारा ध्यान आईसीई और इलेक्ट्रिक पर रहा है, और हम इन क्षेत्रों में काफी बढ़ रहे हैं।



### 2028 तक ईवी हिस्सेदारी 25 फीसदी करने का लक्ष्य

इलेक्ट्रिक वाहन खंड की बात करें, तो कंपनी की योजना इस वित्त वर्ष के अंत तक 7,000 ईवी बेचने की है। कंपनी का इरादा 2028 तक अपनी कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी को करीब 25 प्रतिशत करने का है।

# रेपो दर में चौथाई प्रतिशत तक की कमी संभव

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आरबीआई मौद्रिक नीति समिति की बैठक 3 से 5 दिसंबर तक होनी है
- प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0 .25 प्रतिशत कम कर सकता है आरबीआई

मुद्रास्फीति का दबाव कम होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी आगामी मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत कम कर सकता है।

हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ब्याज दर को स्थिर रख सकता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति पिछले दो महीनों से सरकार के तय दायरे की निचली सीमा (दो प्रतिशत) से भी कम है।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अर्थव्यवस्था में आई तेजी के कारण आरबीआई ब्याज दरों को यथावत रख सकता है। यह तेजी राजकोषीय समेकन, लक्षित सार्वजनिक निवेश और जीएसटी दर कटौती जैसे विभिन्न सुधारों से समर्थित है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 3-5 दिसंबर 2025 तक होनी है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा पांच दिसंबर को समिति के फैसलों की घोषित करेंगे। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल फरवरी में दरों में कमी शुरू की थी और कुल एक प्रतिशत की कटौती करके रेपो दर को 5.5 प्रतिशत कर दिया था। अगस्त में कटौती रोक दी गई थी। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार मुद्रास्फीति का दबाव कम होने से आरबीआई आने वाली मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। एचडीएफसी बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल वृद्धि अनुमान से अधिक और मुद्रास्फीति अनुमान से कम है। इसके मुताबिक, ''इसलिए आरबीआई के आगामी फैसले में कांटे की टक्कर रहेगी।

### रेपो दर पर कांटे का मुकाबला

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत जीडीपी वृद्धि और न्यूनतम मुद्रास्फीति के साथ अब आरबीआई को इस सप्ताह होने वाली एमपीसी बैठक में व्यापक बाजारों को दर की दिशा बतानी है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आने वाली नीति में रेपो दर पर कांटे का मुकाबला होगा। चूंकि मौद्रिक नीति आगे की सोच वाली होती है और उस हिसाब से इस समय नीतिगत दर उचित स्तर पर दिख रही है।

## दो माह में कंपनियां आईपीओ से 40,000 करोड़ रुपए जुटाएंगी

# दो दर्जन कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकर्षण तेजी पकड़ रहा है। मर्चेंट बैंकरों का कहना है कि अगले दो माह के दौरान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, मीशो और जुनिपर ग्रीन एनर्जी समेत दो दर्जन और कंपनियां अपना सार्वजनिक निर्गम लाने की तैयारी कर रही हैं।

- मीशो और जुनियर ग्रीन एनर्जी जैसी कंपनियां लाएगी निर्गम

इन आईपीओ के जरिये करीब 40,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। इस मजबूत पाइपलाइन में कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स, होम और स्लीप समाधान ब्रांड वेकफिट इनोवेशंस, प्रौद्योगिकी आधारित सुरक्षा और निगरानी कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया और हॉस्पिटल श्रृंखला पार्क मेडी वर्ल्ड जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

### इस साल अब तक 96 कंपनियां हुई सूचीबद्ध

इस साल अब तक 96 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई हैं। इन कंपनियों ने आईपीओ से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें से 40 से ज़्यादा कंपनियां अकेले पिछले तीन महीने में सूचीबद्ध हुई हैं, जो प्राथमिक बाजार में बढ़ती गतिविधियों को दर्शाता है। इसकी तुलना में, 2024 में 91 सार्वजनिक निर्गम के जरिये कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे।




### पीएसयू से वर्ष 2025 में दो लाख करोड़ जुटाए गए

*इसे मजबूत खुदरा भागीदारी, निजी निवेश और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से समर्थन मिला था। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख - प्रेफर्ड, थॉमस स्टीफन ने कहा कि दिसंबर में कई आईपीओ आने वाले हैं। इससे 2025 में सार्वजनिक निर्गम के जरिये जुटाई गई राशि का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो भारतीय प्राथमिक बाजार के लिए नया रिकॉर्ड होगा।*


### पहले कंपनियां आईपीओ लाने हिचकिचाती थी

मेवेनार्क के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु अवस्थी ने इसी तरह की राय जताते हुए कहा कि जो कंपनियां पहले सार्वजनिक निर्गम लाने में हिचकिचाती थीं, अब वे समझ रही हैं कि लगातार वृद्धि के लिए काफी पूंजी की जरूरत होती है। आईपीओ के जरिये धन जुटाने वाली कंपनियां इस राशि का खर्च अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने, पूंजीगत व्यय, कर्ज भुगतान और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेंगी।

चिंतन

# नई एफआईआर से संदेश कानून से ऊपर कोई नहीं

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। साथ ही संदेश भी दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। गलत काम किया है तो जांच का सामना भी करना पड़ेगा। सजा भी भुगतनी होगी। इस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष हमेशा से ही कांग्रेस के खिलाफ मुखर रहा है। भाजपा शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस नेताओं ने बड़े-बड़े घोटाले किए हैं, देश को बर्बाद कर दिया और हजारों करोड़ का गोलमाल कर देश को पीछे धकेलने का काम किया है। अब ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नई एफआईआर दर्ज करने से उनके आरोपों को और बल मिला है। इस मामले को लेकर सत्तापक्ष के नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार एक भ्रष्ट परिवार है। वे कानून से ऊपर नहीं हैं। अगर आरोप हैं, तो एजेंसियां उसी हिसाब से अपनी जांच करेंगी। उनका कहना है कि नई एफआईआर दस्तावेजों और सबूतों के गहन अध्ययन के बाद दर्ज की गई है। कार्रवाई किसी भी तरह बदले की भावना से नहीं हुई। अदालत स्वतंत्र और निष्पक्ष है। जब प्राप्त साक्ष्य मिलते हैं, तब एफआईआर के लिए कहा जाता है। एफआईआर में साक्ष्य लगने के बाद कोर्ट उसको स्वीकार करता है। इस एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इसकी कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपये थी। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये चुकाकर एजेएल पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। ईडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/ एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कथित मनी लान्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। इसी सिलसिले में यह नई एफआईआर दर्ज हुई है। यह मामला सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। उन्होंने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया। अब दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। अब इस मामले में आगे क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस के बड़े नेताओं की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।



संसद का सत्र

डॉ. पवन कुमार शर्मा

# जनता की उम्मीदें जीतेंगी या राजनीति

**संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। इस शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा।**

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। शीतकालीन सत्र में इस बार केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक सुधार, निवेश-प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा विकास, शिक्षा सुधार, सुशासन व कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर है।

मानसून सत्र में सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे गए दो विधेयकों- जन विश्वास विधेयक 2025 एवं भारत में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक पर इस सत्र में पुनर्विचार एवं पारित होने की संभावना है। जन विश्वास विधेयक दर्जनों छोटे कंप्लायंस संबंधी अपराधों को डिक्रिमिनलाइज करता है जबकि आईबीसी संशोधन विधेयक में बड़े बदलावों के जरिए कर्जदार-लेनदार के विवादों को तेजी से खत्म करने पर फोकस है। इस विधेयक का उद्देश्य प्रक्रियात्मक अनुशासन को कड़ा करना, जटिल कॉर्पोरेट संरचनाओं के लिए समूह दिवालियापन की रूपरेखा पेश करना और सीमा-पार दिवालियापन के मामलों को संभालना है। इसमें सरकार के बकाया को 'सेक्योर्ड क्रेडिटर' मानने जैसे सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को बदलने का भी प्रस्ताव है। संसद के विंटर सेशन के दौरान जिन 10 नए विधेयकों के पेश होने की संभावना है उनमें एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025 प्रमुख है जो नागरिक परमाणु ऊर्जा सेक्टर में निजी कंपनियों को भागीदारी की अनुमति देने और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का नया नियामक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। दूसरा महत्वपूर्ण बिल हायर एजुकेशन कमिशन ऑफ इंडिया बिल 2025 है जो उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता, मान्यता, शासन-संरचना आदि सुधारने के लिए एक नया आयोग स्थापित करने का प्रयास करता है। इसी तरह नेशनल हाइवेज संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, भूमि अधिग्रहण, पारदर्शिता और गति को बेहतर बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव करता है। कॉर्पोरेट लॉज संशोधन विधेयक 2025, कंपनी कानूनों में सुधार व अद्यतन व्यापार-नियमों और कॉर्पोरेट संचालन में बदलाव का प्रस्ताव करता है। सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल 2025, प्रतिभूति बाजार संबंधित कई पुराने कानूनों को एक समेकित कोड में बदलने का प्रस्ताव करता है ताकि विनियमन और निवेश आसान हो सके। इंश्योरेंस लॉज संशोधन विधेयक 2025, बीमा क्षेत्र में सुधार, निवेश-पर्यावरण सुगम बनाने और मार्केट विस्तार के लिए कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव करता है। आर्बिट्रेशन एवं कॉन्सिलिएशन संशोधन विधेयक 2025, मध्यस्थता व सुलह प्रक्रियाओं को द्रुत व सरल बनाने हेतु संशोधन का प्रस्ताव करता है। रिपीलिंग एवं संशोधन विधेयक 2025, पुराने, अप्रयुक्त या अव्यवहार्य कानूनों को निरस्त या संशोधित करने से संबंधित है। मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक 2025, मणिपुर के लिए माल एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल है जिससे राजस्व व स्थानीय कानून–व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाएं सुधारने का प्रस्ताव है। इसके अलावा संविधान विधेयक 2025, संवैधानिक स्तर पर कुछ



प्रावधानों में बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक है जो संविधान के प्रावधानों को अद्यतन या संशोधित करने का प्रस्ताव करता है। 18वीं लोक सभा का छठा सत्र देश की राजनीति, कानून और नीति निर्माण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2025 का यह शीत सत्र कई संवेदनशील मुद्दों और बड़े सुधारों के कारण विशेष रूप से चर्चा में है। दिल्ली एनसीआर में वायु-प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विंटर सेशन में विपक्ष इस मुद्दे को 'स्वास्थ्य आपातकाल' की तरह उठाने का मंसूबा जाहिर कर चुका है। हालांकि यह विषय सत्र के आधिकारिक एजेंडे में नहीं है, फिर भी यह जनता के जीवन-स्तर से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर इस सत्र के दौरान गहमागहमी होने के पूरे आसार हैं। तमाम विपक्षी दल इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और मतदाता बहिष्करण के जोखिम की बातें कई महीनों से उठा रहे हैं, लिहाजा विरोधी दलों की तरफ से इस मुद्दे पर विस्तृत बहस की मांग की जा रही है। 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा को एजेंडे में विशेष रूप से शामिल किया गया है। यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान से जुड़ा विषय है लिहाजा इसमें संवेदनशीलता तो है लेकिन इस मुद्दे पर सियासत और राजनीतिक बयानबाजी भी खूब हो रही है। सरकार के प्रस्तावित एजेंडा के साथ-साथ, विपक्ष की ओर से कुछ गंभीर चिंताएं व तैयारियां देखी जा रही हैं जो शीतकालीन सत्र को चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक बना सकती हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दल पहले ही तीखी नाराजगी जता चुके हैं। उनका आरोप है कि इसमें राजनीतिक दुरुपयोग हो सकता है। इस तरह की बहसों में राजनीतिक, क्षेत्रीय और धार्मिक मतभेद भी खुलकर सामने आ सकते हैं। आर्थिक सुधारों को लेकर खासकर दिवालियापन व निजी क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा विषय पर विपक्ष यह सवाल उठाता रहा है कि इससे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और छोटे उद्योगों की स्थिति पर क्या असर पड़ेगा। साथ ही, यदि सत्र में पर्याप्त समय नहीं दिया गया या सार्वजनिक बहस सीमित रही तो नीतिगत बदलावों और संवैधानिक संशोधनों पर व्यापक सामाजिक विमर्श नहीं हो सकने का जोखिम भी है। सत्र की छोटी अवधि यानी महज 15 बैठकों में इतने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत बहस कठिन है। इसमें जल्दबाजी या आधी-अधूरी चर्चा का जोखिम है। यदि प्रक्रियाएं जल्दबाजी में होंगी तो जनता और विशेषज्ञ समूहों की भागीदारी कम हो सकती है, जिससे नीतियों पर भरोसा घटने का खतरा है।

सच्चाई यह भी है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान मतदाता पुनरीक्षण का मामला हावी रहा था और उत्पादकता में भारी कमी आई थी। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चले मानसून सत्र के दौरान लगभग दो-तिहाई समय व्यवधान की भेंट चढ़ा था। 18वीं लोकसभा में अब तक के सत्रों की यह सबसे कम उत्पादकता है। प्रश्नकाल के दौरान, लोक सभा में निर्धारित समय का केवल 23% तथा राज्य सभा में केवल 6% ही काम हो सका। 18वीं लोक सभा का यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार और विपक्ष मिलकर लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए संवेदनशील और गंभीर बहस कर पाते हैं। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा

(लेखक संसद टीवी में कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गीता जयंती विशेष

डॉ. सुशील टाया



# गीतामय पंच परिवर्तन

**कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।**
**लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन् कर्तुमर्हसि॥**

महाभारत के युद्ध में अर्जुन का मन जब विषादों से भर जाता है तब भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि हे अर्जुन, व्यक्ति की महानता पलायन और कर्म से विमुख होने में नहीं, बल्कि निःस्वार्थ भाव से कर्म करते हुए लोकहित में कार्य करने में है। प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्य और आचरण से व्यापक सामाजिक परिवर्तन का कारण बन सकता है। व्यक्ति अपने कर्म, अनुशासन व चरित्र से उत्तमता प्राप्त कर सकता है। एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने परिवार को संस्कारित और संगठित बनाता है। इससे समाज संगठित और कर्तव्यनिष्ठ होगा, तो निश्चित तौर पर राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। इससे विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना को भी बल मिलेगा, जिससे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व-बोध व पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। गीता के तीसरे अध्याय के बीसवें श्लोक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्व-कल्याण के पंच परिवर्तन का सार स्पष्ट रूप से निहित दिखाई देता है। गीतामय पंच परिवर्तन हमें मानवता के कल्याण की ओर ले जाते हैं।

**नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।**
**उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥**

गीता के दूसरे अध्याय का सोलहवां श्लोक हमें बताता है कि सत्य शाश्वत है और असत्य क्षणिक। यही संदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्व-बोध परिवर्तन का आधार बनता है, जो प्रत्येक व्यक्ति में अपनी संस्कृति, इतिहास और पहचान के प्रति आत्मगौरव जगाता है। जब हम अपने सत्य को पहचानते हैं, तभी राष्ट्रनिर्माण की मजबूत नींव रखी जाती है।

**आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन ।**
**सुखं वा यदि वा दुःखं सः योगी परमः मतः ॥**

गीता के छठे अध्याय का बत्तीसवां श्लोक हमें बताता है कि सच्चा योग वही है जो अपने अंदर और समाज में समानता का अनुभव करता है। जब व्यक्ति स्वयं को और दूसरे को एक ही दिव्य चेतना का अंश समझने लगता है, तभी भेदभाव मिटते हैं। समाज का प्रत्येक घटक सम्मान का पात्र है और किसी प्रकार का ऊंच-नीच, जात-पात, भेदभाव हमारे राष्ट्रीय चरित्र के विपरीत है। सभी को अपने समान देखना ही वास्तविक समरस समाज का आधार बनता है और यही संदेश गीता से संघ के समरसता-परिवर्तन को दिशा देता है।

**अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः।**
**स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसंकरः॥**

गीता के पहले अध्याय के 41वें श्लोक में परिवार को समाज की मूल इकाई माना गया है। जब परिवार में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्य मजबूत रहते हैं, तो समाज की नींव भी मजबूत होती है। अधर्म के बढ़ने से परिवार और कुल का पतन होता है, जिससे समाज में अस्थिरता आती है। इसलिए कुटुम्ब प्रबोधन का उद्देश्य परिवार को जागरूक और संस्कारित करना है, ताकि प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझे और परिवार से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण में भी परिवार जागरण इसी सिद्धांत पर आधारित है, जो व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है।

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।।**

गीता के तीसरे अध्याय के पैंतीसवें श्लोक में हमें अपने स्वधर्म का पालन करने का महत्व बताया गया है। प्रत्येक नागरिक का अपने समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना सर्वोच्च है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण से, यह नागरिक कर्तव्य-जैसे ईमानदारी, अनुशासन, समाज सेवा, राष्ट्रहित में कार्य करना-हमारे जीवन का मूल आधार है। गीता के अनुसार सभी जीव और प्राणी प्रकृति के साथ गहरे संबंध में हैं। तीसरे अध्याय के तेरहवें श्लोक में हमें यह समझने का संदेश देता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है और उसके संसाधनों का संतुलित उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को समाजिक कर्तव्य मानता है। यह श्लोक हमें यह प्रेरणा देता है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखें, अपव्यय से बचें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें। गीता में प्रत्येक समास्या का समाधान है। बस जरूरत है कि व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जाए। संघ का मूल उद्देश्य भी व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का है। गीता व्यक्ति को सही मार्ग दिखाती है। गीतामय पंच परिवर्तन व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी में विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना निहित है।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## सटाका




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीज़ों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है। चीज़ों को कम करके हम बहुत सारा पैसा भी बचा सकते हैं। बहरहाल अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी है। *– मोहन देवांगन, भिलाई*

## करंट अफेयर

### आयु सीमा बढ़ने से 37 लाख चीनी ने दी सिविल सेवा परीक्षा



पात्रता आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक किए जाने के बाद पहली राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा में रविवार को 37 लाख से अधिक चीनी नागरिक उपस्थित हुए, जिससे देश में बढ़ती बेरोजगारी के दबाव के बीच सरकारी नौकरियों की मांग में वृद्धि का संकेत मिलता है। यह परीक्षा देश की केंद्र सरकार और उसके विभागों में पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, 37 लाख से ज़्यादा चीनी नागरिक इस परीक्षा में शामिल हुए, जिसका मतलब है कि औसतन लगभग 98 आवेदक एक उपलब्ध पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इनमें से लगभग 70 प्रतिशत रिक्तियां नए कॉलेज स्नातकों के लिए आरक्षित हैं। चीन ने इस परीक्षा के लिए पात्रता आयु सीमा को सामान्यतः 38 वर्ष कर दिया है। पात्रता की उम्र सीमा को 35 वर्ष से बढ़ाए जाने को स्वागत योग्य कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नये स्नातक से लेकर मास्टर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए आयु सीमा को और कम करके 43 वर्ष कर दिया गया है। यह चीन द्वारा हाल में विदेशी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पेशेवरों के लिए के-वीजा की घोषणा के बाद पहली परीक्षा है।

## ऑफ बीट


### ठंड में फंसने पर शरीर के साथ क्या होता है



तापमान में गिरावट के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को वाहिका संकीर्णन कहा जाता है जो रक्त वाहिकाओं की दीवारों में छोटी मांसपेशियों द्वारा संकुचन है। अगर तापमान शून्य से कम चार डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जाता है तो वैसोकंस्ट्रिक्शन रक्त में बर्फ के क्रिस्टल बनने से भी रोकता है। जब शरीर के अंदरुनी अंगों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है तो हाइपोथर्मिया होता है। इसका मतलब है कि शरीर पर्याप्त गर्मी पैदा करने में असमर्थ है। हल्के चरण में शरीर का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर जाता है। दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सांस लेने की दर और रक्तचाप बढ़ जाता है तथा कंपकंपी से मांसपेशियां तनावग्रस्त हो जाती हैं। मध्य चरण में शरीर का तापमान 28 से 32 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। इस चरण में शरीर के सभी अंगों के काम करने की गति धीमी हो जाती है और कंपकंपी बंद हो जाती है। गंभीर चरण में शरीर का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है और शरीर के ज्यादातर अंग काम करना बंद कर देते हैं। इस चरण तक ज्यादातर लोग अचेत हो जाते हैं। दिल और फेफड़ों की स्थिति बिगड़ जाती है।


## X ट्रेंड f

### गीता महोत्सव



सऊदी अरब और लातविया में गीता महोत्सव उल्लेखनीय प्रयास हैं, जो प्रवासी भारतीयों तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति उत्साही लोगों के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करते हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ज़हरीली हवा



मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### स्वच्छ हवा और हरियाली



भाजपा सरकार पैसे के लालच में लखनऊ के 'हरित-हृदय' जनेश्वर मिश्र पार्क को अपनी इवेंटबाजी से दूर रखे। लखनऊ के नागरिकों का स्वच्छ हवा और हरियाली पर पूरा अधिकार है। हम सबको मिलकर एक नागरिक आंदोलन की तरह इसका पुरज़ोर विरोध करना चाहिए।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### उज्ज्वला योजना



उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन और सिलेंडर दिल्ली की गृहणियों को रसोई के धुएं से राहत देंगे और प्रदूषण को कम करके घरों और वातावरण दोनों को अधिक सुरक्षित बनाएंगे। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह योजना हर ज़रूरतमंद परिवार तक पहुंचे।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# चक्रवात तूफान दितवाह ने मचाई तबाही: तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत जलमग्न हुई 57,000 हेक्टेयर खेती, मलबे में बदले 234 कच्चे मकान

## 149 जानवरों की जान गई वहीं बचाव दलों ने अपना काम शुरू कर दिया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

चक्रवात तूफान दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हो गई। तूतीकोरिन और तंजावुर में रविवार को दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान चली गई। राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया कि तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह रविवार शाम को तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराया। मौसम विभाग ने कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था।


जलमग्न हुआ तमिलनाडु का नागापट्टी इलाका, ड्रोन से लिया गया दृश्य

### 28 से ज्यादा टीमों को तैनात किया गया है

*एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है।इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।*

### 3 राज्यों में निपटने की ये तैयारियां

**तमिलनाडु**

▶▶ 14 एनडीआरएफ टीमें तैनात हैं। पुणे और वडोदरा से 10 और टीमें चेन्नई भेजी गईं।

▶▶ रामेश्वरम-चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेनों का रूट बदला गया है।

▶▶ इंडिगो ने जाफना, तूतीकोरिन और तिरुचिरापल्ली आने-जाने वाली फ्लाइट कैंसिल कीं।

**पुडुचेरी**

▶▶ पुडुचेरी में साइक्लोन से निपटने के लिए 2 एनडीआरएफ टीम तैनात की गईं।

▶▶ सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दीं।

▶▶ पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे।

**आंध्र प्रदेश**

▶▶ 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

### श्रीलंका में रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी वायुसेना

चक्रवाती तूफान दितवाह ने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है। भारतीय वायुसेना 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत श्रीलंका को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है। सी-130जे परिवहन विमान और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर को सहायता के कामों में तैनात किया गया है। सी-130जे परिवहन विमान एनडीआरएफ की टीम और उपरकरण को लेकर पहुंचा। वहीं एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर राहत और बचाव के काम में तैनात है। इसके साथ श्रीलंका में फंसे भारतीयों को भी सुरक्षित लाया जा रहा है। एक गरुड़ कमांडो के ग्रुप को क्रॉस-कंट्री रूट से कोटमाले में हेलीपैड पर उतारा गया से 24 यात्रियों, जिनमें भारतीय, विदेशी नागरिक और श्रीलंकाई शामिल थे, को कोलंबो ले जाया गया। इसी तरह, तीन गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत मेडिकल मदद के लिए हेलीकॉप्टर से कोलंबो ले जाया गया।


हेलिकॉप्टर से फंसे लोगों को निकाला

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में गोलीबारी में चार की मौत, 10 घायल

**स्टॉकटन।** कैलिफोर्निया के स्टॉकटन शहर में एक बैंक्वेट हॉल में एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सैन जोएकिन काउंटी के शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता हीदर ब्रेंट ने कहा कि पीड़ितों में बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं और प्रारंभिक संकेतों के अनुसार यह लक्षित हमले का मामला हो सकता है। घायलों की स्थिति बताई।



### हांगकांग में आग लगने से मरने वालों की संख्या 146 हुई

**हांगकांग।** हांगकांग में सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई, जबकि 150 लोगों का अब भी पता नहीं चल पाया है। तलाशी अभियान पांचवें दिन भी जारी है। हांगकांग के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने बुधवार को आग लगने वाली इमारतों के नवीकरण कार्य से जुड़ी एक महिला सहित आठ लोगों को कथित रूप से ज्वलनशील और घटिया सामग्री का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



## पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किया गिरफ्तार

# इंटरनेशनल टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश, तीन लोग गिरफ्तार, आईएसआई से जुड़े हैं तार!

**दिल्ली पुलिस ने** आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तीन को दबोचा

**पंजाब, उत्तर प्रदेश** और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती का शक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। इन्हें पंजाब, मध्य प्रदेश और यूपी से गिरफ्तार किया गया है। शहजाद पहले पाकिस्तान का बड़ा गैंगस्टर था लेकिन कई साल से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआईएस से जुड़कर उसने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने लगा।

भारत विरोधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण शहजाद भट्टी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां गैंग्स्टर आतंकी गठजोड़ मानती है। गिरफ्तार किए गए इन तीनों गैंग्स्टर विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19 वर्ष) पुत्र मूल चंद निवासी मध्य प्रदेश के दतिया, हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत (19 वर्ष) पुत्र सरदार गुरपेज सिंह निवासी पंजाब के फिरोजपुर और आसिफ उर्फ आरिश (22 वर्ष) पुत्र अलताफ शाह निवासी यूपी के बिजनौर जिले के रेहड़ थानाक्षेत्र के रूप में इनकी पहचान की गई है।


गिरफ्तार आरोपी

### पाक ने सीमा से हटाए 72 आतंकी लांचपैड, 118 चौकियां भी हुईं ध्वस्त

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आइजी) शशांक आनंद ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने सीमा पार पाकिस्तान में भारी तबाही की। जम्मू संभाग में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी पाकिस्तान की 118 अग्रिम चौकियों को बर्बाद किया। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने 72 से ज्यादा आतंकी लांचपैड दूरी वाले इलाकों में शिफ्ट कर दिए हैं। सियालकोट सेक्टर में तीन आतंकी लांचिंग पैड को नष्ट किया गया था, लेकिन अब भी करीब 12 लांचपैड सियालकोट और जफरवाल के डेप्थ एरिया से काम कर रहे हैं। इसी तरह सीमा से दूर दूसरे डेप्थ परिया में 60 लांचपैड काम कर रहे हैं। सेना आपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी से तैयार है। आइजी आनंद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



### नेटवर्क के लिए भर्ती का शक

*पुलिस को जांच में पता चला है कि ये मॉड्यूल पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था। आरोपी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए आईएसआई से निर्देश लेते थे और दिल्ली-एनसीआर में विस्फोटक हमलों की प्लान कर रहे थे। पुलिस को शक है कि ये नेटवर्क पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती कर रहा था। बता दें कि शहजाद भट्टी ने हाल ही में पंजाब में एक भाजपा नेता के घर के बाहर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। ये मॉड्यूल बिश्नोई गैंग और बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा था।*

### अनमोल को टारगेट का प्लान

पुलिस को जांच में ये भी पता चला है कि शहजाब भट्टी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की हत्या का प्लान था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन तीन लोगों में से एक वह शख्स है जो अनमोल को टारगेट के प्लान में शामिल था। अब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल इस इनपुट पर भी अपनी जांच कर रही है। वहीं, 27 अक्टूबर को अनमोल ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में एप्लीकेशन लगाकर दावा किया था कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से उसे जान का खतरा है।

*घरों की ओर बढ़ रहे थे, तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें यैंगांगपोकपी में रोक दिया*

## मणिपुर में राजभवन के सामने घर लौटने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से सुरक्षा बलों की झड़प हो गई


तैनात सुरक्षा बल

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से रिलीफ कैंप में रह रहे सैकड़ों बेघर लोगों की शनिवार को मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प हुई। जिले के बाहरी इलाके ग्वालताबी इलाके में अपने घरों को लौटने की कोशिश कर रहे लोगों के ग्रुप को सिक्योरिटी वालों ने तब रोक दिया जब वे घर जाने की कोशिश कर रहे थे।

यह टकराव याइंगंगपोकपी में हुआ, जिससे तनाव बढ़ गया और हालात तेज़ी से बिगड़ गए। सिक्योरिटी फोर्स ने ग्रुप को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। बल का इस्तेमाल भीड़ को कंट्रोल करने और हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए किया गया था। यह घटना जिले में बेघर लोगों और अधिकारियों के बीच टकराव के पैटर्न को दिखाती है, खासकर 21 नवंबर को संगाई फेस्टिवल शुरू होने के बाद से।

### पाबंदियों पर उठाए सवाल

*एक प्रोटेस्टर, एस. इबेम्चा देवी ने व्यवस्था बहाल करने के सरकारी भरोसे के बावजूद जारी पाबंदियों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, सरकार के मुताबिक, राज्य में नॉर्मल हालात बहाल हो गए हैं। तो फिर, हमें अपने घरों में लौटने की इजाज़त क्यों नहीं है? उन्होंने बेघर हुए लोगों में से कई लोगों की निराशा ज़ाहिर करते हुए कहा। अधिकारियों ने कहा कि हालात तनावपूर्ण होने के बावजूद, हटाने की कोशिशों के बाद कंट्रोल में हैं। एक अधिकारी ने कहा कि हालात तनावपूर्ण लेकिन कंट्रोल में हैं।" हाल की घटनाओं और चल रहे फेस्टिवल की एक्टिविटीज़ को देखते हुए सिक्योरिटी फोर्स इलाके पर करीब से नज़र रख रही हैं। लोकल रिपोर्ट्स के मुताबिक, संगाई फेस्टिवल शुरू होने के बाद से कई बार ऐसी ही झड़पें हुई हैं।*

## बम विस्फोटों से फिर दहला पाकिस्तान

# बलूचिस्तान में 24 घंटे में हुए सात धमाकों से दहशत में मुनीर की सेना, मुख्य लाइन उड़ाई

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटे में कम से कम सात धमाके हुए, जिनमें एक निर्माण कंपनी के दो सुरक्षा गार्ड घायल हो गए।संदिग्ध उग्रवादियों ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में हमले किए।

उग्रवादियों ने शनिवार को क्वेटा में एक पुलिस चौकी पर हाथगोले फेंके, जिसके बाद आईईडी से आतंकवाद विरोधी विभाग की एक गाड़ी के पास विस्फोट किया गया। इसके बाद शाम को तीन और विस्फोट हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आसिफ खान ने कहा कि विस्फोट लोहर कहरेज के पास हुआ, जो क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित है।

उन्होंने कहा कि इस विस्फोट के जरिये क्वेटा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली मुख्य लाइन उड़ा दी गई।


घटना स्थल का दृश्य

### धमाके के बाद मची अफरा तफरी, लोग भागते दिखे


इस घटना के बाद राजधानी में डर और अफरा-तफरी का माहौल हो गया, हालांकि किसी की मौत होने की खबर नहीं मिली है। एसएसपी खान ने बताया कि उग्रवादियों ने रेलवे ट्रैक पर आईईडी लगाए थे और जब ट्रेन क्वेटा स्टेशन पहुंचने वाली थी, तो विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के कारण पटरी को नुकसान पहुंचा, जिसके कारण रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं।

## इजराइल के इतिहास में पहली घटना

# भ्रष्टाचार के मामले में घिरे पीएम नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से मांगी माफी

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से माफी (पार्डन) की औपचारिक मांग कर दी है।



यह घटना इजरायल के इतिहास में पहली बार हुई है, जब कोई पदस्थ प्रधानमंत्री ने खुद के लिए माफी की अर्जी दी हो। रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को माफी याचिका सौंप दी है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे असाधारण अनुरोध करार देते हुए कहा कि इस याचिका के गंभीर और दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। नेतन्याहू पर तीन अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के आरोप हैं। उन पर धनवान समर्थकों से राजनीतिक फायदे के बदले अनुचित लाभ देने का इल्ज़ाम है।

## काला सागर में फिर बढ़ा तनाव

# रूसी तेल टैंकरों पर यूक्रेन का हमला तुर्की बोला– हमारे हितों को खतरा

एजेंसी ▶▶ कीव

तुर्की सरकार ने काला सागर में रूसी शैडो फ्लीट के दो तेल टैंकरों पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की है। तुर्की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओंकू केसेली ने कहा कि केरोस और विराट नामक जहाजों पर हुए हमले तुर्की के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर हुए थे।

इन हमलों से क्षेत्र में नौवहन सुरक्षा, मानव जीवन, संपत्ति और पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट में केसेली ने लिखा कि तुर्की यूक्रेन युद्ध को काला सागर के पार फैलने से रोकने और अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी संबंधित पक्षों से लगातार संपर्क और बातचीत कर रहा है। ओपनसैंक्शंस डेटाबेस (जो प्रतिबंधों से बचने वाले व्यक्तियों और संगठनों पर नजर रखता है) के अनुसार, ये दोनों जहाज़ उस शैडो फ्लीट का हिस्सा हैं।


आग का गोला बना टैंकर

### रूस की तरफ जा रहा था टैंकर तभी हमला

जिसका उपयोग 2022 में रूस के यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण के बाद लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों को चकमा देने के लिए किया जा रहा है। तुर्की के समुद्री मामलों के महानिदेशालय ने बताया कि तुर्की तट से लगभग 28 समुद्री मील दूर नोवोरोसिस्क (रूस) की ओर जा रहा खाली केरोस टैंकर अचानक बाहरी आघात के कारण जल उठा।

## लाल आतंक को फिर बड़ी चोट

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाडा में 37 नक्सलियों ने किया सरेंडर


पुलिस ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 37 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। मिनपा जैसी घटना में शामिल नक्सली ने अपने 36 साथियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। इस समर्पण के साथ ही एक और टीम बिखरती हुई नजर आ रही है, इन सभी नक्सलियों के ऊपर 65 लाख का इनाम घोषित था। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि पूना मारगेम जिसका अर्थ पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल पर भरोसा जताते हुए नक्सली हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपना रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में कुछ वर्ष पहले मिनपा में पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर 26 जवानों के बलिदान होने और 20 जवानों को घायल कर हथियार एवं एम्युनिशन लूटने की घटना में शामिल माओवादी ने भी सरेंडर किया है।

## विदेश मंत्री का बड़ा बयान, कहा- दुनिया अनिश्चितता और भ्रम में पहुंच गई

*भारत अपनी क्षमता और 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करने में जुटा*

# अमेरिका के अपने बदलते नियम और चीन की मनमानी चाल के मद्देनजर भारत अब चुप नहीं रहेगा: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को वैश्विक हालात पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के नियम अपने हिसाब से बदल दिए हैं, जिससे पूरी दुनिया अनिश्चितता और भ्रम की स्थिति में है।

जयशंकर के अनुसार अमेरिका अब देशों के साथ सीधे वन-टू-वन डील कर रहा है, जबकि चीन अपने बनाए नियमों को और सख्ती से लागू कर रहा है। इस माहौल में भारत चुप बैठने के बजाय अपनी राष्ट्रीय क्षमता बढ़ाने और कमजोरियों को कम करने पर फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ऐसी सोच नहीं थी, लेकिन अब 'मेक इन इंडिया' भारत की प्राथमिक रणनीति बन चुकी है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से वैश्विक सिस्टम का नेतृत्व कर रहा था, लेकिन अब उसने अचानक अपने एंगेजमेंट के तरीके बदल दिए हैं।

वहीं चीन अपनी पुरानी रणनीति पर चलते हुए अपनी मनमर्जी से नियम लागू कर रहा है। इसका असर यह है कि अन्य देशों में असमंजस बढ़ रहा है। ग्लोबलाइजेशन दबाव में है और सप्लाई चेन को लेकर डर बढ़ गया है।


विदेश मंत्री एस जयशंकर बोलते हुए

### विदेश मंत्री ने चीन को लेकर कही ये बड़ी बात

*जयशंकर ने 'मेक इन इंडिया' को भारत की बदलती तस्वीर का आधार बताया। पिछले दस वर्षों में इस अभियान ने नए विज़न और बड़े लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि वे केवल छोटे लाभ पर ध्यान न दें, बल्कि भारत की घरेलू सप्लाई चेन मजबूत करने और ग्लोबल मार्केट में अपनी जगह बनाने में साझेदारी करें। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' तभी पूरी तरह सफल होगा जब रिसर्च, डिजाइन और इनोवेशन भी भारत में ही किए जाएं। चीन पर निर्भर वैश्विक सप्लाई चेन को लेकर जयशंकर ने कहा कि दुनिया का लगभग एक-तिहाई उत्पादन चीन में होता है। इससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता को खतरा बढ़ता है। जलवायु संकट, युद्ध और ऊर्जा बाज़ार में उथल-पुथल ने जोखिम और बढ़ा दिए हैं। अमेरिका अब ऊर्जा निर्यातक बन रहा है, जबकि रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर पर चीन का व्यापक नियंत्रण है। ब्लॉकचेन, आर्थिक प्रतिबंध और टैरिफ ने व्यापार और वित्त जगत में नई अनिश्चितताएं पैदा कर दी हैं।*

### बदलते हालातों पर की गई चर्चा

कई देश अब अपने लिए सुरक्षित विकल्प तलाश रहे हैं। अमेरिका और चीन दोनों से डील कर रहे हैं और साथ ही आपस में भी नए समझौते, खासकर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स, कर रहे हैं। इन बदलते हालात में भारत की रणनीति पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि देश ऐसी नीतियों पर काम कर रहा है जो उसकी शक्ति और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाएं। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एक बड़े देश के पास मजबूत औद्योगिक आधार होना जरूरी है।

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की मीडिया ट्रायल रोकने की मांग

### अजाक्स के नवागत प्रदेश अध्यक्ष वर्मा के बयानों को तोड़-मरोड़ कर किया गया पेश

# सामाजिक समरसता से ही होगा भेदभाव ख़त्म : अजाक्स

हरिभूमि जबलपुर।



मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि भोपाल में आयोजित हुए अजाक्स के अधिवेशन के दौरान 23 नवम्बर 2025 को नवनियुक्त प्रान्ताध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस) के बयानों को गलत तरीके से सोशल मीडिया में पेश किया गया है। शनिवार की देर शाम वीरबहादुर सिंह तहसीलदार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पांच मांगें जिला अजाक्स, अन्य पिछड़ा वर्ग महासभा, अकास एवं जयस, जी.एस.यू. ने की है। बताया गया कि आईएएस संतोष वर्मा अनुसूचित जनजातीय वर्ग से आते हैं उनके द्वारा सामाजिक समरसता सद्भाव और जातिवाद उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक संवैधानिक एवं डॉ. बाबा साहब की विचारधारा पर आधारित उद्बोधन दिया गया था। उनका वक्तव्य रोटी-बेटी के संबंधों द्वारा सामाजिक एकता, हिन्दू एकता तथा जात-पात से ऊपर उठकर मानवता एवं संविधान को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। किन्तु कुछ तथाकथित समाज विरोधी तथ्य दलित एवं आदिवासी विरोधी मानसिकता रखने वाले समूह तथा निजी स्वार्थ से प्रेरित संगठन आईएएस वर्मा के उद्बोधन को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर भ्रामक तरीके से सामाजिक वैमनस्यता फैलाने हेतु प्रस्तुत कर रहे हैं। यह बड़ी गम्भीर चिन्ता का विषय है कि बिना उचित विचार विमर्श तथ्यों की निष्पक्ष जांच एवं कानूनी प्रक्रिया अपनाये बिना श्री वर्मा (आईएएस) को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जो प्रदेश में यह सन्देश देता है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14, 15, (4), 16(4) 21, 38(2) एवं 46 के विपरीत है जो सामाजिक न्याय समानता एवं संरक्षण की गारण्टी देते हैं।

संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अजाक्स द्वारा 5 मांगें भी रखी गई हैं जिसमें बताया गया कि संतोष वर्मा (आईएएस) प्रान्ताध्यक्ष अजाक्स संघ मप्र के विरूद्ध जारी कारण बताओ नोटिस तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाये। समाज में जाति तनाव एवं वैमनस्यता फैलाने वाले व्यक्तियों/ समूहों के विरूद्ध अनुसूचित जाति एवं जनजातीय, (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। मीडिया ट्रायल कर रहे समाचार पत्र को चेतावनी दी जाये तथा तथ्यात्मक संवैधानिक एवं संतुलित पत्रकारिता के लिये निर्देशित किया जाये। शासन एक स्वतंत्र समिति गठित कर प्रकरण की जांच सुनिश्चित कर आदिवासी दलित एवं वंचित वर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों को बिना कारण प्रताड़ित न किया जाये। साथ ही सामाजिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता के संवर्धन हेतु 'अनुलोम विलोम विवाह योजना' को अधिक सशक्त रूप में लागू किये जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई है।

संघ के अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी, राकेश समुन्द्रे, नेतराम झारिया, उदय राज ठाकुर, राम रतन यादव, वीरेंद्र तेकाम, ऐबू डेविड, महिपाल आर्मो, विष्णु डहरिया, दिलदार चौधरी, विनय धुर्वे आदि उपस्थित थे।



# बहुजन क्रांति मोर्चा ने ज्योतिबा फुले का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**जबलपुर।** तीन मूर्ति चौक सदर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर तथा बाबा साहब आम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर तथागत गौतमबुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भा.मु.मो., बहुजन क्रांति मोर्चा द्वारा किया गया। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले के महापरिनिर्वाण दिवस पर तीन मूर्ति चौक पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। उनके त्याग के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा शूद्र एवं अति शूद्रों के साथ-साथ महिलाओं को शिक्षा देने के कारण धर्मविरोधी बताकर उनके पिता के घर एवं समाज से बहिष्कृत होने के बाद मरते दम तक समाज सुधार के लिए लगातार आंदोलन चलाने वाले सामाजिक क्रांति के पितामह महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को व 28 नवम्बर 1890 को उनका महापरिनिर्वाण हुआ। एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी उन्हें आज पूरा भारत आधुनिक भारत के सामाजिक क्रांति के पितामह के रूप में मानता है और बहुजन समाज अपना राष्ट्रपिता मानता है, वे बहुजन समाज के सच्चे राष्ट्रपिता थे, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के गुरु महात्मा ज्योतिराव फुले ने छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना गुरु माना और बिना तलवार उठाए जीवन भर जातिवादियों के खिलाफ आंदोलन चलाकर भेदभाव, छुआछूत, सती प्रथा, दास प्रथा, जैसे अमानवीय प्रथाओं को जीते जी खत्म किया, अंग्रेजी शिक्षा के जमाने में सातवीं पास कर कई महिलाओं के लिए स्कूल खोले और जातिवाद से लड़ना ही जीवन का उद्देश्य बनाया, हिंदी एवं मराठी में कई क्रांतिकारी किताबें लिखी जिसमें गुलामगिरी, किसान का कोड़ा प्रमुख हैं, भारत की महिलाओं की प्रथम महिला शिक्षिका स्कूल खोलने वाली मातोश्री सावित्री बाई फुले के पति महात्मा ज्योतिबा फुले थे। भारत में महिलाओं को शिक्षा देने वाली प्रथम महिला माँ सावित्री थीं। ये उपदेश भी दिया कि बहुजनों के सभी अधिकार मूलनिवासियों द्वारा चलाए गए स्वाबलंबी एवं आत्म निर्भर आंदोलनों से मिले हैं, जब तक आंदोलन चलते रहेंगे, अधिकार बचे रहेंगे और जन आंदोलन से ही संपूर्ण आजादी मिलेगी। उक्त विचार इंजीनियर प्रवीण गजभिये 'दादा' ने व्यक्त किये। श्रद्धांजलि सभा में धर्मेन्द्र कुशवाहा, रामराज पटेल, विनय भगत, एड. परमानंद साहू, अनिल बंशकार, राहुल बौद्ध, अरविंद बिरहा, संजय बौद्ध, डॉ. विनोद पटेल, मलिक अंसारी, एड. ओम प्रकाश पटेल, एड. रविकांत भगत, संजय बौद्ध, चन्द्रशेखर उरकुड़े, रमन पटेल, प्रशांत पटेल, एड. वरूण सकतेल, एड. राजाराम साहू, एड. सांगर साहू, एड. धर्मेन्द्र चौधरी, भोले मदू मरावी, अनिल अड़कने के साथ अनेक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये संकल्प लिया कि जब तक महात्मा ज्योतिबा फुले का मिशन पूरा नहीं होगा वे जीवनभर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

## 51 जोड़ों का हिंदू रीति-रिवाज से हुआ सामूहिक विवाह

**जबलपुर।** जिले के बरेला ग्राम पंचायत पटपरा में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में आज समाजसेवा और मानवीय सहयोग का अद्वितीय संगम देखने को मिला। सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति एवं भारतीय हिंदू महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से आए 51 जोड़ों का विवाह हिंदू परंपराओं के अनुसार सम्पन्न कराया गया। समारोह की प्रमुख आयोजनकर्ता श्रीमती मंजू सोनी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक वैवाहिक सहयोग प्रदान करना है। सभी नवविवाहित जोड़ों को समिति की ओर से आवश्यक गृहस्थी सामग्री एवं समाज के प्रतिष्ठित स्वर्णकार बंधुओं द्वारा आभूषण, उपहार और शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर

### सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति और भारतीय हिंदू महासंघ ने आयोजित किया भव्य समारोह

सफल आयोजन के लिए मंजू सोनी का सम्मान समाजवासियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुरेश सोनी (नागौद लॉज), डॉ. बीएल सोनी, राजकुमार सोनी गंजबासौदा, सुषमा सोनी, अंजना सोनी एवं संपूर्ण सोनी समाज का सहयोग रहा। 51 दूल्हे 51 घोड़ों पर सवार होकर बैंडबाजों के साथ मंडप स्थल पहुँचे। वहां परिवारजन और समाज की मौजूदगी में पारंपरिक जयमाला के साथ दांपत्य जीवन की शुरुआत हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह के सभी संस्कार सम्पन्न हुए, जिसने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। यह आयोजन न केवल 51 जोड़ों के जीवन की नई शुरुआत का शुभ अवसर बना, बल्कि समाज में एकजुटता, सहयोग और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश भी देकर गया।

अगला निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को

इस सामूहिक सम्मेलन के बाद अगला सर्वसमाज का अगला निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होगा। इसके साथ ही महाराजा अजमीढ़ देव धाम के अंतर्गत समिति द्वारा कई महत्वपूर्ण पहलें संचालित की जा रही हैं, जिसमें कमजोर आय वर्ग की कन्याओं के लिए रियायती बारात घर और संपूर्ण विवाह सुविधाएँ। हर शनिवार, रविवार को ग्रामीणजनों हेतु ज्योतिष परामर्श और गृहशांति विवाह संबंधी सलाह, नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के लिए सेवाभाव से भोजन व्यवस्था, जो श्रद्धालुओं द्वारा किसी प्रियजन की स्मृति में भी कराई जा सकती है।

## क्रिसमस रैली 2025 का आगाज



**जबलपुर।** क्रिसमस रैली 2025 के आयोजन के संबंध में कैरब्ज सभागार में पास्टर फेलोशिप के तत्वावधान में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आपसी विचार विमर्श के पश्चात एकमत से सभी पास्टर धर्मगुरु एवं क्रिसमस रैली समिति ने निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिसमस रैली का आयोजन संपूर्ण मासी समुदाय जबलपुर के द्वारा किया जाएगा, विभिन्न विषयों पर आपसी सहमति से 21 दिसंबर 2025 को दोपहर 2:00 बजे से क्रिसमस रैली का आयोजन किया जा रहा है आज की पहली बैठक में प्रारंभिक चर्चा पश्चात बैठक समाप्त हुई। इस बैठक में पास्टर फेलोशिप के सभी पास्टरगण एवं क्रिसमस रैली समिति के पदाधिकारी विशेष रूप से शामिल रहे।

# प्रेम होना ही है सबसे बड़ी सफलता



**जबलपुर।** प्रेम होना ही सबसे बड़ी सफलता है कोई असफल कैसे हो सकता है प्रेम में.....,चंदा का चेहरा है....,निर्मम कुम्हार की थापी से... जैसे काव्य रस से सराबोर माहौल ने सभी को आनंदित कर दिया। अवसर था कालजयी अनिल कुमार श्रीवास्तव फाउंडेशन द्वारा लोक रंग, संगीत और कविताओं के अनोखे संयोजन 'अक्षर' के आयोजन का। रानी दुर्गावती संग्रहालय स्थित कला वीथिका में हुए आयोजन में अतिथियों का स्वागत संस्था की अध्यक्ष डॉ राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया। संस्था का प्रतिवेदन सचिव आकृति श्रीवास्तव ने दिया।

शुरुआत हमाई बुंदेली से हुई। जहां दमोह से आए बुंदेली कवि रमेश तिवारी और जबलपुर के बुंदेली कवि आशुतोष द्विवेदी ने बुंदेली कविताओं का पाठ किया। आयोजन के अगले चरण काव्य संध्या में कविताओं का पाठ किया गया। जहां प्रयागराज से आए युवा कवि केतन यादव, प्रयागराज की ही युवा कवियत्री रूपम मिश्रा, भोपाल के रंगकर्मी,कवि हेमंत देवलेकर और जबलपुर की युवा कवियत्री बाबुषा कोहली ने ठंड की सुहानी शाम में काव्य रसधारा प्रवाहित कर श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम भाग कविता ताल में शहर के तबला वादक लोकेश मालवीय ने अलंकृति श्रीवास्तव के साथ कविताओं और तबले की जुगलबंदी प्रस्तुत की। जिसमें देश भर के जाने माने कवि जैसे अनिल कुमार श्रीवास्तव, इब्ने इंशा, शिवमंगल सिंह सुमन के साथ ही प्राचीन हिंदी के कवि पद्माकर और भूषण की कविताओं को शामिल किया। संचालन कवि विवेक चतुर्वेदी ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था के आदित्य श्रीवास्तव ने किया।

### 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का हुआ भूमिपूजन

## यज्ञ है शक्ति का स्रोतः नरसिंह देवाचार्य महाराज

**जबलपुर।** यज्ञ शक्ति का स्रोत है, यज्ञ से निकली ऊर्जा आसपास के वातावरण को न सिर्फ ऊर्जायमान बनाती है, बल्कि ब्रह्मांड में यही ऊर्जा पहुंच कर शक्ति के रूप में स्थापित होती है, उक्त विचार महामंडलेश्वर शंकराचार्य स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज ने गीताधाम ग्वारीघाट में रविवार को अखिल भारतीय गायत्री परिवार गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर द्वारा आयोजित 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा जलाई गई मां गायत्री की ज्योत आज घर.घर पहुंच रही है, हम सब बहुत भाग्यशाली हैं कि 251 कुंडीय महायज्ञ नर्मदा मां की तट पर होने जा रहा है, निश्चित रूप से इससे सभी का कल्याण होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह ने कहा कि शास्त्रों में यज्ञ की महिमा अद्भुत है, गायत्री महायज्ञ से यहां का वातावरण स्वस्थ और स्वच्छ होगा। कार्यक्रम में शहर के अनेक संत उपस्थित थे, सभी ने अपने.अपने विचार व्यक्त करते हुए मां गायत्री के इस महायज्ञ में सभी को सम्मिलित होने के लिए अपील की। भूमिपूजन के दौरान निगमाध्यक्ष रिंकुज विज, हरिद्वार शांतिकुंज से पहुंचे जोन प्रभारी जगदीश कुलमी, सह जोन प्रभाकांत तिवारी, जोन प्रभारी नरेश तिवारी, ट्रस्टी बीबी शर्मा, जिला समन्वयक प्रेम शंकर तिवारी सहित अनेक गायत्री उपासक उपस्थित थे।

# चलाया "आदर्श पड़ोस, आदर्श समाज" अभियान



**जबलपुर।** "आदर्श पड़ोस, आदर्श समाज" देशव्यापी अभियान 21 से 30 नवम्बर तक चलाया गया। समापन प्रोग्राम पर ईडब्ल्यूएस स्कूल मैदान में एक टी पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से शकीला बेगम, नाजिमा सेंट्रल ने बताया कि आज के इस व्यस्त दौर में हम अपनी फैमिली के अलावा अपने पड़ोसियों के अधिकारों का भी ख्याल रखें। उन्होंने आगे कहा कि इस्लाम में पड़ोसियों के कई अधिकार हैं जिनमें दयालुता, सम्मान और ज़रूरत के समय मदद करना शामिल है। इन अधिकारों में पड़ोसियों को नुकसान न पहुंचाना, उनकी निजता का सम्मान करना, अभिवादन करना, भोजन और उपहार साझा करना और बुजुर्गों या विकलांगों की मदद करना शामिल है। पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना इस्लाम का एक मूलभूत सिद्धांत है और यह सभी पड़ोसियों पर लागू होता है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। मोहतरमा हुमा साहिबा ने कहा कि हर व्यक्ति एक दूसरे की खबर ले, अपने पड़ोसियों की उसकी जरूरतों का ख्याल रखे। इस प्रोग्राम में मुख्य रूप से रेहाना बेगम, हुमा, रशीदा बेगम, मेहसरी बेगम, शाहीन परवीन, नूरजहां बानो, आमरा बेगम, आसिया बानो ने और सीआईओ के बच्चों ने अपने ड्रामों से पड़ोसियों की खबर लेने की तालीम दी।

## मनाया श्रीराम जानकी विवाह उत्सवः गहोई समाज की महिलाओं ने बधाई गीत गाकर की कुचैनी मंदिर में सीताजी की अगवानी



**जबलपुर।** जवाहर गंज स्थित श्री ठाकुर बिहारी जी महाराज कुचैनी मंदिर ट्रस्ट ने भगवान श्री राम जानकी विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को मंदिर प्रांगण में जानकीजी की अगवानी का बुलावा आयोजित किया। इस अवसर पर महिला रामायण मंडल ने सुंदर बधाई गीत गाए। कार्यक्रम में श्रीमती उषा नगरिया, श्रीमती सीता सरावगी, श्रीमती शशि ब्रिजपुरिया तथा अन्य गहोई समाज की महिलाओं के साथ लेखराम व कुसुम रैकवार का विशेष सहयोग रहा।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का दो हजार मरीजों ने लिया लाभ

**जबलपुर।** लक्ष्मी डे ट्रस्ट ऑफ इंडिया के नेतृत्व में स्व. लक्ष्मी डे स्मृति दिवस के मौके पर रविवार को लक्ष्मी डे ट्रस्ट ऑफ इंडिया व पंकज डे के नेतृत्व में लक्ष्मी फार्म स्टे एंड रेस्टारेंट कैलाशधाम मंदिर के नीचे वर्धाघाट जबलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों की जांच कर उचित परामर्श विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा निःशुल्क दिया गया। आयोजन में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् का भी सहयोग रहा। इस दौरान करीब दो हजार मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जानकारी के अनुसार डॉ. राजेश धीरावाणी, डॉ. पवन स्थापक, डॉ. रिचा बहरानी, डॉ. दीपक बहरानी, डॉ. जेठी, डॉ. जीएस संधु, डॉ. सोनम बहरानी, डॉ. आनंद बहरानी ने अपनी-अपनी सेवाएं आयोजन में पहुंचकर दीं। इस मौके पर ब्रजेश सोनकर, संजय लखेरा, सुनील राजपूत, सुदेन तिवारी, भगवान दास, धंसू, राजेश राजपूत, विनोद यादव, मन्नू रजक, किशन रजक सहित अन्य मौजूद रहे।

# पोलियो को मिटाने और आर्थिक विकास में रोटरी की अहम भूमिका : रोटे. अमित जायसवाल

**जबलपुर।** संस्कारधानी के होटल हिल्टन में रविवार को रोटरी क्लब जबलपुर द्वारा शहर के सभी रोटरी क्लबों के सहयोग से आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट फाउंडेशन, मेंबरशिप एवं पब्लिक इमेज सेमिनार "समृद्धि" संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से पहुंचे रोटेरियंस ने सेमिनार के विभिन्न सत्रों में भाग लिया और समाजसेवा से जुड़ी नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। सेमिनार की विस्तृत जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट 3261 के मीडिया चेयरमेन रोटे. नितिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ताओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं आदिवासी बहुल इलाकों में रोटरी के सात प्रमुख उद्देश्यों के अनुरूप कार्यों को प्रभावी रूप से लागू करने पर अपने विचार साझा किए।

सेमिनार की मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतपाल बिंदु सिंह (पटना) ने अपने उद्बोधन में बताया कि सेवा कार्यों के साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में रोटरी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल रोटे. उत्तम अग्रवाल (वाराणसी) ने रोटरी इंटरनेशनल द्वारा आर्थिक सहायता से समाजहित के देश भर में चल रहे प्रोजेक्ट्स को आमजन तक विभिन्न प्रचार प्रसार के माध्यम से रोटरी पब्लिक इमेज को मजबूत करने की दिशा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



पूर्व प्रांतपाल रोटे. रंजीत सिंह सैनी ने रोटरी फाउंडेशन में दिए जा रहे दान और सदस्यों की प्रतिबद्धता को विश्व भर में मित्रता और सद्भावना बढ़ाने का आधार बताया। डिस्ट्रिक्ट 3261 प्रांतपाल रोटे. अमित जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के मूल उद्देश्य से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही नए सदस्यों को रोटरी से जोड़ने तथा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में रोटरी इंटरनेशनल के सहयोग से प्रोजेक्ट तैयार करने पर मार्गदर्शन दिया। नवनिर्वाचित प्रांतपाल रोटे. आलम सिंह रूपरा एवं रोटे. भानु चौधरी ने रोटरी में नए सदस्यों विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेज के युवाओं को जोड़ने का महत्व बताया, ताकि भविष्य के रोटेरियन की नई पीढ़ी को तैयार किया जा सके। डिस्ट्रिक्ट प्रथम महिला रोटे. पल्लवी जायसवाल द्वारा "कभी रुके न, कभी डिगे न कदम" के संदेश के साथ सभी रोटेरियंस को डिस्ट्रिक्ट 3261 की आगामी वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस "संगम" में सपरिवार रायपुर आमंत्रित कर पधारने का अनुरोध किया। रोटरी क्लब जबलपुर की अध्यक्ष रोटे. मिताली बनर्जी ने मप्र, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से आए रोटेरियंस का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेयर रोटे. एन.के. श्रीवास्तव, को-चेयर रोटे. संजय छतानी, सचिव रोटे. अखिलेश बादशा, कोषाध्यक्ष रोटे. विनोद शर्मा, रजिस्ट्रेशन समिति चैयरमैन रोटे. समर सिंह गायकवाड़, रोटे. शोभित वर्मा, सहायक प्रांतपाल रोटे. अंकुर माहेश्वरी, रोटे. हरीश रिझवानी, रोटे. अभिषेक केशरवानी, डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम सदस्य रोटे. नवीन भवसार, रोटे. अंजुल जैन सहित जबलपुर के सभी रोटरी क्लबों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार रोटे. विनोद शर्मा ने व्यक्त किया।



# धरती का सबसे विषैला सांप, एक दंश में ले सकता है 100 लोगों की जान

एजेंसी ▶▶| पश्चिम चम्पारण

सांप एक ऐसी प्रजाति है जो बिना जहर से लेकर इतना जहरीला होता है कि अगर दंश कर ले तो जान बचाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे ही एक सांप के बारे बताने जा रहे हैं। वैसे तो दुनियाभर में सांपों की करीब 3900 प्रजातियां पाई जाती हैं, लेकिन आज हम आपको जिस सांप के बारे में बता रहे हैं उसे धरती का सबसे जानलेवा सांप माना जाता है। गनीमत इस बात की है कि यह सांप सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में ही पाया जाता है।

## दुनियाभर में सांपों की करीब 3900 प्रजातियां

विशेषज्ञों की माने तो यह सांप कोई और नहीं, बल्कि इन्लैंड टाइपेन है। पिछले 25 वर्षों से वाइल्ड लाइफ पर काम कर रहे एक्सपर्ट अभिषेक बताते हैं कि इन्लैंड टाइपेन एक लंबे और पतले शरीर वाला सांप है। विषैले सांपों की सूची में सबसे ऊपर रहने वाले इस सांप को अंतर्देशीय टाइपेन के नाम से भी जाना जाता है। इन्लैंड टाइपेन की विषाक्ता का अनुमान आप कुछ ऐसे लगा सकते हैं कि इसकी एक बाइट से निकलने वाली विष 100 लोगों की जान बड़ी आसानी से ले सकती है।इस सांप के विष की घातकता ज़मीन पर पाए जाने वाले अन्य सभी सांपों की तुलना में सबसे अधिक होती है।



## न्यूरोटॉक्सिक और हीमोटॉक्सिक वेनम से लैस

बकौल अभिषेक, इन्लैंड टाइपेन के विषग्रंथों में न्यूरोटॉक्सिक और हीमोटॉक्सिक दोनों ही विष पाए जाते हैं। जहां न्यूरोटॉक्सिक खून में मिलते ही तंत्रिका तंत्र को डैमेज करने लगता है, वहीं हीमोटॉक्सिक खून में मिलते ही उसे जेली की तरह जमा कर थक्के बनाने लगता है। खून के थक्के बनने की वजह से शरीर अलग अलग हिस्सों से फटने लगता है और पीड़ित की बेहद दर्दनाक मौत हो जाती है।

## 10 मिनट में मौत पक्की

सबसे भयावह बात यह है कि इसके दंश के बाद इलाज के लिए पीड़ित को सिर्फ 10 मिनट का समय मिलता है।10 मिनट के बाद पीड़ित की स्थिति बिगड़ने लगती है और वह धीरे धीरे मौत के मुंह में चला जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि इन्लैंड ताइपेन अपने एक दंश में 44 से 45 मिलीग्राम तक विष छोड़ता है, जो भारत में पाए जाने वाले गेहूंवन और किंग कोबरा से बेहद कम होता है, लेकिन इसके विष की प्रबलता इतनी घातक होती है कि 15 मिनट से भी कम समय में पीड़ित की जान ले सकता है।

# 124 साल से हवा में लटककर चल रही यह ट्रेन, द्वितीय विश्व युद्ध के भारी हवाई हमलों के बाद भी नहीं रुकी

दुनिया में एक अनोखी ट्रेन ऐसी भी है जो जमीन पर नहीं, बल्कि हवा में लटककर चलती है। तकनीक और इंजीनियरिंग का ये कमाल आज भी लोगों को हैरान कर देता है। जर्मनी के वुप्पर्टल शहर में 1901 से चल रही श्वेबेबान दुनिया की सबसे पुरानी सस्पेंशन ट्रेन है जो पटरियों से नीचे लटककर हवा में तैरती हुई चलती है।

124 सालों से यह ट्रेन नदी और सड़कों के ऊपर से गुजरती है और पहिए ऊपर की पटरी को पकड़ते हैं जिससे उल्टी चलने का भ्रम होता है। कहते हैं कि 1880 के दशक में वुप्पर्टल कपड़ा उद्योग की वजह से तेजी से बढ़ रहा था लेकिन वुप्पर नदी की घाटी में पारंपरिक रेल या ट्राम बनाना नामुमकिन था। शहर को ऐसे ट्रांसपोर्ट की जरूरत थी जो जमीन पर जगह न ले इसलिए हवा में लटकाने का आइडिया आया।

### श्वेबेबान ट्रेन किसने डिजाइन की?

इंजीनियर और व्यापारी यूजेन लैंगन ने यह अनोखा सस्पेंशन रेलवे आइडिया दिया जो पहले माल ढोने के लिए इस्तेमाल कर चुके थे। शहर ने तुरंत मंजूरी दी और 1898 में निर्माण शुरू होकर 1901 में ट्रेन जनता के लिए खोल दी गई। 1901 में जर्मनी के सम्राट विल्हेम द्वितीय ने अपनी पत्नी के साथ श्वेबेबान की पहली यात्रा की इसलिए शुरुआती डिब्बे को कैसरवेगन नाम दिया गया।



### द्वितीय विश्व युद्ध में श्वेबेबान को क्या हुआ?

द्वितीय विश्व युद्ध में 1943-45 के भारी हवाई हमलों से नेटवर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ लेकिन 1946 के ईस्टर तक पूरा मार्ग फिर से चालू हो गया। यह इसकी जबरदस्त मजबूती और इंजीनियरिंग का कमाल दिखाता है।

### श्वेबेबान कितने स्टेशन और कितनी स्पीड है?

यह ट्रेन 20 स्टेशनों को कवर करती है और पूरी यात्रा सिर्फ 35 मिनट में पूरी कर लेती है जबकि कुछ हिस्सों में जमीन से 30 फीट ऊपर चलती है। खिड़की से बाहर देखो तो पूरा शहर पोस्टकार्ड जैसा लगता है।

### रोज 80 हजार यात्री करते हैं सफर

आज भी श्वेबेबान रोज 80 हजार से ज्यादा लोगों को ले जाती है और कई बार मॉडर्नाइजेशन के बाद भी मूल स्ट्रक्चर वही है। यह वुप्पर्टल शहर का प्रतीक है और टूरिस्ट्स के लिए सबसे बड़ा अट्रैक्शन बना हुआ है।

### दुनिया में सस्पेंशन ट्रेन कहां कहां है?

आज दुनिया में सिर्फ जर्मनी और जापान जैसे कुछ देशों में सस्पेंशन रेलवे है लेकिन सबसे पुरानी और सबसे बेहतरीन वुपर्टल श्वेबेबान ही है। 124 साल बाद भी यह समय की हर कसौटी पर खरी उतर रही है।

# देहरादून के रजनीश त्रिवेदी को मिला जबलपुर में क्रांतिवीर पं. विद्यासागर शर्मा सम्मान




देहरादून/जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था कादम्बरी का अखिल भारतीय साहित्यकार पत्रकार सम्मान समारोह शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया , जिसमें देश भर के 127 साहित्यकारों और पत्रकारों को कादम्बरी अलंकरण से विभूषित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अनेक विश्विद्यालयों में कुलपति रह चुके प्रयागराज से डॉ कृष्ण बिहारी पाण्डे और अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। इस अवसर पर साहित्यिक पत्र नवोदित प्रवाह देहरादून के प्रधान संपादक रजनीश त्रिवेदी आलोक को पत्रकारिता के लिए क्रांतिवीर पं विद्यासागर सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान वरिष्ठ कवि और संस्था अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, साहित्यकार डॉ महेश दिवाकर, सजलकार डॉ अनिल गहलोत द्वारा शॉल, माला, प्रतीक चिह्न , सम्मान पत्र और नकद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में कादंबरी की स्मारिका 2025, आचार्य भगवत दुबे द्वारा रचित पुस्तक रामकथा, गोविंद पाल भिलाई की काव्य कृति सुबह का सूरज, राजेंद्र मिश्रा की स्वर्णाभा, मीरा भार्गव, कटनी की मुक्तामणि, श्रीमती अनुराधा गर्ग दीप्ति की अनुगीत, श्रीमती संध्या अग्रवाल की समय के आइने में, श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा शील की मीठी मेफ़र सी बुंदेली, श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ की ब्रह्मकमल, श्रीमती प्रेमलता उपाध्याय, दमोह की भई ने बिरज की मोर और रामकृष्ण चौकसे की यात्रा संस्मरण कृति अद्भुत जीवन यात्रा कृतियों का विमोचन भी किया गया। समारोह में दैनिक भास्कर के संस्थापक विश्वंभर दयाल अग्रवाल की स्मृति में बदायूं के डॉ सतीश चंद्र शर्मा सुधांशु को सम्मानित किया गया। वे किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके, उनका सम्मान अतुल कुमार शर्मा ने ग्रहण किया। समारोह का संचालन राजेश पाठक द्वारा किया गया।

# इस सांप का नाम घोड़ा पछाड़ क्यों...! क्या यह सच में घोड़े से भी तेज भागता है ?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे ज्यादा जहरीले जीव सांप है लेकिन क्या आपको पता है दुनिया में एक सांप ऐसा है जिसे घोड़ा पछाड़ नाम से जाना जाता है। घोड़ा पछाड़ का मतलब यह नहीं कि वह सांप को पछाड़ देता है बल्कि यह दौड़ में घोड़े को पीछे छोड़ देता है। यह सांप जहरीला तो बिल्कुल नहीं होती है, लेकिन घोड़े की स्पीड से भागता है।

**दुनिया के सबसे जहरीले जीव :** दुनियाभर में सांपों की 3500 हजार से ज्यादा प्रजाति मौजूद हैं। इनमें कई सांप बहुत जहरीले होते हैं, जिनके जहर से इंसान की कुछ ही समय के भीतर जान जा सकती हैं, लेकिन कुछ बिना जहर के भी सांप होते हैं।

**घोड़े जैसी स्पीड वाला सांप :** दुनिया के लगभग सभी सांपों का रंग और साइज अलग-अलग देखने को मिलता हैं लेकिन यहां एक ऐसे सांप के बारे में बता रहे है, जिसकी स्पीड का मुकाबला सीधा घोड़े से होता हैं।

### क्या खाता है यह सांप

इन सांपों के पास तेज रफ्तार होने की वजह से लोग घोड़ा पछाड़ कहते हैं। इन सांपों की लंबाई लगभग 8 से लेकर 10 फीट होती है। लेकिन रेट स्नेक सांप बिल्कुल भी जहरीला नहीं होता है और यह चूहे या अन्य छोटे जीवों का अपना शिकार बनाते हैं। यह सांप अपने आसपास इंसानों की मौजूदगी का अहसास करने पर वहां से भाग जाते हैं। यह सांप अक्सर घरों, खेतों या जंगलो में आसानी से नजर आ जाते है। बारिश के दिनों घोड़ा पछाड़ सांप सबसे ज्यादा दिखते हैं।

# चर्चगेट में कौन सा गेट और गोरेगांव में कौन सा गांव...? जानिए मुंबई के इन स्टेशनों के अजीबोगरीब नाम की वजह

मुंबई। भारतीय रेल पूरी दुनिया में एक बड़े नेटवर्क के रूप में जाना जाता है। भारत में रेलवे स्टेशनों के नाम तो वैसे एक से बढ़कर एक और चौंकाने वाले, हंसाने वाले होते हैं लेकिन कई ऐसे स्टेशन हैं जिनका नाम तो है मगर जिस कारण से उनका नाम है वह प्रतीक नहीं है। अगर मुंबई की लोकल ट्रेन में कभी सफर किया है, तो यहां के स्टेशन के नाम जैसे कुर्ला, चर्नी रोड या माटुंगा तो सुने होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये नाम आखिर कैसे रखे गए? आइए इसकी कहानी जानते हैं।

**गोरेगांव :** इस स्टेशन का नाम गोरेगांव रखने की कई वजह बताई जाती है। जिनमें से कुछ लोगों मानना है कि यह जगह प्राचीन काल में एक बड़ा दूध उत्पादन केंद्र थी। यही वजह है कि गोरेगांव नाम रखा गया है।

**वी. नालासोपारा :** इसका नाम पुराने बंदरगाह शूर्परका या सोपारा के स्थान पर रखा गया है जिन्हें भारत का सबसे पुराने बंदरगाह शहरों में से एक माना जाता है। जिनका इतिहास 1000 साल से भी ज्यादा पुराना है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## पत्रकारों से ख़बर का स्रोत नहीं पूछा जा सकता

# खतरे से ख़ाली नहीं ज़िलों, कस्बों और गांवों में पत्रकारिता

### गोलियों के सामने अडिग कलम पुस्तक का लोकार्पण



भोपाल। माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान परिसर में आंचलिक पत्रकारिता पर विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और बायोपिक फ़िल्म निर्माता राजेश बादल की पुस्तक गोलियों के सामने अडिग कलम का लोकार्पण हुआ। मुख्यअतिथि जाने माने संपादक और प्रेस कौंसिल के पूर्व सदस्य तथा एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व महासचिव प्रकाश दुबे थे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह थे। अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक संयोजक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने की।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक एवं नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व संपादक पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि आज़ादी के बाद भारत के इतिहास में यह अनूठा मामला है,जिसमें पत्रकारों को सताने की न्यायिक जाँच कराई गई। पत्रकार इसमें जीते और प्रेस कौंसिल की जांच में भी पत्रकारों को सही ठहराया गया। इस अवसर पर छतरपुर से आए शुभ भारत के प्रधान संपादक श्याम अग्रवाल को पत्रकारिता में उनके 50 साल पूरे होने पर सम्मानित किया गया। श्री अग्रवाल ने पत्रकार उत्पीड़न मामले में सबसे अधिक उत्पीड़न झेला। श्याम जी ने अपने सम्मान के उत्तर में भावुक संबोधन दिया और कहा कि इस मामले के कारण उनके परिवार को चौदह साल तक मुकदमेबाजी का सामना करना पड़ा है। उनके अलावा इस मामले के अन्य नायकों में छतरपुर से आए राष्ट्रभ्रमण के प्रधान संपादक सुरेन्द्र अग्रवाल, कृष्ण क्रांति के प्रधान संपादक अजय दोसाज, वरिष्ठ पत्रकार राकेश शुक्ला और सेवानिवृत आईएएस एलएस बघेल, जनसंपर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त संचालक कबीर खान तथा एडवोकेट श्यामसुंदर श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह ने कहा कि चार दशक बाद भी इस मामले की गूंज सुनाई देती है और इस मामले ने साबित किया है कि आंचलिक पत्रकारों की चुनौतियां और जोख़िम कम नहीं होते। श्री सिंह ने कहा कि राजेश बादल ने जिस तरह इस घटना का दस्तावेजीकरण किया, वह सराहनीय है। श्री सिंह ने इस मामले पर अपनी तीखी टिप्पणियां इंडियन एक्सप्रेस में लिखी थीं। मुख्य अतिथि प्रकाश दुबे ने कहा कि पत्रकारिता के ऐसे मामलों को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने उस ज़माने की प्रेस कौंसिल और वर्तमान प्रेस कौंसिल की तुलना करते हुए कहा कि मौजूदा प्रेस कौंसिल का गठन अरसे से लंबित है। पत्रकारिता के लिए ताकतवर मीडिया कौंसिल की सख़्त ज़रूरत है। पुस्तक के लेखक राजेश बादल ने कहा कि आमतौर पर किसी एक मामले की दो अर्ध न्यायिक जांच नहीं कराने की परंपरा है। लेकिन छतरपुर के मामले की एक साथ दो जांच हुईं। दोनों में पत्रकार जीते।उन्होंने कहा कि श्रीधर जी के कारण ही यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों की जीत के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने नईदुनिया के प्रधान संपादक स्वर्गीय राजेंद्र माथुर और रविवार के तत्कालीन संपादक स्वर्गीय एसपी सिंह के इस मामले में दिए गए सहयोग को याद किया। इस मामले के एक और नायक स्वर्गीय शिव अनुराग पटेरिया को भी उन्होंने श्रद्धांजलि दी। समारोह के अध्यक्ष पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने कहा कि छतरपुर के इस मामले ने राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता की साख बढ़ाई है। मध्यप्रदेश आंचलिक पत्रकार संघ ने इस मामले को अपने हाथ में लिया और इसे अंजाम तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सरोकारों की पत्रकारिता ही असली है। यह मार्ग कठिन है, लेकिन सफलता का यही मुख्य मार्ग है। उन्होंने छतरपुर के सभी पत्रकारों की सराहना की और लगातार सिद्धांतों पर टिके रहने के लिए बधाई दी। समारोह का संचालन डॉक्टर मंगला अनुजा ने किया। आभार प्रदर्शन जाने माने पत्रकार डाक्टर सुधीर सक्सेना ने किया। सुधीर सक्सेना ने कहा कि इस पुस्तक को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। यह एक ऐसा दस्तावेज़ है,जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगीं। उन्होंने कहा कि हारता वही है,जो लड़ता नहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, लेखक,अधिकारी और पत्रकार उपस्थित थे।

## आवश्यकता

आवश्यकता है - प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 (39274)(रायपुर /04/ दिस./25)

## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



जबलपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा क्षेत्र के सभी शाखाओं में रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रमुख श्री अविनाश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बैंक के रिटेल क्रेडिट उत्पादों का प्रचार-प्रसार करना तथा ग्राहकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान नए ऋण स्वीकृत किए गए तथा लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राहकों को बैंक के आकर्षक एवं प्रतिस्पर्धी ऋण उत्पादों की जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख हैं ( गृह ऋण) ब्याज दर 7.35 प्रतिशत से प्रारंभ, शून्य प्रोसेसिंग शुल्क तथा अधिकतम 30 वर्ष की ऋण अवधि वाहन ऋणः व्याज दर 7.85 प्रतिशत से प्रारंभ, ऋण राशि 2 करोड़ तक, साथ ही लचीले पुनर्भुगतान विकल्प स्वर्ण ऋणः व्याज दर 7.00 से 7.90 प्रतिशत तक, शून्य प्रोसेसिंग शुल्क तथा ऋण राशि 40 लाख तक इस अवसर पर श्री अविनाश कुमार ने कहा कि बैंक ग्राहकों को सुलभ एवं किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवद्ध है। उन्होंने अधिक से अधिक ग्राहकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को ग्राहकों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जिससे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रति ग्राहकों के बढ़ते विश्वास का परिचय मिला। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक अपने नजदीकी सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6064



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6063 का हल**



## सूडोकू नवताल- 6074

★★★★☆ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6073 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |



# विजय-फातिमा की गुस्ताख इश्क का नहीं चला जादू...

**मुंबई।** विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की मोहब्बत पर पानी फिरता दिख रहा है। ये बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शनिवार को भी बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हुई। फिल्म जब रिलीज हुई, तो क्रिटिक्स ने इसकी कहानी और एक्टिंग की तारीफ की। हालांकि, इसका कमाई पर कोई असर नहीं दिख रहा है। फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 50 लाख रुपए कमाए थे। 'गुस्ताख इश्क' के कुल कलेक्शन की बात करें, तो इसने दो दिनों में अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 74 लाख रुपए कमाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

## लाइफ Style



# कीर्ति

## एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही मिलती है नींद

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस और नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं कीर्ति सुरेश ने अब एक्टर्स के काम के घंटों पर नई बहस छेड़ दी है। 'दसारा' और 'बेबी जॉन' की एक्ट्रेस ने दीपिका पादुकोण के 8 घंटे काम की मांग के महीनों बाद कहा है कि 8 घंटे काम करने के दौरान भी, एक एक्टर को सोने के लिए जरूरी समय नहीं मिल पाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हैदराबाद में अपनी अगली फिल्म 'रिवॉल्वर रीटा' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि कम घंटे काम करने के आइडियल सिनेरियो में भी एक एक्टर को महज 6 घंटे की ही नींद मिलती है। दिग्गज फिल्ममेकर-एक्टर जी. सुरेश कुमार की बेटी कीर्ति ने कहा, 'सुबह 9 बजे की शिफ्ट के लिए, अगर मुझे सुबह 7:30 बजे तक वहां पहुंचना है, तो मुझे सुबह 6:30 बजे घर से निकलना होगा और सुबह 5:30 बजे तक उठना होगा। शाम को लगभग 6 या 6:30 बजे पैक-अप के बाद, घर वापस जाना पड़ता है, कपड़े बदलने पड़ते हैं, एक्सरसाइज करनी पड़ती है, डिनर करना पड़ता है, और सोने के लिए जरूरी घंटे निकालने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। केरल में पैदा हुईं 33 साल की कीर्ति सुरेश ने आगे कहा, 'अब, मुझे रात 11:30 बजे सोने के बाद सुबह 5:30 बजे फिर उठना पड़ता है।' कीर्ति ने बताया कि कैसे आठ घंटे की वर्क शिफ्ट, जिसे एक आइडियल सिनेरियो माना जाता है, उसमें भी सोने का समय मुश्किल से ही शामिल होता है, जबकि एक एडल्ट बॉडी के लिए आइडियल जरूरत आठ घंटे की नींद है। उन्होंने कहा, 'हम कहते हैं कि आठ घंटे की नींद अच्छी है, लेकिन हम मुश्किल से छह घंटे सो पाते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# नाटकों ने दिलाई टॉम को पहचान

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध स्क्रीन राइटर में से एक टॉम स्टॉपर्ड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर छा गई है। साल 1937 में चेकोस्लोवाकिया में जन्में टॉम स्टॉपर्ड का बचपन मुश्किलों में गुजरा। नाजी हमले के बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। उन्होंने कई नाटक ऐसे, लिखे जिसने उन्हें काफी पहचान दिलाई। टॉम स्टॉपर्ड ने अपने कॅरियर में कई शानदार नाटक लिखे थे।



# सधी हुई कहानी और परफेक्ट कॉमेडी से फिल्म बनी रोमांचक

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म हो और वो भी एनिमेटेड.. फिर तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि आप इसे देखकर निराश हों। 'जूटोपिया 2' भी कुछ ऐसी ही फिल्म है। पहले सीन से लेकर आखिरी सीन तक कहानी आपको बांधे रखती है और इसके वन लाइनर्स हंसा-हंसाकर आपका पेट दर्द कर देते हैं। वहीं मेकर्स ने लीड किरदार में श्रद्धा कपूर की आवाज जोड़कर इसमें चार चांद लगा दिए। फिल्म की कहानी पहले पार्ट से आगे बढ़ती है। जूडी हॉप्स और निक वाइल्ड जूटोपिया पुलिस डिपार्टमेंट में पार्टनर हैं पर दोनों के बीच बॉन्डिंग अच्छी नहीं है। एक केस में दोनों से गलती होने के बाद चीफ बोगो उन्हें अलग हो जाने या फिर थैरेपी सेशन अटैंड करने की सलाह देते हैं। जूडी को लगता है कि जूटोपिया में कोई सांप घुस आया है पर उसकी बात पर कोई यकीन नहीं करता। वो निक को मनाकर तहकीकात में लग जाती है।



# पैपराजी से कोई नाता नहीं: जया बच्चन

**मुंबई।** वेटरेन एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर भड़कती रहती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने पैपराजी की भूमिका और पेशेवर रवैये पर शंकाएं जताई हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षित पत्रकारों के प्रति अपने सम्मान और मशहूर हस्तियों के समारोहों में पैपराजी को लेकर खुद के असहज होने के बारे में भी बात की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है। वायरल वीडियो में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन ने पैपराजी को लेकर बात की। इवेंट के दौरान जया बच्चन ने कहा कि मैं मीडिया की उपज हूं, लेकिन पैपराजी से मेरा कोई नाता नहीं है। ये लोग कौन हैं? क्या इन्हें इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? मैं मीडिया से आती हूं। मेरे पिता एक पत्रकार थे।



# 'कांतारा' में दिखाई गई देवी को कहा भूत

**मुंबई।** 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा है और यूजर्स भी भड़के हुए हैं। दरअसल, रणवीर ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर वन' का मजाक उड़ाया। साथ ही फिल्म में दिखाई गई देवी को भूत कह दिया। इससे लोग बुरी तरह भड़क गए हैं और उनका कहना है कि अब तो 'धुरंधर' बिल्कुल फ्लॉप समझो। मामला हाल ही गोवा में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का है, जिसमें रणवीर सिंह शामिल हुए थे। ऋषभ शेट्टी भी इस फेस्टिवल का हिस्सा थे। इसका एक वीडियो भी आया है, जिसमें रणवीर सिंह स्टेज पर हैं, और सामने बैठे ऋषभ शेट्टी से कह रहे हैं, 'मैंने थिएटर में 'कांताराः चैप्टर वन' देखी, और ऋषभ यह एक बेहतरीन परफॉर्मेंस थी।

## टीवी मसाला



# वीकएंड का वार में धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए सलमान

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का बीते दिनों निधन हो गया था। इस खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। बिग बॉस 19 के हालिया वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने दिवंगत अभिनेता को याद किया और वो भावुक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को देश के लिए सबसे बड़ा नुकसान बताया। बिग बॉस 19 शो के होस्ट सलमान खान ने धर्मेंद्र को याद किया। उन्होंने कहा- 'देश और उनके सभी प्रशंसकों को बहुत ही बड़ा झटका लगा है। इस घटना से इंडस्ट्री को बड़ा सदमा पहुंचा है। मुझे लगता है कि आप लोग समझ रहे हैं कि मैं किनकी बात कर रहा हूं। अभिनेता ने आगे कहा, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। काश इस हफ्ते वीकएंड का वार मैं नहीं कर रहा होता, लेकिन जिंदगी हमेशा चलती रहती है।' शनिवार को प्रसारित हुए बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट अशनूर कौर को शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। उन्हें सलमान खान ने तान्या मित्तल पर वार करने के लिए खूब डांट लगाई। अशनूर के एविक्शन पर कुछ नेटिजंस इसे गलत फैसला बता रहे हैं, तो कुछ इसे सही कह रहे हैं। बिग बॉस 19 से अशनूर कौर बेघर हो चुकी हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार शहबाज बदेशा का भी एविक्शन हो चुका है। इस हिसाब से शो में अब छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे और मालती चाहर के बीच फिनाले में पहुंचने की टक्कर है।

## जन्नत के पीछे पड़े अभिषेक और समर्थ

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट सीजन 3' में इस हफ्ते अराजकता चरम पर पहुंच गई जब किचन में अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और जन्नत जुबैर के साथ एक बिल्कुल नया ट्राइएंगल बनने लगा।



अपनी चंचल नोक-झोंक और लगातार एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगे अभिषेक और समर्थ नए मिशन पर पहुंच गए- जन्नत का ध्यान अट्रैक्ट करना। मजेदार चुटकुले सुनाने से लेकर उन्हें इम्प्रेस करने के लिए छोटे-छोटे प्यारे स्टंट करने तक, दोनों लड़के एक-दूसरे से आगे निकलने के लिए बेताब दिख रहे थे। आग में घी डालने का काम अली गोनी ने किया, जिन्होंने इस जोड़ी को खूब छेड़ा। उन्होंने उन्हें छोटू कहकर मशहूर कर दिया और उन्हें किचन में अपने साइडकिक्स भी कहा। उनके इस कमेंट ने न सिर्फ स्टूडियो को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

# प्रियंका ने निक-मालती और परिवार संग मनाया थैंक्सगिविंग डे

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पति, बेटी और परिवार के साथ तस्वीरें साझा करती हैं। एक्ट्रेस ने वीकएंड पर परिवार संग बिताए कुछ खुशनुमा पलों को शेयर किया है। इन तस्वीरों को अभिनेत्री ने कैलिफोर्निया से साझा करते हुए नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिनमें वो कैलिफोर्निया के किसी पार्क में गुनगुनी धूप में पति निक जोनस और बेटी मालती संग एंजाय कर रही हैं। एक तस्वीर में तीनों पार्क में लेटे हुए प्यारा पोज दे रहे हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में निक और प्रियंका बेटी संग खेलते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी मां मधु चोपड़ा और परिवार के अन्य सदस्यों और दोस्तों संग भी नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने परिवार के साथ डिनकर करते हुए भी एक तस्वीर साझा की है। अभिनेत्री ने परिवार के साथ थैंक्सगिविंग डे मनाया।



इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'थोड़े समय के लिए घर वापस आ गई हूं। कभी-कभी मैं खुद को अपने तरफ से प्रेम पाकर धन्यवाद महसूस करती हूं। इस थैंक्स गिविंग डे पर मैं स्वास्थ्य, आनंद, एकजुटता और जीवन के उन साधारण सुखों के लिए बहुत आभारी हूं, जिन्हें हम कभी-कभी हल्के में ले लेते हैं। मैं अपने परिवार, दोस्तों, टीम और उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने इस रोमांचक सफर को आसान बना दिया है।' आगे उन्होंने कहा, 'इतना लंबा समय घर से दूर बिताने के बाद, मैं बस खुद को याद दिला रही हूं कि जिंदगी की सबसे अच्छी चीजों में से एक है अपने प्रियजनों के बीच रहना। थैंक्सगिविंग मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं।'

# रेड लाइट एरिया में जन्मी इस एक्ट्रेस पर बनी भारत की सबसे महंगी सीरीज...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान की कई अदाकाराओं ने काम किया है और यह सिलसिला आज भी जारी है। पाक सिनेमा की कई कहानियां भी हिंदी सिनेमा में देखने को मिली हैं। बात करेंगे उस पाक अभिनेत्री की, जिस पर बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की पहले सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार बेस्ड बताई जाती है। इस पाक हसीना ने तकरीबन 100 फिल्मों में काम किया। यह एक्ट्रेस असल में एक तवायफ थी और लाहौर के रेड लाइट एरिया पर काम करती थी। इसी की कहानी को देश की सबसे महंगी सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में दिखाया गया था।

***कौन थी ये पाक हसीना?*** : बात हो रही है नरगिस बेगम उर्फ निग्गो की, जो अपनी मां के नक्शेकदम पर चल एक तवायफ बनी थीं। वह हीरामंडी में सजने वाली महफिल में मुजरा किया करती थीं। उन्हें देखने के लिए पैसों वालों की भीड़ लगती थी। वहीं, 40 के दशक में राजशाही खत्म होने के दौर पर थी और इस वक्त सिनेमा की अच्छी शुरुआत हो रही थी। यह वो दौर था जब महिलाएं सिनेमा में काम करने से कतराती थीं। जब फिल्ममेकर को फिल्म के लिए हीरोइन की जरूरत होती थी, तो वह कोठे का रुख किया करते थे। वहीं, हीरामंडी में महफिल सजाए बैठीं निग्गो पर एक प्रोड्यूसर की नजर पड़ी। निग्गो एक क्लासिकल डांसर भी थी। ऐसे में प्रोड्यूसर निग्गो से इंप्रेस हुआ और कुछ ही समय बाद उन्हें फिल्म का ऑफर दे दिया।



***प्रोड्यूसर से रचाई शादी*** : निग्गो भी इस हीरामंडी के जंजाल से निकलना चाहती थीं और उन्होंने इस ऑफर को स्वीकार कर लिया। फिर साल 1964 में नरगिस ने पाकिस्तानी फिल्म इशरत से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने शहंशाह-ए-जहांगीर (1968), नई लैला नया मजनू (1969), अंदालिब (1969), लव इन जंगल (1970), अफसाना (1970), मोहब्बत (1972) समेत 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इस दौरान उन्हें प्रोड्यूसर ख्वाजा महजर की फिल्म कासू में देखा गया, जहां दोनों में प्यार हो गया। ख्वाजा और नरगिस ने निकाह कर लिया।

***पति ने ही कर दिया मर्डर*** : बात काफी आगे बढ़ गई और तवायफों से शादी के नए नियम बन गए। वहीं, कोठे बंद होने की कगार पर थे निग्गों अपनी मां का ख्याल रखने उनके पास चली गईं। जब वह बार-बार पति के बुलाने पर भी नहीं लौटी तो 5 जनवरी 1972 को हीरामंडी जाकर ख्वाजा ने एक बार फिर निग्गो से घर चलने की विनती की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद ख्वाजा ने जेब से बंदूक निकाली और निग्गों को छलनी कर दिया।

## पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी फिल्म

# अर्थ ने दिखाया था समाज को आईना, 43 साल बाद भी बनी हुई है मस्ट वॉच


***मुंबई।** शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, और कुलभूषण खरबंदा अभिनीत 'अर्थ'फिल्ममेकर महेश भट्ट की सेमी-आटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। यह अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित थी। पुरुषवादी सिनेमा के दौर में महिलाओं के नजरिए से बनी थी 'अर्थ'। 43 साल पहले तीन दिसंबर, 1982 को प्रदर्शित हुई फिल्म 'अर्थ' में एक दृश्य है जब फिल्म स्टार कविता (स्मिता पाटिल), पूजा (शबाना आजमी) से कहती है कि मैं इंदर (कुलभूषण खरबंदा) को चाहती थी तुम्हारे पति को नहीं। मैं अपना घर बसाना चाहती थी, तुम्हारा घर उजाड़ना नहीं चाहती थी। जिस पर पूजा जवाब देती है कि मेरा घर था ही नहीं इसलिए तुमने कुछ नहीं उजाड़ा।*

## अर्थ की कहानी

फिल्म ने उस कड़वी सच्चाई को दिखाया था कि विवाहेतर संबंध शुरुआत में लुभावने लग सकते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह रिश्ता आगे बढ़ता है, असुरक्षा की भावना, सामाजिक मान्यता पाने की चाहत, बिगड़ती मानसिक हालत कहीं न कहीं तनाव बढ़ाते हैं। फिर यह रिश्ता सिर्फ दर्द ही देता है। वास्तव में यह फिल्म पूजा की अपनी पहचान तलाशने की यात्रा पर है, जब उसका पति उसे दूसरी महिला के लिए छोड़ देता है। यह फिल्म उस वक्त आई थी, जब डिस्को डांसर और मर्द जैसी फिल्मों की कहानी पुरुषों के नजरिए से दिखाई जा रही थी, लेकिन अर्थ की कहानी महिलाओं के नजरिए से कही गई थी। यह भले ही मार्केट के ढांचे में फिट न बैठती हो, लेकिन दर्शकों को पसंद आई थी। यह कोई राज नहीं है कि लेखक-निर्देशक महेश भट्ट ने अपनी जिंदगी की कुछ वास्तविकताओं को काल्पनिकता के साथ जोड़कर अर्थ बनाई थी। इसमें त्यागी गई पत्नी पूजा, मनचाही औरत कविता और टूटे हुए आदमी इंदर जैसे पात्रों के जरिए इंसानों की कमियों, पुरुषों के दोहरे मापदंड और रिश्तों की अस्थिरता की पड़ताल बारीकी से की गई थी। यह फिल्म महेश और उस समय शीर्ष पर रहीं अभिनेत्री परवीन बाबी के साथ उनके विवाहेतर संबंधों पर आधारित आत्मकथात्मक फिल्म थी। इन संबंधों के चलते महेश द्वारा पहली पत्नी किरण भट्ट उर्फ लोरेन ब्राइट को छोड़ने की आत्मग्लानि इस कहानी का आधार थी।

## महेश भट्ट की क्रांतिकारी फिल्म

हिंदी फिल्मों में महिलाओं के चित्रण के संदर्भ में इसे क्रांतिकारी फिल्म माना जाता है। अर्थ को बनाने के पीछे की कहानी दिलचस्प है। अर्थ से पहले महेश भट्ट ने चार फिल्में मंजिलें और भी हैं(1974), विश्वासघात (1977), नया दौर (1978) और लहू के दो रंग (1979) बनाईं, लेकिन वह बाक्स आफिस पर अपना प्रभाव छोड़ पाने में नाकाम रहीं। तब उन्हें अपनी उथल-पुथल भरी निजी जिंदगी को परदे पर उतारने का विचार आया। यहीं से अर्थ को बनाने की शुरुआत हुई। फिल्म में कई दृश्य महेश की जिंदगी से जुड़े भी रहे। उदाहरण के तौर पर जब पूजा को पता चलता है कि इंदर उसे कविता के लिए छोड़ना चाहता है, तो वह उससे आग्रह करती है कि वह उसे न छोड़े। साथ ही, वह सीन जब सोए हुए इंदर को कविता जगाने की कोशिश करती है तो वह पूजा का नाम लेता है। किस्सा यह भी है कि जब यह फिल्म बन रही थी तब स्मिता पाटिल और राज बब्बर असल जिंदगी में रिश्ते में थे। राज बब्बर शादीशुदा थे।



## मैसेज देती है अर्थ

फिल्म के अंत में कविता की असुरक्षा और मानसिक रूप से अस्थिर प्रकृति अंततः इंदर को उससे दूर कर देती है। इंदर पश्चाताप के साथ पूजा के पास वापस आता है, लेकिन पूजा उसे अस्वीकार कर देती है, क्योंकि तब तक वह मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुकी होती है और उसे एहसास होता है कि अपनी खुशी के लिए उसे किसी पुरुष की जरूरत नहीं है। रिश्तों के जटिल पहलुओं को गहराई से छूने वाली इस फिल्म में परत दर परत महिलाओं के जज्बातों को बहुत बारीकी से दर्शाया गया। रिश्तों के भंवर में जिंदगी का अर्थ खोजती यह फिल्म आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उस वक्त थी!




# कोहली ने खेली विराट पारी, जड़ा 52वां वनडे शतक, बने नंबर 1 बल्लेबाज

## विराट बने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर

एजेंसी ⏭ रांची

विराट कोहली का नाम पहले से ही वनडे क्रिकेट के दिग्गज प्लेयर्स में शुमार है और उनका ये वनडे में 52वां शतक है। उनसे ज्यादा शतक इस फॉर्मेट में किसी और बल्लेबाज ने नहीं लगाए हैं। 49 शतकों के साथ दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं। रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में विराट कोहली ने 120 गेंदों में कुल 135 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। शतक जड़ने के साथ वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने अफ्रीकी टीम के खिलाफ अभी तक 6 वनडे शतक लगाए हैं। कोहली ने सचिन तेंदुलकर और डेविड वॉर्नर का कीर्तिमान तोड़ दिया है। सचिन और वॉर्नर ने अफ्रीकी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में कुल 5-5 शतक ठोके थे। अब कोहली इन प्लेयर्स को पीछे छोड़कर पहले नंबर की कुर्सी पर विराजमान हो गए हैं।

### भारतीय टीम के लिए साल 2008 में किया था डेब्यू

विराट कोहली ने भारतीय टीम के लिए वनडे क्रिकेट में साल 2008 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही वह टीम की अहम कड़ी बन गए। उन्होंने अभी तक टीम इंडिया के लिए 306 वनडे मैचों में कुल 14388 रन बनाए हैं, जिसमें 52 शतक और 75 अर्धशतक लगाए हैं।



### रोहित बने वनडे के नए सिक्सर किंग

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। रोहित शर्मा वनडे के नए सिक्सर किंग बन गए हैं। रोहित पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की बादशाहत खत्म करते हुए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रांची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में रोहित ने शाहिद अफरीदी का सबसे ज्यादा वनडे सिक्स जड़ने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। रोहित शर्मा के नाम अब **ODI** क्रिकेट में 352 छक्के हो गए हैं। उन्होंने 277 वनडे मैचों की 269 पारियों में यह मुकाम हासिल किया।

### विराट का 9 महीने बाद शतक, ठोका कॅरियर का 83वां सैकड़ा

विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची में पहले वनडे में शतक लगाया। यह उनके इंटरनेशनल करियर का 83वां सैकड़ा है। जबकि 9 महीने बाद उन्होंने वनडे क्रिकेट में शतक लगाया।

### वनडे में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज

- 352* - रोहित शर्मा, भारत
- 351- शाहिद अफरीदी, पाकिस्तान
- 331 - क्रिस गेल, वेस्टइंडीज
- 270 - सनथ जयसूर्या, श्रीलंका
- 229 - एमएस धोनी, भारत

### रोहित-कोहली ने तेंदुलकर और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

- सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ - 391
- रोहित शर्मा और विराट कोहली - 391
- राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली - 369
- सचिन तेंदुलकर और अनिल कुंबले - 367
- सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली - 341

### वनडे में भारत 19वीं बार हार टॉस

*दरअसल, साउथ अफ्रीका ने जैसे ही टॉस जीता, वैसे भारतीय टीम के नाम टॉस में लगातार 19वीं हार दर्ज हो गई। भारतीय टीम 2023 वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद से अब तक ओडीआई में टॉस नहीं जीत सकी है। यह किसी भी टीम का ओडीआई में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड है। इस खराब लिस्ट में दूसरे पायदान पर नीदरलैंड है। नीदरलैंड ने लगातार 11 टॉस ओडीआई में हारे थे।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का डिकॉक बो बर्गर | 18 | 16 | 2 | 1 |
| रोहित शर्मा पगबाधा यानसन | 57 | 51 | 5 | 3 |
| कोहली का रिकेल्टन बो बर्गर | 135 | 120 | 11 | 7 |
| गायकवाड का ब्रेविस बो बार्टमैन | 08 | 14 | 0 | 0 |
| सुंदर का बॉश बो बार्टमैन | 13 | 19 | 0 | 1 |
| राहुल का डिकॉक बो यानसन | 60 | 56 | 2 | 3 |
| जडेजा का मारक्रम बो बॉश | 32 | 20 | 2 | 1 |
| हर्षित राणा नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह बो बॉश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 23
कुल योग : 50 ओवर में 8 विकेट पर 349 रन
गेंदबाजी : यानसन 10-0-76-2, बर्गर 10-0-65-2, बॉश 10-0-56-2, बार्टमैन 10-0-60-2, सुब्रयन 10-0-73-0

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 350 रन का लक्ष्य

रांची। भारत ने रविवार को श्रृंखला के शुरुआती एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8 विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोहली ने 120 गेंद की तेज पारी के दौरान 11 चौके और सात छक्के जमाए, जो भारतीय पारी की रीढ़ बनी। क्रिकेट के एकमात्र इस प्रारुप में खेलने वाले इस स्टार ने अपनी अहमियत और दबदबे को फिर साबित किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा (51 गेंद में 57 रन) के साथ 136 रन की साझेदारी करके जेएससीए स्टेडियम की सपाट पिच पर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी।

### सुरक्षा घेरे को तोड़कर मैदान में घुसा विराट का फैन

विराट के शतक पूरा करने के तुरंत बाद एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए अंदर आ गया, वह घुटने के बल उनके सामने बैठ गया और उनके पैर छुए,



जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर किया। कप्तान केएल राहुल (60 रन) स्पिनर सुब्रयन पर शॉट लगाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो कोहली ने इस गेंदबाज पर दो छक्के और एक चौके की मदद से 21 रन बनाए। 2027 विश्व कप में अभी कुछ समय है लेकिन कोहली ने सबको याद दिला दिया कि उनकी लय बरकरार है और उनकी रनों की भूख हमेशा की तरह बरकरार है।


## खबर संक्षेप



### स्क्वाश इंडियन टूर: सेंथिलकुमार अनाहत होंगे खिताब के दावेदार

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह सोमवार से शुरू हो रहे एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 4 में खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। पंद्रह हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अनुभवी जोशना चिनप्पा (पूर्व महिला विश्व नंबर 10 हैं) और पुरुष विश्व नंबर 51 वीर चोटरानी सहित कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना, और एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले अभय सिंह 9 से 14 दिसंबर के बीच इस महानगर में होने वाले आगामी एसडीटी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। अभय इस सप्ताह हांगकांग में पीएसए प्लैटिनम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

### राष्ट्रमंडल खेलों लग सकते हैं 3 हजार करोड़ से अधिक




**नई दिल्ली।** 2030 राष्ट्रमंडल खेल के लिए जल्द ही गठित होने वाली अहमदाबाद की आयोजक समिति इस टूर्नामेंट को 3,000 से 5,000 करोड़ रुपए की परिचालन लागत में आयोजित करने का लक्ष्य रखेगी। खेलों की योजना बनाने में नजदीकी तौर पर शामिल एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार खेल और सार्वजनिक उपयोगिता सुविधाओं सहित चल रहे बुनियादी ढांचा उन्नयन के लिए अनुमान अभी तय किए जा रहे हैं ताकि इस टूर्नामेंट की कुल लागत को अंतिम रूप दिया जा सके। सूत्र ने बताया कि गुजरात ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों से जरूरी सबक लिया है क्योंकि वे कई विवादों में घिर गए थे, जिनमें बुनियादी ढांचे में देरी, भ्रष्टाचार के आरोप और शुरुआती अनुमान से कहीं अधिक बढ़ी हुई लागत शामिल थीं। उन्होंने कहा, 'अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3,000 से 5,000 करोड़ रुपए के बीच होगी। इसमें पूंजीगत व्यय शामिल नहीं है जो अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगाया जाएगा, जिनमें से कुछ शहरी विकास विभाग की ओर से संभाले जा रहे हैं।

# अभिषेक ने 284 के स्ट्राइक रेट से महज 32 गेंदों में ठोकी सेंचुरी, लगाए 16 छक्के और 8 चौके

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 284 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट 148 रनों की पारी खेली। अभिषेक ने पंजाब बनाम बंगाल मैच में 16 चौके और 8 छक्कों की मदद से केवल 52 गेंदों पर 148 रन ठोक दिए। उनकी यह पारी टी20 सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका को डराने के लिए काफी है। अभिषेक ने सिर्फ 12 गेंद पर अर्धशतक और 32 गेंदों पर शतक पूरा किया। प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने मोहम्मद शमी और आकाशदीप जैसे गेंदबाजों से लैस गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। इन दोनों के साथ-साथ सक्षम चौधरी और ऋतिक चटर्जी के खिलाफ 15 रन प्रति ओवर से ज्यादा रन बनाए।




अभिषेक ने अपना अर्धशतक पूरी करने के लिए पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने के मामले में अपने गुरु युवराज सिंह की बराबरी कर ली।

### केरल ने छत्तीसगढ़ को हराया, सैमसन ने खेली आक्रामक पारी

**लखनऊ।** संजू सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर वापसी करते हुए 15 गेंद में 43 रन की आक्रामक पारी खेलकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ केरल को आठ विकेट से जीत दिलाई। सैमसन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े, जिससे केरल ने महज 10.4 ओवर में ही जीत के लिए मिले 121 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में महज 120 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज केएम आसिफ ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह को खाता खोले बिना चलता कर छत्तीसगढ़ को बड़ा झटका दिया।

### चंडीगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया, वोहरा ने लगाया अर्धशतक

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा की 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की बदौलत चंडीगढ़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने अर्शिन कुलकर्णी की 41 गेंद में 47 रन की पारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन का स्कोर खड़ा किया। विक्की ओस्तवाल ने 28 जबकि निखिल नाईक ने 24 रन का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा ने 18 रन पर दो विकेट चटकाए। जगजीत सिंह, निखिल शर्मा, राहुल सिंह और भागमेंदर लाठेर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने 6.2 ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन वोहरा ने पारी को संभाला, जिससे टीम ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज की। वोहरा ने 48 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के मारे।

# रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास अब केकेआर में निभाएंगे बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

आक्रामक हरफनमौला आंद्रे रसेल ने 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के साथ बताया कि वह तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स(केकेआर) के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सैंतीस साल के रसेल आईपीएल 2014 से केकेआर टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। वह 2026 सत्र से पहले 'पावर कोच' के रूप में टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए अबू धाबी में नीलामी होगी। रसेल ने 'एक्स' पर लिखा, 'आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं... लेकिन मेरा आक्रामक अंदाज वैसा ही रहेगा। आईपीएल में पिछले 12 साल का सफर शानदार रहा। केकेआर परिवार को ढेर सारा प्यार।'' उन्होंने कहा, 'सबसे अच्छी बात यह है कि मैं दुनिया भर की अन्य लीग में छक्के जड़ता और विकेट लेता रहूंगा। मैं अपना घर (केकेआर) नहीं छोड़ रहा हूं और आप मुझे एक नई भूमिका में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के रूप में देखेंगे। नया अध्याय। वही ऊर्जा। हमेशा के लिए 'नाइट'।




### मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं

रसेल ने कहा, ' मैंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की विभिन्न लीगों और केकेआर की अन्य सभी फ्रेंचाइजी के लिए सक्रिय रूप से खेलता रहूंगा। मैंने (आईपीएल में) कुछ शानदार पल और बेहतरीन यादें साझा कीं, छक्के जड़े, मैच जीते, एमवीपी हासिल किए।' उन्होंने कहा, ' जब मैंने यह फैसला लिया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं कि प्रशंसक संन्यास क्यों नहीं ले रहे कि जगह संन्यास अभी क्यों ले रहे जैसे सवाल पूछे। ' उन्होंने कहा, 'जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग टीमों की जर्सी में फोटोशॉप की हुई तस्वीरों में देखते रहते हैं। मुझे खुद को बैंगनी और सुनहरे रंग (केकेआर की जर्सी) के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगता था और ये विचार मेरे दिमाग में घूमते रहते थे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।'

# निरुपमा को हराकर सान्या ने जीता स्क्वाश टूर्नामेंट



एजेंसी ⏭ मुंबई

दो बार की पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन 15वीं वरीय सान्या वत्स ने चौथी वरीय हमवतन भारतीय निरुपमा दुबे को सीधे गेम में हराकर 11वें सुनील वर्मा स्मृति स्क्वाश टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सान्या ने निरुपमा को 11-6, 11-9, 11-4 से हराया। दिल्ली की सान्या पहली बार चैलेंजर टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी और अपना पहला पीएसए खिताब जीतने में सफल रहीं। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के दूसरे वरीय मासियो लेवी ने मिस्र के शीर्ष वरीय यासिन एल्शाफेई को सीधे गेम में 11-8, 11-8, 11-4 से हराकर खिताब जीता।

### खेलो इंडिया मंच वैश्विक सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण : अदिति स्वामी

**जयपुर।** विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी का मानना है कि खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों (केआईयूजी) जैसे टूर्नामेंट किसी खिलाड़ी के पेशेवर विकास और वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अदिति विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय और दुनिया की सबसे कम उम्र की कंपाउंड तीरंदाज हैं। उन्होंने एक तीरंदाज के रूप में अपने प्रदर्शन का श्रेय खेलो इंडिया पहल को दिया और कहा कि यही वह मंच था, जिसने उन्हें पहचान दिलाई और उन्हें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं को समझने और उनमें ढलने का मौका दिया। 19 साल की तीरंदाज ने कहा, 'टॉप्स के लिए चुने जाने से पहले चीजें काफी मुश्किल थी। खान-पान, जिम और प्रशिक्षण का खर्च काफी अधिक था। मेरे पिता ने मेरे खेल के सफर में साथ देने के लिए बहुत त्याग किए।

# जूनियर हॉकी विश्व कप: स्पेन ने बेल्जियम को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ⏭ मदुरै

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज स्पेन ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी मैच में बेल्जियम को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए। स्पेन ने जुआन प्राडो (20वें मिनट) के मैदानी गोल और ब्रूनो अविला (32वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर से किए गए गोल की बदौलत जीत दर्ज की। स्पेन ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले मैच में मिस्र को 8-0 से शिकस्त दी



थी। इस जीत से स्पेन छह अंक के साथ पूल डी में शीर्ष पर है। दुनिया की सातवें नंबर की टीम बेल्जियम दो मैच में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

### स्पेन की नामीबिया से भिड़ंत

*स्पेन अब मंगलवार को नामीबिया से भिड़ेगा जबकि बेल्जियम का मुकाबला इसी दिन मिस्र से होगा। पूल डी के एक अन्य मैच में नामीबिया ने मिस्र को 4-2 से हराया। नामीबिया के लिए लियाम ब्रूस (23वें मिनट), जेम्स डि जैगर (26वें मिनट) और जोश वान डर मर्वे (32वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल किए जबकि जॉन पॉल ब्रिट्ज ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। मिस्र के लिए अब्देलरहमान कासेम (28वें मिनट) और मोहब हेगाब (53वें मिनट) ने गोल किए।*

### सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट

# त्रीसा-गायत्री ने 1 घंटे 16 मिनट में जापानी जोड़ी को हराया, खिताब रखा बरकरार




एजेंसी ⏭ लखनऊ

गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे को तीन गेम में हराकर महिला युगल का खिताब बरकरार रखा। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद आक्रामक खेल दिखाया और दुनिया की 35वें नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 16 मिनट तक चले रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-15 से शिकस्त दी। कंधे की चोट के बाद गायत्री के पांच महीने के ब्रेक से लौटने के बाद भारतीय जोड़ी सिर्फ अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही थी। फाइनल की शुरुआत 49 शॉट की शानदार रैली से हुई। दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, जिसके बाद ओसावा और तानाबे 6-3 से आगे हो गईं।

### त्रीसा ने लगाए तेज स्मैश, भारतीय जोड़ी ने की बराबरी

*त्रीसा ने कुछ तेज स्मैश लगाए, जिससे भारतीय जोड़ी बराबरी पर आ गई। फिर ओसावा की फोरहैंड गलती ने उन्हें 8-6 से आगे कर दिया। हालांकि जापानी जोड़ी ने फिर वापसी की और ब्रेक तक थोड़ी बढ़त बना ली। तानाबे के बैकहैंड क्रॉस कोर्ट रिटर्न से गायत्री हैरान हो गई, जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी की एक और गलती ने जापानी टीम को पांच गेम प्वाइंट दिला दिए। त्रीसा और गायत्री ने दो प्वाइंट बचाए लेकिन तानाबे ने स्मैश मारकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने लय हासिल कर ली और शानदार अंदाज में खेलते हुए 9-2 से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ शॉट नेट में चले गए लेकिन ब्रेक तक भारतीयों की बढ़त 11-5 हो गई थी। त्रीसा और गायत्री ने रैलियों में दबदबा बनाए रखना जारी रखा, जिससे यह जोड़ी 17-9 से आगे हो गईं।*

# बार्सिलोना ने अल्वेस को हराया, ओल्मो ने दागे दो गोल

एजेंसी ⏭ बार्सिलोना



राफिन्हा के शानदार खेल और दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा में अलावेस पर 3-1 से जीत दर्ज की। राफिन्हा ने टीम के शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई जबकि युवा लामिन यामन ने भी एक गोल करने के साथ एक गोल में मददगार की भूमिका निभाकर लय में वापसी के संकेत दिए। इस जीत से टीम को चैंपियंस लीग में पिछले सप्ताह चेल्सी से मिली 0-3 की हार से उबरने में मदद मिलेगी। पाब्लो इबानेज ने मैच के शुरुआती मिनट में ही गोलकर अल्वेज का खाता खोला लेकिन टीम की यह बढ़त महज आठ मिनट तक ही रही। 18 साल के यामल ने मैच के आठवें मिनट में बार्सिलोना को बराबरी दिला दी और फिर ओल्मो ने 26वें मिनट में गोल कर 2-1 से आगे कर दिया। ओल्मो ने मैच के स्टॉपेज समय (90+3 मिनट) ने गोल कर अल्वेस की वापसी की उम्मीद खत्म कर दी। लीग के अन्य मैचों में निको विलियम्स के गोल ने एथलेटिक बिलबाओ को लेवांटे पर 2-0 से जीत दिलाई जबकि ओसासुना ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मेलोर्का को 2-2 से बराबर पर रोक दिया।

# इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को दी शिकस्त, मेस्सी का ट्रॉफी खेलना पक्का

एजेंसी ⏭ फोर्ट लाउडरडेल



इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का खिताब जीतने के साथ ही एमएलएस कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जिससे दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का एक और ट्रॉफी के लिए खेलना लगभग पक्का हो गया। इंटर मियामी की इस जीत में हालांकि मेस्सी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के उनके साथी खिलाड़ी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा, जिन्होंने गोल की हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए जोर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल किए। आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता मेस्सी के लिए यह मुकाबला कोई खास नहीं रहा लेकिन उन्होंने टीम की शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई। यह क्लब और राष्ट्रीय टीम को मिलाकर मेस्सी के लिए 405 वां मदद थी, जो गोल में बदली। फुटबॉल के इतिहास में इसे सबसे अधिक सफल मदद मानी जाती है। इंटर मियामी की टीम एमएलएस कप फाइनल में सैन डिएगो या वैंकूवर के बीच होने वाले वेस्टर्न कांफ्रेंस के विजेता टीम की मेजबानी करेगी।

## चुनाव आयोग ने तिथि बढ़ाई, प्रारूप प्रकाशन 16 को

# मतदाताओं को मिली राहत, एसआईआर अब 11 तक

**जबलपुर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम में संशोधन करते हुए गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने गणना प्रपत्र शीघ्र भरकर संबंधित बीएलओ को सौंप दें, ताकि डिजिटाइजेशन का कार्य समय पर पूर्ण हो सके और आगामी 16 दिसम्बर को होने वाले मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में उनका नाम शामिल रहे।




### पुराने रिकॉर्ड न मिलने पर भी न घबराएं

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता का नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में मौजूद है, लेकिन वर्ष 2003 की सूची में उनके अथवा उनके माता-पिता/पूर्वजों के नाम नहीं मिल रहे हैं, तब भी चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसे सभी मतदाता गणना प्रपत्र का ऊपर वाला भाग भरकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ को वापस कर सकते हैं। जिला प्रशासन ऐसे सभी प्रपत्रों को स्वीकार कर रहा है।

### डिजिटाइजेशन 76.69 प्रतिशत पूरा

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन तेज गति से जारी है। रविवार सुबह 8 बजे तक प्राप्त गणना प्रपत्रों में से 76.69 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। अधिकारी इसे समय से पहले समाप्त करने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### सुबह 7 से रात 9 बजे तक डोर-टू-डोर अभियान जारी

मतदाता सूची पुनरीक्षण के इस महाअभियान में बीएलओ लगातार घर-घर पहुंचकर प्रपत्र एकत्रित कर रहे हैं। सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस अभियान में कई बार उन्हें रात 2–3 बजे तक दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन में काम करना पड़ रहा है। यह काम पूरी तरह युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

### लोकेशन ढूंढने में दिक्कत

बीएलओ को सबसे बड़ी समस्या उन बुजुर्ग या बाहर गए मतदाताओं की लोकेशन तलाशने में हो रही है, जिनके घर बंद मिल रहे हैं। इसके साथ ही रात की ठंड और अंधेरे में घर पहचानने में दिक्कतें. सुबह लोग देर तक सोते हैं, इसलिए संपर्क नहीं हो पाता. दिन में लोग काम पर चले जाते हैं, ऐसे में रात में ही फार्म देना पड़ता है. कई परिवार शादी या अन्य कार्यों से बाहर गए हैं, जिससे बार-बार घरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. कई घरों में दस्तावेज ढूंढने में ही काफी समय लग रहा है।

### सम्मान भी, झुंझलाहट भी

डोर-टू-डोर अभियान के दौरान बीएलओ को कुछ घरों में सम्मान और सहयोग मिल रहा है, तो कुछ घरों में उन्हें डांट-फटकार और झुंझलाहट का भी सामना करना पड़ रहा है। कई लोग देर रात पहुंचने पर सुबह आने की नसीहत भी देते हैं।

### प्रशासन ने मांगा सहयोग

कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे बीएलओ को सहयोग दें और गणना पत्रक समय पर जमा करें, ताकि जिले की मतदाता सूची अपडेट और त्रुटिरहित रूप में समय पर तैयार की जा सके।






## बस तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर हुई दुर्घटनाग्रस्त

# खमरिया में बस पलटी 15 यात्री घायल

**जबलपुर।** खमरिया थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर लकी ट्रेवल्स की एक बस तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई.इसमें कई यात्री घायल हो गये, घटना की सूचना मिलने पर खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के इलाज के लिये रांझी सिविल अस्पताल पहुंचाया. खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में करीब 15 से अधिक यात्री घायल हुये, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस के मुताबिक लकी ट्रैवल्स की एक यात्री बस जबलपुर से डिंडोरी जा रही थी. खमरिया थाने से कुछ दूरी पर ही यह बस सामने आ रहे एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में पलट गई. घटना के बाद क्षेत्र में चीख पुकार मच गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सबसे पहले घायलों को इलाज के लिये रांझी अस्पताल पहुंचाया. वहां से तीन घायलों को मेडिकल रेफर कर दिया गया. पुलिस ने रोड में पलटी बस को क्रेन की मदद से सीधा कराया तब जाकर अवरुध्द मार्ग शुरु हो सका. पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

## 242 वारंटी 32 अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

# कांबिंग गश्तः देर रात तक पुलिस ने की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर में अपराधियों पर नियंत्रण करने और अपराधों पर लगाम लगाने के लिये शनिवार की देर रात 2 बजे तक जिले की पुलिस सड़कों पर रही. पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर काम्बिंग गश्त कराई गई. इस दौरान 242 वारंटी पकड़े गये और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 32 आरोपियों पर कार्यवाही की गई. पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे इसके साथ ही क्राईम ब्रांच की टीमें भी लगाई गयी । टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षों से फरार 110 गैर म्यादी वारिटयों एवं 76 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 56 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसी प्रकार अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर 173 लीटर कच्ची तथा 336 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गयी है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।



## स्मार्ट मीटर लगाने गये स्टाफ से मारपीट

**जबलपुर।** केंट थानांतर्गत लियो कंपाउंड में कल दोपहर नया स्मार्ट मीटर लगाने गये एमपीईबी के एक अधिकारी और उनके स्टाफ के साथ तीन लोगों ने विवाद कर नया मीटर लगाने से रोकते हुए जबरन धक्का मुक्की की। अधिकारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। केंट पुलिस ने बताा कि रामपुर गोरखपुर निवासी धीरेन्द्र कुशवाहा एमपीईबी ने जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। कल दोपहर 12 बजे धीरेन्द्र स्टाफ के साथ लियो कंपाउंड में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचा था। तभी मोहल्ले के ग्लोरिया एलासिस, गोलू रजक, जब्बार अंसारी आये और स्टाफ को नया मीटर लगाने से रोकते हुए विवाद कर धक्का मुक्की करने लगे। तीनों आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया।

## 62 लोग उल्टी दस्त से पीड़ित, 4 मेडिकल रिफर

# फंगस युक्त दूषित पानी की सप्लाई

**जबलपुर।** जबलपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम निगरी के बाजार मोहल्ला में शुक्रवार की देर रात यहां रहने वाले लोगों को अचानक उलटी दस्त होने से हड़कंप मच गया. बीमारी की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रात में वहीं पर कैम्प किया. प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है की यहां पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन के वाल्व में लीकेज होने के कारण वाल्व वाले गड्ढे में काफी पानी काफी दिनों से एकत्रित हो गया था। इसके कारण ही संक्रमण हुआ और पानी में फंगस भी पाई गई। डॉ.मिश्रा ने बताया स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वाल्व से पानी की सप्लाई बंद करवा दी गई है तथा सरपंच एवं ग्राम सचिव को शीघ्र सुधार के लिए कहा गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा जाँच हेतु पानी का सैंपल लिया गया है।



जिला प्रशासन के हरकत में आने में आने के बाद वाल्व से पानी की सप्लाई को रोका गया और सुधार कार्य शुरु किया गया. उलटी दस्त से पीड़ित मरीजों की हालत अब सामान्य बताई गई है अहतियात के तौर पर मेडिकल रेफर किये गये चार मरीजों की हालत में भी अब सुधार है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय मिश्रा के अनुसार बरगी के समीप स्थित ग्राम निगरी के बाजार मोहल्ला में शुक्रवार की रात लोगों को उल्टी या दस्त की शिकायत होने की सूचना प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही मुख्य विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि भटनागर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहाँ घर-घर सर्वे कर पीड़ति लोगों का उपचार किया। करीब 62 लोग उल्टी-दस्त से पीड़ति पाये गये थे।

### रात भर रही टीम

स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे दिन टीम वहीं रही और रात में भी वहीं रुकी हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उल्टी दस्त से पीड़ति लोगों में से चार निम्मी बाई पटेल उम्र 52 वर्ष, शिवकुमार पटेल उम्र 40 वर्ष, आलोक पटेल उम्र 14 वर्ष एवं ज्योति श्रीपाल उम्र 32 वर्ष को सतर्कता के बतौर मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया, जहाँ इन सभी की हालत अब सामान्य है।

## छठवीं बटालियन में यात्रा भत्ता घोटाले को लेकर उठ रहे सवाल

# आरक्षक अभिषेक की मौत की गुत्थी नहीं सुलझी

**जबलपुर।** एसएएफ की छठवीं बटालियन रांझी में 2 करोड़ रुपये से अधिक का टीए घोटाला मामला सामने आने के बाद जांच तेजी से चल रही है. एक एसएएफ बटालियन की टीम जांच कर रही है तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम द्वारा जांच की जा रही है. लेकिन इन सबके बीच बटालियन के आरक्षक अभिषेक झारिया की मौत रहस्यमयी बनी हुई है. अभिषेक की मौत की गुत्थी नहीं सुलझ पा रही है, उसकी अभी तक ट्रेन से कटी मुंडी मिली है और न उसका मोबाईल मिला है. इस फर्जीवाड़े को लेकर बड़े अधिकारियों के भी हाथ पैर फूल रहे हैं. पहले जहा इस मामले में 12 कर्मचारियों के खाते फीज किए गए थे वहीं अब इस मामले में 20 आरक्षकों के खाते फीज कर दिए गए है साथ ही दो जांच कमेटियां बनाई गई है । शुरूआत में इस फर्जीवाडे.में 10 से 12 लोगो के नाम थे । विभागीय सूत्रों के मुताबिक मामले में जिस तरह आरक्षकों को ही मोहरा बनाया जा रहा है उससे यह लगभग तय माना जा रहा है कि मामले में मुख्य आरोपी और बड़े मगरमच्छों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

इसमें सर्वाधिक चौकाने वाली बात यह है कि जिस आरक्षक अभिषेक झारिया की हालहीं में रहस्यमय परिस्थितियो में मौत हुई उसके अकाउंट में कहा जा रहा है कि टीए के 55 लाख का भुगतान हुआ ।

### कलेक्टर ने भी गठित की टीम

मामले का खुलासा तब हुआ, जब इनके अकाउंट पर स्टेट फाइनेंस इटेलिजेंस सेल की नजर पड़ी घोटाले में कुछ सैनिक ऐसे भी शामिल है, जिनका दूसरे जिलों में ट्रांसफर हो चुका है । उन्हें भी नोटीस देकर बुलाया जा रहा है मामले में एक पत्र कोष लेखा विभाग से जबलपुर कलेक्टर से पास भी पहुंचा है, जिसके बाद कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने भी जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम गठित की है ।

### बाबू पर गंभीर आरोप

कलेक्टर के निर्देश पर एसएएफ कमांडेट सिद्धार्थ चौधरी ने 3 सदस्यीय जांच समिति बनाई है । इस टीम ने 20 से ज्यादा आरोपियों के बयान लिए है । जांच में यह भी सामने आया है कि एसएसफ का बाबू सत्यम शर्मा 50 प्रतिशत से अधिक का लालच देकर आरक्षकों के खाते में रुपए ट्रांसफर करवाता था । जांच के घेरे से बचने के लिए सत्यम खाते में राशि न लेकर कैश लेता था ।

## एमपी ट्रांसको की राज्य स्तरीय कार्यशाला : टेस्टिंग इंजीनियरों को दिया गया उन्नत प्रशिक्षण





**जबलपुर।** प्रदेश में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और ट्रांसमिशन नेटवर्क की विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) द्वारा रिले टेस्टिंग सिम्युलेटर पैनल पर आधारित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रदेशभर के एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों से आए टेस्टिंग इंजीनियरों ने सहभागिता की। एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि परीक्षण संभाग, टीकमगढ़ में इनहाउस विकसित अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर मे टेस्टिंग इंजीनियरों को एडवांस तकनीकी प्रोटेक्शन सिस्टम का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से जहां इंजीनियरों की दक्षता में वृद्धि होगी, वहीं उपभोक्ताओं को अधिक सुरक्षित, स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस केंद्र में अब तक तीन बैचों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का संचालन कार्यपालन अभियंता आर.पी. कान्यकुब्ज के निर्देशन में सहायक यंत्री जी.पी. राय द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर डिफरेंशियल प्रोटेक्शन रिले और लाइन डिस्टेंस प्रोटेक्शन रिले की वायरिंग, कॉनफ़िगरेशन, सेटिंग तथा टेस्टिंग के विभिन्न जटिल पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### उपभोक्ताओं पर सकारात्मक प्रभाव

इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता में सुधार से ट्रांसमिशन नेटवर्क में किसी बड़ी गड़बड़ी की स्थिति में नेटवर्क की सुरक्षा और स्थिरता बनाये रखने मे सहायता मिलती है। आधुनिक प्रोटेक्शन रिले की सटीक सेटिंग से ओवरलोडिंग, ब्रेकडाउन और ग्रिड फेल्यूर जैसी स्थितियों को नियंत्रित किया जा सकता है।


### ट्रांसमिशन सिस्टम होगा अधिक मजबूत

उन्नत टेस्टिंग तकनीक का उपयोग ट्रांसमिशन उपकरणों की आयु बढ़ाने, रखरखाव लागत घटाने और पूरे नेटवर्क को अधिक कुशल बनाने में सहायक होगा। एमपी ट्रांसको की यह पहल न केवल तकनीकी उन्नयन की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पूर्व आदेश के बावजूद जवाब पेश न करने का प्रकरण

# हाई कोर्ट ने कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**जबलपुर ।** हाई कोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने पूर्व आदेश के बावजूद जवाब पेश न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। यह राशि कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से जमा करनी होगी। यह शर्त पूरी करने पर ही संबंधित विषय पर प्रस्तुत जवाब स्वीकार किया जाएगा। इस मामले में कलेक्टर व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुए और क्षमा मांगी। लेकिन कोर्ट ने एक नहीं सुनी और जुर्माना अधिरोपित कर दिया। दरअसल, सीधी निवासी सीता सिंह की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि भूमि अधिग्रहण करते हुए पहले एक करोड 10 लाख 52 हजार रूपये का मुआवजा निर्धारित किया गया था। इसके बाद दूसरा आदेश जारी करते हुए अवार्ड की राशि घटाकर पांच लाख 40 हजार रूपये कर दी गई है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सीधी कलेक्टर से मुआवजा के संबंध में दूसरा आदेश जारी करने के संबंध में शपथ पत्र पर जवाब मांगा था। सीधी कलेक्टर की तरफ से पेश किए गए जवाब में मुआवजा के संबंध में दूसरा आदेश पेश करने के संबंध में कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए हाई कोर्ट ने सीधी कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफीनामा पेश किया। हाई कोर्ट ने माफीनामा स्वीकार करते हुए उन पर दस हजार रूपये का व्यक्तिगत जुर्माना लगाते हुए अवार्ड के संबंध में दूसरा आदेश पेश करने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।




## जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिये प्रभावी प्रयोग शुरू

# सुरक्षा की पहलः राज मार्ग पर टेबिल टॉप मार्किंग

**जबलपर।** मध्य प्रदेश में पहली बार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए बेहद अनोखा और प्रभावी प्रयोग शुरू किया गया है। जबलपुर–भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग के उस हिस्से पर, जो नौरादेही अभ्यारण्य से होकर गुजरता है, एनएचएआई ने सड़क पर बड़े-बड़े लाल रंग के पैच बनाकर 'टेबल टॉप मार्किंग' तैयार की है। इसका उद्देश्य यह है कि वाहन चालक इन लाल संकेतों को देखते ही समझ जाएँ कि वे संवेदनशील क्षेत्र में प्रवेश कर चुके हैं और तुरंत अपनी गति नियंत्रित कर लें।

जबलपुर शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित नौरादेही अभ्यारण्य घने वन और समृद्ध वन्यजीवों के कारण बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। यहीं से गुजरने वाले हाइवे के दोनों ओर पहले से ही 8 फीट ऊँची लोहे की जालियां लगाई गई हैं, ताकि जंगली जानवर सीधे सड़क पर न पहुँच सकें। इसके बावजूद सड़क का एक हिस्सा पहाड़ी और घुमावदार है, जहाँ जानवरों के अचानक निकल आने की संभावना बनी रहती है। इसी जोखिम को देखते हुए एनएचएआई ने नई तकनीक अपनाई है।

### लाल पैच देंगे खतरे का संकेत

लगभग 2 किलोमीटर तक हाईवे की सतह पर लाल रंग के चौड़े पैच बनाए जा रहे हैं। एनएचएआई के अधिकारी अमृतलाल साहू के अनुसार यह कार्य प्रगति पर है और आवश्यकता के अनुसार इसे आगे तक बढ़ाया जाएगा। सड़क पर आमतौर पर सफेद या पीली मार्किंग होती है, लेकिन पहली बार रेड कलर का प्रयोग विशेष सावधानी के संकेत के रूप में किया जा रहा है। यह चिह्न वाहन चालकों को अलर्ट करते हैं कि यह हिस्सा 'वाइल्डलाइफ क्रॉसिंग जोन' है और यहां गति घटाना अनिवार्य है।

### सभी की सुरक्षा के लिए व्यवस्था

इस क्षेत्र में हिरण, सियार, सांभर सहित कई प्रमुख वन्यजीवों की आवाजाही रहती है। अभ्यारण्य में बाघ भी मौजूद है और विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कभी उसका क्षेत्र विस्तार हुआ तो उसके सड़क के आसपास आने की संभावना भी बढ़ सकती है। ऐसे में यह लाल चेतावनी पैटर्न दुर्घटनाओं की संभावना को काफी हद तक कम करेगा।

### 25 अंडरपास भी बनाए गए

अमृतलाल साहू ने बताया कि हाईवे के इस हिस्से में 25 अंडरपास बनाए गए हैं ताकि जानवर सुरक्षित तरीके से सड़क पार कर सकें। इसके बावजूद रेड मार्किंग आवश्यक थी, क्योंकि घुमावदार सड़कों पर अचानक सामने आ जाने से वाहन और जानवर दोनों को खतरा रहता है। लाल पैच देखकर चालक स्वभाविक रूप से अपनी गति कम करेगा।

### 122 करोड़ की लागत वाली परियोजना

यह सड़क 122 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है और 2025 में पूरी हुई। लगभग 12 किलोमीटर लंबे संवेदनशील क्षेत्र को 'डेंजर जोन' घोषित कर इस अनोखी रेड मार्किंग से सुरक्षित बनाया गया है। मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर वन्यजीव कॉरिडोर तो पहले बनाए गए थे, लेकिन सड़क पर इस तरह लाल चेतावनी मार्किंग का यह पहला प्रयोग है, जिसे भविष्य में अन्य अभ्यारण्य मार्गों पर भी अपनाया जा सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240